

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 8 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-255 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

छुट्टी की सूचना

दीपावली के अवसर पर 08.11.26 को दैनिक नव संदेश कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 10 नवम्बर को प्रकाशित होगा

-संपादक

संक्षिप्त खबरें

इंडिगो फ्लाइट को हाईजैक की धमकी

बेंगलुरु। बेंगलुरु से लखनऊ जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ए-451 को



शनिवार को हाईजैक की धमकी मिली। क्रू मेंबर्स ने फ्लाइट के टॉयलेट में धमकी वाला नोट देखा। जिसके बाद पायलट विमान को वापस बेंगलुरु ले आया। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर फुल इमरजेंसी घोषित की गई। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने विमान को अपने नियंत्रण में ले लिया। विमान को अलग खड़ा किया गया। विमान में मिले धमकी भरे नोट को किसने लिखा और यह वहां कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है।

पीएम ने देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर रील शेयर करके



दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया है कि हर साल की तरह इस साल भी वे दिवाली सेना के जवानों के बीच मनाएंगे। वे कहां जाएंगे, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

30 नवम्बर से शुरू होगी विधानमंडल की कार्यवाही

पटना। राज्य में 30 नवंबर से बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होगा। यह सत्र 4 दिसंबर तक चलेगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने 18वीं बिहार विधानसभा के चतुर्थ सत्र और बिहार विधान परिषद के 214वें सत्र को आहूत किया है। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग और विधानसभा सचिवालय की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। सचिवालय की ओर से जारी औपबंधिक कार्यक्रम के अनुसार, इस बार शीतकालीन सत्र पांच दिनों का होगा।

मुंगेर और भागलपुर के बीच मरीन ड्राइव का निर्माण कार्य होगा शुरू

सीएम ने मुंगेर में 11 लाख 11 हजार 111 भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

पटना (एनएसबी) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर स्थित श्री श्री 108 बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर परिसर में दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलित कर आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यूथ क्लब कल्याणपुर द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक दीपोत्सव में एक साथ 11 लाख 11 हजार 111 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व श्री श्री 108 बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर में सीएम ने विधिवत दर्शन एवं पूजा-



■ श्री श्री 108 बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर में की पूजा-अर्चना

अर्चना की तथा मां दुर्गा से बिहार की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित करने का भव्य आयोजन मुंगेर के कल्याणपुर की धरती पर हो रहा है। भगवान श्रीराम जब अधर्म पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे, तब दीपावली मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई। यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का संदेश देता है। मैं समस्त बिहारवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मुंगेर और भागलपुर के बीच लगभग 83 किलोमीटर लंबे मरीन ड्राइव के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा विकास की नई संभावनाएं पैदा होंगी।हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 से पहले ऐसी व्यवस्था बनायेंगे कि बिहार के किसी भी व्यक्ति को मजबूरी में मजदूरी करने के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े। बेहतर नौकरी, व्यवसाय एवं रोजगार के अवसर बिहार में ही उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी एवं रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ परिवारों को उद्यमी बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

सीएम ने अंत में कहा कि मां लक्ष्मी एवं मां सरस्वती से हमारी कामना है कि बिहार निरंतर प्रगति करे और राज्य के सभी लोग सुखी एवं समृद्ध हों। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक कुमार प्रणय, ललित नारायण मंडल, मनोज यादव, विधान पार्षद एनके यादव, लाल मोहन गुप्ता, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

बिहार को केंद्र सरकार से बड़ी मिली आर्थिक राहत तय तारीख से 5 दिन पहले खाते में आए ₹10845 करोड़

पटना। बिहार को केंद्र सरकार से बड़ी आर्थिक राहत मिली है। केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में राज्य को 10,845 करोड़ रुपये मिले हैं। खास बात यह है कि यह रकम निर्धारित तारीख से पांच दिन पहले ही बिहार के खाते में पहुंच गई। त्योहारों के मौसम को देखते हुए वित्त मंत्रालय ने 10 नवंबर को जारी होने वाली किस्त पांच नवंबर को ही हस्तांतरित कर दी। केंद्र सरकार के इस फैसले से बिहार को विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और पूंजीगत खर्चों को गति देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने नवंबर महीने के लिए देश के 28 राज्यों को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में कुल 1.09 लाख करोड़ रुपये जारी किए हैं।

बिहार के 9.5 लाख सरकारी कर्मियों की 7500 रूपए तक बढ़ेगी सैलरी

वित्त विभाग ने डीए बढ़ोतरी का प्रस्ताव कैबिनेट को भेजा



पटना (एनएसबी)। बिहार सरकार 9.5 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों को छठ पर तोहफा देने की तैयारी में है। सरकार महंगाई भत्ता (डीए) 60% से बढ़ाकर 63% करने जा रही है। इससे कर्मचारियों की सैलरी में हर महीने 540 से 7500 रुपए तक की बढ़ोतरी होगी। इसका फायदा करीब 3 लाख पेंशनरों को भी मिलेगा।

वित्त विभाग ने डीए बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया है। बढ़ा हुआ डीए 1 जुलाई 2026 से लागू होगा। कर्मचारियों को जुलाई से अक्टूबर तक का चार महीने का एरियर भी मिलेगा। इसकी राशि दिसंबर में नवंबर की बढ़ी हुई सैलरी के साथ मिलने की तैयारी है। इस फैसले से राज्य सरकार के खजाने पर सालाना 1200 करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी का लाभ मूल वेतन के आधार पर मिलेगा। 18 हजार रुपए मूल वेतन वाले कर्मचारी को हर महीने 540 रुपए अधिक मिलेंगे। वहीं, 2.50 लाख रुपए मूल वेतन वाले वरिष्ठ अधिकारियों की सैलरी में 7500 रुपए की बढ़ोतरी होगी। डीए बढ़ोतरी का लाभ नियमित सरकारी कर्मचारियों और पात्र पेंशनरों को ही मिलेगा। संविदा और अस्थायी आधार पर काम करने वाले कर्मियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इसी आधार पर पेंशन भी बढ़ेगी। पेंशनरों को हर महीने 375 से 3300 रुपए तक अतिरिक्त मिल सकते हैं। इस प्रस्ताव का लाभ सातवें वेतनमान के दायरे में आने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को मिलेगा। इसमें राज्य सरकार के नियमित कर्मचारियों के साथ विश्वविद्यालय, बोर्ड, निगम, आयोग और प्राधिकार के पात्र कर्मी शामिल होंगे।

संजय झा से मिलीं काम्या मिश्रा जदयू में शामिल होने की चर्चा

पटना (एनएसबी)। बिहार कैडर की आईपीएस रहीं काम्या मिश्रा ने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से पटना आवास पर मुलाकात की है। दोनों की मुलाकात के बाद काम्या मिश्रा की राजनीतिक पारी की अटकलें तेज हो गई हैं। बता दें काम्या ओडिशा की रहने वाली हैं और भारतीय पुलिस सेवा के 2019 बैच की अधिकारी रह चुकी हैं। दरभंगा के ग्रामीण एसपी रहते अगस्त 2024 में काम्या ने इस्तीफा दिया था और लंबी छुट्टियों पर चली गई थीं। पिछले साल उनका इस्तीफा मंजूर हुआ। काम्या मिश्रा ने इंस्टा पर मुलाकात की तस्वीर शेयर कर लिखा कि संजय झा से भेंट कर उन्हें दीपावली की शुभकानाएं दीं। बिहार को राष्ट्रीय मुख्यधारा में एक सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में उनके निरंतर प्रयास प्रेरणादायी रहे हैं।

पुलिस जवान का अपहरण कर निर्मम हत्या, नदी में फेंका शव

जहानाबाद (एनएसबी)। जहानाबाद जिले में स्मैक तस्करों के हौसले इस कदर बढ़ गए कि उन्होंने कानून के रक्षक को ही अपना निशाना बना लिया. नगर थाना में तैनात टाइगर मोबाइल जवान धनेश्वर यादव की हत्या कर शव दरधा नदी में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है, वहीं पुलिसकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई है।



टाइगर मोबाइल जवान को अगवा कर हत्या : घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर शाम जवान धनेश्वर यादव नगर थाना क्षेत्र के एसएस कॉलेज इलाके में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने निकले थे. इसी दौरान वे रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गए. पुलिस की कई टीमें लगातार उनकी तलाश में जुटी थी. आखिरकार शनिवार को काको थाना क्षेत्र के नदियावां गांव के समीप दरधा नदी से उनका शव बरामद किया गया. मृतक जवान मूल रूप से आरा जिले के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही मगध रेंज के आईजी विकास वैभव, एसपी कोटा किरण कुमार, एएसपी मनोज पांडेय और एसडीपीओ अनिकेत कुमार द्विवेदी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

शिक्षा विभाग में 19 अफसरों का ट्रांसफर

पटना (एनएसबी)। बिहार के शिक्षा विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। विभाग ने 10 जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों (DEO) और 9 जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (DPO) का तबादला कर दिया। अपर मुख्य सचिव सीके अनिल के पद संभालने के बाद विभाग में यह पहला बड़ा फेरबदल है। इस बदलाव में पटना, सीवान, सीतामढ़ी, भागलपुर, पूर्वी चंपारण और नवादा समेत कई जिलों के अधिकारी बदले गए हैं। पटना मुख्यालय में तैनात सरस्वती कुमारी को पटना का नया जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है. वहीं, पटना के मौजूदा DEO योगेश कुमार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) भेज दिया गया है। पूर्वी चंपारण के DEO राजन कुमार गिरी और नवादा के DEO दीपक कुमार को भी बिहार बोर्ड से अटैच किया गया है।

दिल्ली से बिहार आ रही बस यूपी में हादसाग्रस्त, 3 की मौत



नई दिल्ली/कुशीनगर (एजेंसी)। वाली के मौके पर दिल्ली से बिहार जा रही यात्रियों से भरी एक बस सड़क हादसे का शिकार हो गई. ट्रक और बस की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में बस में सवार 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए.गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल बच्ची का इलाज कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है. ये सड़क हादसा कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के लबनिया गांव के पास हुआ. इस भयानक टक्कर में जान गंवाने वाले तीन लोगों में दो पुरुष और एक बच्ची शामिल है।

बक्सर में सड़क हादसा में दो की मौत, तीन जख्मी

बक्सर (एनएसबी)। बक्सर पटना-फोरलेन पर बड़ा सड़क हादसा हुआ. घटना जिले के कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र के नुआंव की है. इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि, पटना से बक्सर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने नुआंव गांव के पास खड़े मिक्सर मशीन वाले ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर बिखरे प्रसाद और अन्य सामग्री से अंदाजा लगाया जा रहा है कि स्कार्पियो सवार सभी पांच लोग बाबा धाम से पूजा-अर्चना करके लखनऊ अपने मूल निवास लौट रहे थे। हादसे के बाद घायल तीनों लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से दो लोगों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है।





एक नजर

काव्य गोष्टी आयोजित



महिला काव्य मंच पटियाला इकाई द्वारा काव्य गोष्टी की गई।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। ब्रह्मकुमारी आश्रम मजीठिया एंक्लेव में दिवाली के उपलक्ष्य में महिला काव्य मंच पटियाला इकाई द्वारा काव्य गोष्टी की गई। जिसमें डा नरेश नाथ श्रीमती नियति श्रीमती मोनिका ठाकुर श्रीमती जागृति गौड़ श्रीमती अनु गौड़ प्रिंसिपल सुनीता श्रीमती वरिंदरजीत कौर श्रीमती शालू जिंदल नाग सम्मेलन में अपनी कविताएं पढ़ी। भाषा में उपस्थित सभी सदस्य द्वारा प्रवचन किया गया और सब मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया मेडिटेशन भी करवाई गई। आश्रम की कार्यकारिणी कमेटी द्वारा सभी कवित्रियों को सम्मानित किया गया और दिवाली की शुभकामनाएं दी गई।

कोशी कॉलेज खगड़िया के 51वें प्राचार्य बने प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता



पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वरीय शिक्षक प्रो जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता के खगड़िया स्थित कोशी कॉलेज के 51वें प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर पीपीयू सीनेट सदस्य एवं पटना विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ के उपाध्यक्ष डा. ध्रुव कुमार ने बधाई दी है। गौरतलब है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग द्वारा उनका चयन मुंगेर विश्वविद्यालय में गत वर्ष ही हुआ था। लेकिन उन्होंने इस वर्ष गत माह 28 तारीख को योगदान किया है।

गन्ना बीज विकास योजना के लिए 16 नवंबर तक करें आवेदन, अनुदानित दर पर मिलेगा बीज

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के गन्ना उद्योग विभाग ने मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत संचालित बीज विकास योजना (2026-27) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 16 नवंबर कर दी है। इच्छुक किसान अब निर्धारित तिथि तक अनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत किसानों को अनुदानित दर पर प्रमाणित एवं सत्यापित गन्ना बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य गन्ने की खेती में बीज पर होने वाले खर्च को कम करना और किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है। विभाग के अनुसार, योजना के माध्यम से किसानों को आधार एवं प्रमाणित गन्ना बीज के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही कम बीज में अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकल बड प्लांटलेट भी अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान गन्ना उद्योग विभाग के केन केयर पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एवं योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए किसान अपने जिले के सहायक निदेशक, ईख विकास कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।विभाग ने इच्छुक किसानों से 16 नवंबर 2026 तक आवेदन करने की अपील की है, ताकि वे योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

बीएनएस की धारा 163 के तहत लंबित मामलों पर प्रमंडलीय आयुक्त सख्त, एक सप्ताह में समीक्षा कर प्रतिवेदन देने का निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना प्रमंडल के अंतर्गत अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालयों में बीएनएस की धारा 163 के तहत लंबित मामलों को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त श्री राजेश कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने पटना, नालंदा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर के जिला पदाधिकारियों को ऐसे सभी लंबित मामलों की गंभीरता से समीक्षा करने तथा एक सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा है कि उन्हें ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्रमंडल के विभिन्न जिलों में अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालयों में बीएनएस की धारा 163 के तहत दाखिल आवेदन एवं वाद पत्रों पर लंबे समय से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

अग्निशमन, स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पटना जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। जिले के सभी प्रमुख एवं संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को पूरी सजगता, सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। सभी थाना अध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में पटाखे की अवैध बिक्री एवं अन्य असामाजिक गतिविधि पर भी नजर रखने को कहा गया है

जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि जिले के सभी अनुमंडलों में स्थित अग्निशमन केंद्रों के फायर टेंडरों में पर्याप्त मात्रा में पानी एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखते हुए उन्हें पूरी तरह तैयार हालत में रखा जाए, ताकि किसी भी आकस्मिक घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंच सके। इसके अतिरिक्तपेट्रोलबल अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता तथा आग से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है।

दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की व्यापक तैयारी

सभी संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

सिविल सर्जन को पटना जिला नियंत्रण कक्ष में कुशल चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति करने तथा जिला एवं अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्षों में एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ ही जिले के सभी प्रमुख अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों यथा एम्स, पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस, श्री गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल, पटना सिटी सहित अन्य छोटे-बड़े अस्पतालों को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रखने को कहा गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई एवं सैनिटाइजेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि दीपावली के अवसर पर आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

किसी भी प्रकार की आकस्मिक घटना अथवा आपात स्थिति में आम नागरिक निम्नलिखित दूरभाष एवं हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दे सकते हैं

जिला नियंत्रण कक्ष : 0612-2219234

जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष : 0612-2219810

पुलिस नियंत्रण कक्ष मोबाइल : 9031825979

आपातकालीन सहायता : डायल 112

जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। आम नागरिकों से अपील है कि वे दीपावली का त्योहार आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं उल्लास के साथ मनाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचित करें। प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित एवं खुशहाल दीपावली मनाने में सहयोग करें।

खबरें — खास-खास

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने गोबरसाही में हुए गैस लीकेज विस्फोट की घटनास्थल का लिया जायजा

मंत्री श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को कराया वस्तुगत स्तिथि से अवगत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मुजफ्फरपुर के गोबरसाही में हुए गैस लीकेज विस्फोट की घटना का जायजा लेने घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिजनों एवं घायलों के परिजनों, विस्फोट से क्षतिग्रस्त मकानों के परिवार वालो से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी तथा उन्हें हरसंभव



पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने गोबरसाही में हुए गैस लीकेज विस्फोट की घटनास्थल का लिया जायजा।

सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान मंत्री श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से दूरभाष पर बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी दी तथा पीड़ित परिवारों की वस्तुगत स्थिति से अवगत कराया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिये हैं। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि इस दुःखद घटना से वे अत्यंत मर्माहत हैं एवं सरकार इस कठिन घड़ी में सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, मृतक के परिजनों, घायलों एवं जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें नियमानुसार उचित सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पीड़ित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

जीकेसी ने 'एक दीया शहीदों के नाम' जलाकर वीर शहीदों को किया नमन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली की पूर्व संध्या के अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कन्फ्रेंस (जीकेसी) कला-संस्कृति प्रकोष्ठ एवं पटना जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पटना के कारगिल चौक पर 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उनका साहस, शौर्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। शहीदों के सम्मान और उनके परिवारों के प्रति तज्ञता का भाव प्रत्येक नागरिक के मन में होना चाहिए।



जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने अपने संदेश में कहा कि शहीदों का त्याग और बलिदान देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनके आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों की स्मृति में एक दीया जलाना उनके प्रति सम्मान, श्रद्धा और तज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है।

जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने अपने संदेश में कहा कि देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

जीकेसी के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष कला-संस्कृति प्रकोष्ठ प्रेम कुमार ने कहा कि 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम के माध्यम से वीर जवानों के प्रति सम्मान और तज्ञता व्यक्त की गई है। कला और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाना जीकेसी का उद्देश्य है।

इस अवसर पर कला संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुमार संभव, राष्ट्रीय सचिव सह पटना जिला महासचिव धनंजय प्रसाद,प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव अनुराग समरुप, प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार, अश्वनी वर्मा,स्मिता वर्मा,यतीश सिन्हा, पल्लवी विक्की, अजय अम्बस्ठ, करन निलेश समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

दीपावली और छठ से पहले पत्रकार पेंशन योजनाओं की राशि लाभुकों के बैंक खातों में अंतरित

मुख्यमंत्री के निदेशानुसार प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन भुगतान का निर्णय

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार ने दीपावली और छठ सहित आगामी त्योहारों से पूर्व बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना और बिहार पारिवारिक पत्रकार सम्मान पेंशन योजना की राशि लाभुकों के बैंक खातों में अंतरित कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निदेशानुसार विभाग ने दोनों योजनाओं के तहत प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इस माह मुख्यमंत्री ने त्योहारों से पूर्व पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया था।

बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत पात्र सेवानिवृत्त पत्रकारों को 15,000 प्रतिमाह प्रदान किए जाते हैं। बिहार पारिवारिक पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत दिवंगत पत्रकारों के पात्र आश्रितों को 10,000 की पारिवारिक पेंशन प्रदान की जाती है। सूचना एवं जन-सम्पर्क तथा ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, राज्य सरकार सेवानिवृत्त पत्रकारों और दिवंगत पत्रकारों के पात्र आश्रितों की सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसे ध्यान में रखते हुए इस माह दीपावली और छठ से पहले पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। प्रत्येक माह की 10 तारीख को भुगतान का निर्णय लाभुकों को नियमित रूप से पेंशन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के लाभार्थी सत्येन्द्र कुमार पांडेय ने दीपावली से पूर्व पेंशन मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, त्योहारों के इस विशेष अवसर पर पेंशन की राशि प्राप्त होना हमारे लिए आर्थिक सहयोग से कहीं बढ़कर है। यह हमारे वर्षो के पत्रकारिता जीवन, समर्पण और योगदान के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का भी प्रतीक है। योजना के एक अन्य लाभार्थी राणा प्रताप सिंह ने कहा, आपकी त्वरित पहल से मुझे और मेरे परिवार को बड़ी राहत और खुशी मिली है। इससे दीपावली का पर्व हमारे लिए और भी खास हो गया है। आपने पेंशनभोगियों की आवश्यकताओं का जिस संवेदनशीलता से ध्यान रखा, उसके लिए मैं विशेष रूप से आभारी हूँ।

पटना नगर निगम बोर्ड की 13वीं साधारण बैठक संपन्न, 19 एजेंडों को मिली स्वीकृति

पटना (दैनिक नवसंदेश)। महापौर श्रीमती सीता साहू की अध्यक्षता में शनिवार को पटना नगर निगम पर्षद की 13वीं साधारण बैठक संपन्न हुई। बैठक में माननीय उप महापौर श्रीमती रेशमी कुमारी, नगर आयुक्त यशपाल मीणा सहित पर्षद के सदस्यगण उपस्थित रहे।



महापौर श्रीमती सीता साहू की अध्यक्षता में शनिवार को पटना नगर निगम पर्षद की 13वीं साधारण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत एजेंसी चयन की रूपरेखा, म्यूनिसिपल बॉन्ड से प्राप्त राशि के माध्यम से वेंडिंग जोन एवं वाणिज्यिक परिसरों के निर्माण तथा निगम की लीज होल्ड संपत्तियों से संबंधित निर्माण शर्तों में बदलाव जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्तबोरिंग अधिष्ठापन, म्यूनिसिपल बॉन्ड की कूपन दर एवं छठ महापर्व से संबंधित परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

पटना नगर निगम क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, जवाबदेह एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एजेंसी चयन की रूपरेखा को निगम पर्षद ने स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण, प्रोसेसिंग प्लांट तक कचरे का परिवहन, सड़कों एवं गलियों की सफाई, गार्बेज वलरेबल प्वाइंट की सफाई तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त सफाई संबंधी शिकायतों का निष्पादन शामिल होगा।

नई व्यवस्था के तहत दो एजेंसियों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक एजेंसी को तीन-तीन अंचलों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही, वर्तमान में सफाई कार्यों में नियोजित लगभग 9,600 मानवबल को चयनित एजेंसियों के पे-रोल पर रखना अनिवार्य होगा। निगम के स्थायी सफाईकर्मियों को अन्य निर्धारित जिम्मेदारियों में लगाया जाएगा। इस व्यवस्था से सफाई कार्यो के संचालन एवं निगरानी में अधिक स्पष्टता आएगी। साथ ही, सफाईकर्मियों को श्रम कानूनों के अनुरूप वेतन एवं सेवा संबंधी लाभ सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था के क्रियान्वयन से निगम को कचरा प्रबंधन पर प्रतिवर्ष 30 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होने का भी अनुमान है।

फतुहा में सड़क हादसा : हाइवा की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने एसएच-106 किया जाम

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना के फतुहा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की रात्रि दरियापुर के समीप एक अनियंत्रित हाइवा ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि, ग्रामीण तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान स्थानीय नोहटा निवासी रामपुकार सिंह के 18 वर्षीय पुत्र बंटी उर्फ विकास कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार, मृतक बंटी फैक्ट्री मोड़ स्थित ब्लिंकिट शोरूम से सामान लेकर डिलीवरी के लिए निकला था, तभी दरियापुर के पास यह हादसा हुआ। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने हाइवा चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर फतुहा अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डक्टरों ने उसे पटना रेफर कर दिया। घायल चालक की पहचान शिवचक निवासी अरविंद कुमार के रूप में हुई है।

हादसे के बाद परिजनों ने शव को घर ले जाने के बाद पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे 106 को पूरी तरह से दोनों तरफ से जाम कर दिया है। समाचार प्रेषित किए जाने तक सड़क जाम जारी है और ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।

ग्रामीणों के हवाले से यह आरोप लगाया जा रहा है कि इस मार्ग पर ओवरलोडेड बालू लदे हाइवा का अवैध संचालन पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है और बालू माफियाओं से वसूली की जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरी रात बालू लदे भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे सुबह सड़क पर बालू की परत जम जाती है। इसके कारण उड़ने वाली धूल से पूरा रास्ता प्रदूषणयुक्त हो गया है, राहगीरों को भारी परेशानी होती है तथा आंखों में जलन की समस्या आम हो गई है।

ग्रामीणों ने फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन से बातचीत में इस पर आपत्ति जताई, जिस पर थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह उनके क्षेत्राधिकार का मामला नहीं बल्कि पटना डीएम के क्षेत्राधिकार का विषय है। इसके बाद ग्रामीण पटना के जिला पदाधिकारी (डीएम) को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं।

प्रदर्शनकारियों का यह भी कहना है कि मृतक बंटी अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था, जिसकी मौत से पूरे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का परिचालन बंद करने के लिए तत्काल नो एंट्री लागू की जाए। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाने और अपनी मांगों पर कार्रवाई की जिद पर डटे हुए हैं।

उर्वरक कंपनियों की मनमानी एवं विक्रेताओं के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं होगा : विजय कुमार सिन्हा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में उर्वरक वितरण व्यवस्था में कुछ कंपनियों द्वारा कथित तौर पर अपनाई जा रही भेदभावपूर्ण कार्यप्रणाली को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

कुछ उर्वरक विक्रेताओं ने कृषि मंत्री से मिलकर शिकायत की कि कुछ उर्वरक कंपनियां उर्वरक के साथ अन्य उत्पादो के साथ टैगिंग का विरोध करने वाले उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक देने से मना कर रहें हैं तथा चुनिंदा विक्रेताओं को ही फार्म- निर्गत कर रही हैं तथा उन्हीं विक्रेताओं को प्राथमिकता के आधार पर उर्वरक उपलब्ध करा रही हैं। इसके कारण जिलों में उर्वरक वितरण का असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। कुछ विक्रेताओं के पास आवश्यकता से अधिक उर्वरक उपलब्ध है, जबकि अन्य विक्रेताओं को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक नहीं मिल पा रहा है। इससे किसानों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिकायतकर्ताओं ने कंपनी के इस भेदभावपूर्ण व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपना उर्वरक अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) तक सरेंडर करने की बात कही।

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल को पूरे प्रकरण की समुचित जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मंत्री के निर्देश के आलोक में संबंधित कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक को विभाग में बुलाकर मंत्री के समक्ष बैठक की गई तथा त्वरित पहल करते हुए संबंधित उर्वरक कंपनी से संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिया।

राजद नेताओं ने दीपावली की देशवासियों और राज्यवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी ,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, अशोक कुमार सिंह,डा तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, श्री शिवचंद्र राम, मो इसराइल मंसूरी , प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू,विधान पार्षद कारी मो सोहैब, राजद नेता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद,डा उर्मिला ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने दीपावली की देशवासियों और राज्यवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।



चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के सम्मान समारोह में 53 विभूतियां होंगी सम्मानित, 10 नवंबर को पटना सिटी में आयोजित होगी सांस्कृतिक संध्या

पटना (दैनिक नवसंदेश)। चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान की ओर से भगवान श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के अवसर पर 10 नवंबर को पटना सिटी स्थित गिरिराज उत्सव पैलेस में सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर साहित्य, कला, संस्कृति, संगीत, चिकित्सा, शिक्षा और समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 53 विभूतियों को सम्मान-अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

संस्थान के प्रधान सचिव कमल नयन श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद, प्रख्यात चिकित्सक पद्मश्री गोपाल प्रसाद सिन्हा, विधान पार्षद डा. संजय मयूख, विधायक रत्नेश कुमार तथा पूर्व कुलपति के.सी. सिन्हा सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के अवसर पर आयोजित यह समारोह सामाजिक एकता, सांस्तिक चेतना और प्रतिभाओं के सम्मान को समर्पित है। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली विभूतियों को सम्मानित कर संस्थान उनके योगदान को समाज के सामने लाना चाहता है। संस्थान के अध्यक्ष गणेश कुमार सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष 53 विभूतियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सम्मान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि साहित्य, कला, संस्कृति, संगीत, चिकित्सा, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है।



संक्षिप्त खबरें

बेटियों के नाम जलाए गए दीप, रंगोली से सजाया विद्यालय परिसर



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के सोनबरसा गांव स्थित अक्षर ज्ञान भारती विद्यालय में ह्यएक दीया बेटियों के नामह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर उसमें विभिन्न रंगों को भरते हुए दीपों से सजाया और बेटियों के सम्मान का संदेश दिया। विद्यालय के संस्थापक रामअवतार मिश्र ने कहा कि बेटियां अब घर-आंगन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के दम पर देश का नाम रोशन कर रही हैं। कार्यक्रम में रंगोली निर्माण का कार्य शिक्षक ध्रुव मिश्र, गोपाल मिश्र, शिम्पी मिश्र और अंकिता मिश्र की देखरेख में हुआ। इसमें रचना कुमारी, अनामिका, शालू, सीमा, प्रीति, अनुष्का, अंकिता, लक्ष्मी, संध्या, किरण और उषा सहित कई छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पक्की छत मिली तो खिल उठे कई परिवारों के चेहरे

कनई टोला के महादलित बस्ती में लाभुकों को सौंपी गई आवास की चाबी, विधिवत कराया गया गृह प्रवेश

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। वर्षों से अपने पक्के मकान का सपना संजोए गरीब परिवारों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जितौरा जंगल महाल पंचायत के कनई टोला स्थित महादलित बस्ती में नवनिर्मित आवासों के लाभुकों को चाबी सौंपकर विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। नए घर की चाबी हाथ में आते ही लाभुक परिवारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने लाभुकों को आवास की चाबी सौंपी। पंचायत की मुखिया कुमारी अर्पणा सिन्हा, बीस सूत्री अध्यक्ष अक्षय लाल चैधरी, मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू कुमार, उपमुखिया सत्येंद्र सिंह तथा आवास सहायक अखिलेश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। उशनिवार को गृह प्रवेश का यह अवसर लाभुक परिवारों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं था। जिन परिवारों ने वर्षों तक कच्चे और असुरक्षित मकानों में जीवन बिताया, उन्हें अब पक्की छत के नीचे सुरक्षित जीवन जीने का अवसर मिला है। अपने नए आशियाने में प्रवेश करते समय लाभुकों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य समाज के गरीब और वंचित परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचना ही विकास और सुशासन की वास्तविक पहचान है।

पीरो नगर परिषद के सिविल अभियंता सेवा से बर्खास्त



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से कथित तौर पर कमीशन वसूल करने व अपात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने के मामले में विशेष सचिव सह मिशन निदेशक हाउसिंग फार आल के निर्देश पर पीरो नगर परिषद के सिविल अभियंता स्वतंत्र यादव को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बताया जाता है कि नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय ने सिविल अभियंता पर प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए संबंधित लाभुकों कमीशन वसूल करने व अपात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ देने की शिकायत नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री से की थी। प्राप्त शिकायत के आलोक में आवश्यक जांचोपरांत शिकायत सही पाए जाने पर सिविल अभियंता को सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध में निर्गत पत्र में बर्खास्त अभियंता को अपना संपूर्ण प्रभार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को तत्काल हस्तगत कराने का निर्देश दिया गया है।

अज्ञात वाहन सड़क पार कर रहे अधेड़ को मारी टक्कर, जख्मी

आरा। आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के गीधा पुल के समीप अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे मजदूर को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तब साथी मजदूर के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो टोला निवासी 45 वर्षीय बुचुल पासवान है। इधर, जख्मी को लेकर आए साथी मजदूर ने बताया कि वह मजदूरी का काम करते हैं और शनिवार की दोपहर गीधा पुल के समीप वह सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

राज ऑटोमोबाइल्स ने धनतेरस पर 15 ग्राहको को दी ट्रैक्टर की डिलीवरी

प्रोपराइटर प्रतीक ने ग्राहकों को प्रदान की ट्रैक्टर की चाबी

ग्राहकों को प्रदान किया गया निश्चित उपहार और मिष्ठान



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के जीरोमाइल स्थित महिंद्रा ट्रैक्टर के अधिकृत विक्रेता राज ऑटोमोबाइल्स द्वारा शुक्रवार को धनतेरस के मौके पर 15 ग्राहकों को ट्रैक्टर की डिलीवरी दी गई। इस मौके पर कुमार प्रतीक ग्राहकों को चाबी प्रदान की। प्रोपराइटर प्रतीक ने बताया कि घनतेरस के मौके पर महिंद्रा ट्रैक्टर के विभिन्न मॉडल की डिलीवरी दी गई। पूर्व में बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को आकर्षक छूट दिया गया। इस अवसर पर राज ऑटोमोबाइल्स के मैनेजर मुन्ना सोनी, सेल्समैन रमेश सिंह, विजय सिंह, उमेश लाल, उपेंद्र मुखिया, मनोज सिंह, नेपाल जी, मुन्ना सिंह सुग्रीव यादव शशि पांडे संजय सिंह अजीत सिंह अरविंद जी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

रिमांड पर दो दिनों तक पूछताछ के बाद जेल भेजे गए पांच आरोपित

पूर्व कस्टम अधिकारी हत्याकांडः चंदन सिंह समेत पांच आरोपियों से पूछताछ के बाद भेजा गया जेल

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाने के कनकपुरी मोहल्ला निवासी क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष सह रिटायर अधिकारी रामकुमार सिंह हत्याकांड का पूरा सच सामने आ गया है। रिमांड पर लिए गए चंदन सिंह और मनोज सिंह उर्फ लक्की सहित पांच अभियुक्तों से दो दिनों की पूछताछ में पुलिस को कांड से संबंधित हर सवाल का जवाब मिल गया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को शनिवार को स्वास्थय जांच के बाद जेल भेज दिया गया। बता दें कि हत्याकांड का राज खोलने के लिए पुलिस ने पूर्व गिरफ्तार हत्याकांड के नामजद अभियुक्त चंदन सिंह और मनोज सिंह उर्फ लक्की के अलावे टीपू कुमार, अभिषेक यादव तथा हत्या की सुपारी लेने वाले पिंटू सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही थी। उसके लिए पांचों को गुरुवार को रिमांड पर लिया गया था। बता दें कि 15 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे कनकपुरी मोहल्ला निवासी पूर्व अधिकारी सह क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष रामकुमार सिंह टहलने के लिए घर से निकल रहे थे। तभी बाइक सवार बदमाशों की ओर से उन्हें गोलियां से भून डाला गया था, उसमें घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी थी। इस मामले में पूर्व अधिकारी के बेटे अमित कुमार उर्फ गोल्डी के बयान पर 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

संस्कार व संस्कृति से परिचित कराने का माध्यम यह कार्यक्रम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के गोढ़ना रोड स्थित आर्यन रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल में दीपावली व छठ के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं द्वारा निर्मित रंगोली, झालर, आकाशदीप, तोरणद्वार तथा दीप निर्माण विधा पर प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ कर भाग लिया।

रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

ज्ञानोदय सेंट्रल स्कूल स्कूल में आयोजित हुई हस्तकला प्रतियोगिता



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली का त्योहार रोशनी, उमंग और रचनात्मकता का संदेश देता है। इसी उत्साह और उल्लास को बच्चों की प्रतिभा से जोड़ते हुए पीरो के ज्ञानोदय सेंट्रल स्कूल में दीपावली के अवसर पर हस्तकला के तहत रंगोली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया तथा अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों से आकर्षक रंगोली बनाई और मिट्टी के दीपों को विभिन्न रंगों एवं डिजाइनों से सजाकर अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। उनकी कलाकृतियों में दीपावली की खुशियां, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक कला की सुंदर झलक देखने को मिली। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपनी सृजनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने के साथ-साथ भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी, दीपक कुमार, रौशनी कुमारी, अनन्या कुमारी, पिहू कुमारी और अनामिका कुमारी, दीप्ति कुमारी, शीला कुमारी, खुशी कुमारी, नीतू कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं विद्यालय की ओर से सभी शिक्षकों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शालिनी केशरी,अफजल इमाम, शिक्षक मौ सैफ, कमलेश कुमार, विनोदशर्मा, अजय कुमार, सुप्रिया कुमारी, मो रहीमुद्दीन, सौम्या कुमारी और सिमरन खातून सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

रस्सी बांधने के विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां चैक पर शनिवार की सुबह रस्सी बांधने विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक तरारी थाना क्षेत्र के सेदहा गांव निवासी स्व. रामदेव महतो के 77 वर्षीय पुत्र कृष्णा महतो है। वह पेशे से सब्जी विक्रेता थे। सेदहां चैक पर सब्जी का दुकान लगाते थे। इधर, मृतक के बेटे धनजी महतो ने बताया कि गांव में स्थित हनुमान मंदिर में बिजली वायरिंग का काम चल रहा था, जिसमें उसके पिता कृष्णा महतो द्वारा दुकान लगाने के लिए रस्सी बांधा गया था। तभी गांव के युवक द्वारा कहां जाने लगा की रस्सी को खोल दो, अभी वायरिंग हो रहा है। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद उक्त युवक द्वारा लात-घुसो से मारकर उसके पिता की हत्या कर दी।

सड़क हादसे के दौरान मध्यप्रदेश के ट्रक चालक की मौत

इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम, जगदीशपुर नयका टोला के समीप शनिवार की सुबह घटी घटना



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला के समीप शनिवार की सुबह बेलगाम कार ने मध्यप्रदेश निवासी ट्रक चालक को रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं हादसे के बाद चालक कार छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और उक्त कार को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक मध्यप्रदेश के सतना जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र के टिकुरिया टोला वार्ड नंबर-43 रघुराज नगर निवासी स्व. रामदुलार मिश्रा के 58 वर्षीय पुत्र भोलेनाथ मिश्रा है। वह पेशे से ट्रक चालक थे। इधर, मृतक के साथी चालक शिव बहादुर मिश्र ने दो ट्रक पर माल लोड पटना जा रहे थे। इसी क्रम में वह उनके ट्रक के पीछे अपनी ट्रक चला रहे थे। जब वह नयका टोला के समीप मिले, तो उनसे हालचाल पूछने लगे। इसके बाद दोनों नयका टोला के समीप डिवाइडर के किनारे अपनी ट्रक खड़ा कर दिया। और सड़क पार कर चाय की दुकान पर जा रहे थे। उसी दौरान बेलगाम कार ने पहले एक फोर व्हीलर में टक्कर मारी, उसके बाद उन्हें रौंद लिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो। उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दीपावली पर प्रेस क्लब पहुंचे पूर्व चेयरमैन वीरमन्यु

पत्रकारों का बढ़ाया उत्साह, परिजनों और बच्चों को मिठाई व पटाखे भेंट कर बांटी खुशियां



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली के पावन अवसर पर नगर पंचायत कोईलवर के पूर्व चेयरमैन यादवेंद्र उर्फ वीरमन्यु ने शनिवार को प्रेस क्लब कोईलवर पहुंचकर पत्रकारों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों का मुंह मीठा कराया तथा उनके परिजनों और बच्चों के लिए मिठाई एवं पटाखे भेंट किए। पूर्व चेयरमैन की इस पहल से पत्रकारों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन वीरमन्यु ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। वे अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए क्षेत्र की समस्याओं और आम जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाते हैं। त्योहार के मौके पर पत्रकारों के बीच पहुंचकर खुशियां बांटना और उनका उत्साह बढ़ाना उन्हें अच्छा लगता है। उन्होंने सभी पत्रकारों एवं उनके परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, कोइलवर प्रेस क्लब के अध्यक्ष पत्रकार आमोद कुमार ने कहा कि दीपावली जैसे पावन पर्व पर पूर्व चेयरमैन का पत्रकारों के बीच पहुंचना और उनके परिवार एवं बच्चों को भी खुशियों में शामिल करना सराहनीय पहल है। इस तरह के सामाजिक प्रयासों से आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द मजबूत होता है। साथ ही पत्रकारों का मनोबल भी बढ़ता है। इस दौरान प्रेस क्लब के पत्रकारों ने पूर्व चेयरमैन के प्रति आभार व्यक्त किया।

लापता बालक की बरामदगी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने किया रोड जाम व आगजनी

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ मोड़ के समीप रोड जाम कर की नारेबाजी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव स्थित दलित टोला से हुए पांच दिन पूर्व हुए लापता मासूम बच्चे के नही मिलने से नाराज ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा लापता बच्चे के सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर आरा-सलेमपुर मार्ग पर बलुआ मोड़ के समीप शनिवार की रोड जाम कर दिया गया। जाम के दौरान उनके द्वारा टायर जलाकर आगजनी भी की गयी। इसे लेकर करीब सात घंटे तक रोड जाम रहा। जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना पाकर मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने लगे। काफी मशक्कत करने के बाद पुलिस ने लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटाया गया। तब जाकर परिचालन शुरू हो पाया। बता दें कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी अमरजीत प्रसाद का 5 वर्षीय पुत्र मणि कुमार बीते 3 नवंबर की शाम बलुआ गांव स्थित दलित टोला में बेल के पेड़ के पास खेल रहा था। 3 नवंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने पुत्र को घर लाने के लिए वहां पहुंची और तो, वह वहां से लापता था। इसके बाद उनके द्वारा काफी खोजबीन भी की गई थी। वावजूद इसके कुछ पता नहीं चल पाया था। 3 नवंबर की रात लापता बालक मणि कुमार के पिता अमरजीत प्रसाद के द्वारा मुफस्सिल थाना में उसके गुमशुदगी के संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। इसके पश्चात 4 नवंबर को पुलिस गांव में पहुंची और गड्ढे में भी उसके डूबने की आशंका को लेकर खोजबीन भी की थी। तब भी कुछ पता नहीं चल सका था। इसके अलावे गांव वालों के द्वारा दो संदिग्धों को पड़कर पुलिस के भी हवाले किया गया था।

दीपावली एवं छठ पर्व पर पटाखों की बिक्री एवं उपयोग को लेकर निर्देश जारी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर आम नागरिकों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिगत जिला पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा द्वारा पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार, पटाखों की बिक्री केवल वैध अनुज्ञप्तिधारी दुकानदारों द्वारा ही की जा सकेगी। बिना अनुज्ञप्ति पटाखों की बिक्री, विदेशी एवं चाइनीज पटाखों की खरीद-बिक्री तथा ऑनलाइन माध्यम से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पटाखों का उपयोग रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र एवं बालू की व्यवस्था रखनी होगी तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं विस्फोटक नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। जिला प्रशासन द्वारा सदर आरा, जगदीशपुर एवं पीरो के अनुमंडल पदाधिकारियों को नियमानुसार जाँच के उपरांत पटाखों की बिक्री हेतु अस्थायी अनुज्ञप्ति निर्गत करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जारी दिशा-निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा अवैध बिक्री, भंडारण एवं नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई करे।

संस्कृति और परंपरा का भी संवाहक रहा है संभावना : डॉ.अर्चना

संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में आयोजित हुआ दीपोत्सव-2026 का रंगारंग कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिता में अव्वल बच्चों को प्राचार्या ने किया पुरस्कृत, नेचर स्टडी कैम्प पर सर्वश्रेष्ठ यात्रा वृतांत लिखने वाले छात्र-छात्राओं को भी मिला पुरस्कार



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के शुभ नारायण नगर, मझौंवा स्थित 'शान्ति-स्मृति' सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में शनिवार को 'दीपोत्सव-2026' का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह एवं निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षक और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि 'दीपोत्सव' अंधकार पर प्रकाश का विजय का प्रतीक पर्व है, उन्होंने कहा कि सम्भावना विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और परंपरा का भी संवाहक रहा है। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कारित धरोहरों को संरक्षित करने के लिए ऐसे आयोजन अत्यन्त आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों को न केवल पारंपरिक धाराओं से जोड़ती है बल्कि उनमें सृजनशीलता और संवेदना का विकास भी करती है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने दीपावली, भाईदूज और छठ महापर्व पर आधारित लोक गीत और लोक झांकी प्रस्तुत कर समां बाँध दिया। वही छठ पूजा पर आधारित गीत को आर्या सिंह, अनुष्का सिंह, अराध्या सिंह, मीठी सिंह, रुद्राक्षी सिंह, तान्या सिंह, प्रियांशी सिंह, मिनाक्षी सिंह, निर्जला, श्रेया गुप्ता, आफिया, सानिया आलम, सोनाक्षी, श्वेता, नग्मा खातुन, दिव्या कुमारी और रूची ने अपने अभिनय से दर्शक दीर्घा पर बैठे लोगो को भाव-विभोर कर दिया। रंगोली प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले में क्रमशः निधि कुमारी, अनु कुमारी एवं साल्वी कुमारी को एवं सीनियर ग्रुप से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः आशी कुमारी, स्नेहा कुमारी एवं आयुषी कुमारी को विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह और निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र ने पुरस्कार प्रदान किये, रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पत्रकार शमशाद 'प्रेम', पत्रकार डॉ. कृष्ण कुमार और पत्रकार सोनू सिंह थे। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया। कला सृजन एवं प्रशिक्षण का दायित्व कला शिक्षक विष्णु प्रसाद और संजीव सिन्हा ने निभाया, गीत एवं नृत्य में प्रशिक्षण चिन्टु कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अमितेश कुमार और महेश कुमार का विशेष योगदान रहा। संचालन एकेडमीक इन्चार्ज अरविन्द ओझा ने किया।

रामकुमार सिंह हत्याकांडः पुलिस के साथ मुठभेड़ मामले में शूटर पवन के खिलाफ प्राथमिकी

मुफस्सिल थाने में दर्ज किया गया केस, हत्या की नीयत से पुलिस पर फायरिंग करने का आरोप

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के कनकपुरी मोहल्ला निवासी पूर्व अधिकारी रामकुमार सिंह की हत्या के मुख्य शूटर पवन यादव की पुलिस के साथ मुठभेड़ मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस के बयान पर मुफस्सिल थाने में खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसमें पवन यादव पर हत्या की नीयत से पुलिस अधिकारियों और कर्मियों पर फायरिंग करने सहित अन्य संगीन आरोप लगाए गए हैं। बता दें कि राम कुमार सिंह की हत्या के मुख्य शूटर पवन यादव को गुरुवार की रात गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद पुलिस हत्या में इस्तेमाल एक पिस्टल बरामद करने के लिए पवन को लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर पहुंची थी। वहां झाड़ी से पिस्टल बरामद करने के बाद उसने पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग कर दी थी।

बस की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत पर भड़का जन आक्रोश

आक्रोशित लोगों ने बस मे तोड़फोड़ के बाद किया फूंकने का प्रयास

बिरौल (एनएसबी)। दरभंगा जिले में सड़क दुर्घटना मे कमी होने के बदले इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। सुपौल-शिवनगर घाट मुख्य सड़क पर शनिवार को सिसौनी- विशनपुर के बीच दरभंगा-केसरी बस की चपेट में आने से महमूदा गांव के 19 वर्षीय दिलीप यादव के पुत्र सत्यम कुमार यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल पर सवार प्रमोद पंडित के पुत्र दुर्गेश कुमार 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह हादसा दोपहर 1 बजे के करीब हुई। दोनों युवक सुपौल बाजार से दीपावली की सामग्री लाइट आदि खरीदारी कर बाइक से लौट रहे थे, तभी दरभंगा की ओर से सुपौल जा रही दरभंगा केसरी गाड़ी संख्या बीआरओ 7 बी 4043 तेज रफ्तार बस के चालक ने हीरो स्पलेंडर गाड़ी संख्या बीआरओ 7 ऐ डब्ल्यू 8948 में टक्कर मार दी। जहा सत्यम की मौत घटना स्थल पर हो गयी। वही मोटरसाइकिल पर सवार अन्य घायल का इलाज सुपौल बाजार स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है,जहा उसकी स्थिति भी नाजुक बताया जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने घटना स्थल पर शव को रखकर सड़क जाम कर दी और बस शीशे तोड़फोड़ दिए। आक्रोशित लोगों ने बस को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा बस की तेल टँकी को खोलकर आग लगाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर पहुँची अग्निशमन दस्ता की टीम ने ततपरता दिखाते हुए आग को तुरंत बुझा दिया। वही बिशनपुर कमालपुर में खड़ी इसी कंपनी दरभंगा केसरी की दो अन्य बसों में भी तोड़फोड़ की गई। सूचना पर बिरौल थाना के पु.अ.नि. शशि भूषण रजक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। स्थिति बिगड़ता देख एसडीओ शशांक राज, एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी और थानाध्यक्ष चंद्रमणि, पुअनि मुकेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंची। लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद एससीपीओ प्रभाकर तिवारी के आश्वासन पर 4 बजे जाम हटाया गया। इसके बाद आवागमन शुरू हुआ। पुलिस ने नवटोल निवासी सत्यम कुमार झा को हिरासत में ले लिया है। एससीपीओ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



घटनास्थल पर आक्रोशित लोग।



बस के टूटे शीशे।

संक्षिप्त खबरें

दो बोरा गाजा बरामद के मामले मे फरार तस्कर गिरफ्तार

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। अतरवेल भरवाड़ा पथ पर सिंहवाड़ा में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक टेंपो से दो बोरा गाजा जप्त मामले मे फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर कमतौल थाना क्षेत्र के ढढिया गांव निवासी जितेंद्र यादव बताया गया है। पुलिस ने दो आरोपी तस्कर को मौके से पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने एफआईआर दर्ज कर तीनों तस्कर के खिलाफ नामजद किया गया था। पुलिस सूत्रो के अनुसार एक सितंबर को सिंहवाड़ा में वाहन चेकिंग जिसमें साढे 28 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस आरोपी के पास ही मोबाइल फोन एवं नगद नौ हजार रुपया भी जप्त किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

पत्नी ने नशेड़ी पति को किया पुलिस के हवाले

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भरवाड़ा में नशेड़ी पति को पत्नी ने पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में पत्नी सविना खातून के आवेदन पर सिंहवाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। सविना खातून ने पुलिस को बताया कि उसके पति मो उजाले छह नवंबर की रात शराब के नशे में घर पहुंचे और हंगामा करने लगे। परेशान होकर डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मो उजाले को अपने कब्जे में ले लिया। नशे में होने की पुष्टि होते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

कलात्मक कार्यों से बढ़ता है बच्चों का आत्मविश्वास : शैलेंद्र झा



रंगोली का अवलोकन करते प्राचार्य शैलेंद्र झा व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। सारा मोहनपुर स्थित हैरो इंग्लिश स्कूल प्रांगण में दीपावली को लेकर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगोली बनाया गया जो काफी आकर्षक था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र झा ने बच्चों का हौसला आफजाई किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभाएं छुपी हुई रहती है। उसे निखारने के लिए समय-समय पर कई अवसर आते हैं जब वह बाहर निकल कर आती है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। किसी भी कलात्मक कार्य बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर विद्यालय के बच्चे शिक्षक एवं कर्मी मौजूद थे।

डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया दीपावली महोत्सव



विद्यालय प्रबंधक एच.के. श्रीवास्तव व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधक एच.के. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दीपावली उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली, चित्रकला एवं दीप सजावट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पूजा कुमारी, लाडली कुमारी, रूही कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, आरोही कुमारी, श्रुति कुमारी, सिदरा नसीम, भव्य श्री एवं मानसी कुमारी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छठ महापर्व एवं भैया दूज की थीम पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। प्रकाश के पर्व दीपावली के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या रूणा कुमारी ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को पटाखे चलाते समय विशेष सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करें तथा उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।विद्यालय प्रबंधक द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार एवं मिठाइयाँ देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर मीनू मिश्रा, नुसरत प्रवीण, संगीता कुमारी, लालू यादव, जयशंकर तिवारी, कमल शाह, श्याम साहू एवं पिंकी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

मंत्री ने पीड़ित परिवारों को उपलब्ध कराया चार-चार लाख रुपया



चेक देते मंत्री मदन सहनी।

बहादुरपुर (एनएसबी)। बिहार सरकार के मंत्री सह स्थानीय विधायक मदन सहनी ने आपदा मद से दो पीड़ित परिवार के परिजनों को चार-चार लाख रुपया चेक उपलब्ध कराया। जिसमे ग्राम कोल्हान्तता,पोस्ट पटोरी बसंत, थाना मोरो,जिला दरभंगा निवासी महेश राम के पुत्र परमजीत राम 19 मई,2026 को दुर्घटना में हुई मृत्यु के एवज में उनके आश्रित पत्नी सविता देवी को चार लाख रुपये दिया गया। वहीं ग्राम कोलहंतापोस्ट पटरी बदन्त,थाना मोरो,जिला दरभंगा निवासी सुरेंद्र राम के पुत्र बिनोद राम की 15 मई 2026 को हुई सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के कारण हनुमान नगर के अंचल अधिकारी कार्यालय के द्वारा उनकी आश्रित पत्नी आशा देवी को चार लाख रुपया अनुदान स्वरूप दिया गया।

उषा पब्लिक स्कूल में रंगोली महोत्सव क्या हुआ आयोजन



रंगोली के साथ विद्यालय के बच्चे व शिक्षक।

बिरौल (एनएसबी)। कॉलेज रोड स्थित उषा पब्लिक स्कूल मे शनिवार को दीपावली से पूर्व रंगोली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के दर्जनों छात्र छात्राएं और शिक्षिका ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर एक से एक सुंदर रंगोली बनाया। साथ ही विद्यालय मे सभी एक दूसरे को दीपावली और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दिया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य मिथुन यादव और वरीय शिक्षक राघव चौधरी ने विद्यालय मे उपस्थित सैकड़ों छात्र छात्राएं को बताया कि दीपावली पर्व अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञानता पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है।

अल्पसंख्यक समुदाय की तरक्की के लिए अधिक से अधिक काम करूंगा : डॉ. इंतखाब आलम

■ दरभंगा पहुंचने पर लोजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ भव्य



डॉ. इंतखाब आलम का अभिनंदन करते डॉ मुन्ना खान।

दरभंगा (एनएसबी)। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद दरभंगा निवासी सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ इंतखाब आलम के दरभंगा पहुंचने पर शनिवार को वार्ड नंबर 29 के पार्षद पति डॉ मुन्ना खान एवं वार्ड नंबर 29 की जनता के द्वारा डॉ इंतखाब आलम का हार्दिक नागरिक अभिनंदन किया गया।

दरभंगा शहर के मौलागंज स्थित एक निजी विवाह भवन में आयोजित कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए डॉ इंतखाब आलम के लोजपा अकलियत सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सहित लोजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ इंतखाब आलम के अभिनंदन समारोह में लोजपा नेता शाहनवाज अहमद कैफी, डॉ इरशाद आलम, डॉ एजाज आलम, रियाज अली खान, रूमी खान, डॉ उमर फारूक लाडले, नौशाद, डॉ शहाब ,मौलाना अशफाक अहमद, ऐजाजत अहमद कल्लू, नेयाज अहमद खान, रेयाज खान कादरी, ऐजाज अख्तर रूमी, इकबाल खान, लाइक खान, दस्तगीर अंसारी, मो० महताब आलम सहित कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए डॉ इंतेखाब आलम ने कहा जिस भरोसे और उम्मीद के साथ मुझे पार्टी ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है, मैं अपनी ओर से पूरी कोशिश करूंगा बेहतर से बेहतर कर सकूं।डॉ आलम ने कहा कि मैं इस पद पर रहते हुए अल्पसंख्यक समुदाय की तरक्की के लिए अधिक से अधिक काम करूंगा। हमारी पार्टी सभी जाति, धर्म और समुदाय को साथ लेकर चलती है। खासकर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान युवाओं को साथ लेकर चलते है। वहीं डॉ अब्दुससलाम खान उर्फ मुन्ना खान ने कहा डॉ. इंतेखाब आलम हमारे बचपन के दोस्त है। मुझे बहुत खुशी हो रही है की उन्हें लोजपा रामविलास में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। मैं अपनी ओर से उन्हें बधाई देता हूं। इस अवसर पर लोजपा रामविलास के नेता, डॉ शाहनवाज अहमद कैफी, रेयाज खान कादरी, एजाज अहमद खान कल्लू, एजाज अख्तर (रूमी), नेयाज खान,अकबर खान, डॉ. मुन्ना खान, मौलाना अशफाक अहमद, रेयाज खान कादरी,मो लाडले, इकबाल खान,लाइक खान, दस्तगीर अंसारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता डॉ इंतेखाब आलम को बधाई देने के लिए पहुंचे थे। इधर देर शाम स्थानीय वार्ड पार्षद नवीन सिन्हा सहित अन्य लोगों ने भी उनका भव्य अभिनंदन किया। अभिनंदन का यह सिलसिला लगातार जारी रहा।

दीपावली व छठ महापर्व पर अग्निशमन विभाग की सभी तैयारी पूरी : प्रिया कुमारी



प्रिया कुमारी अग्निशमन पदाधिकारी।

दरभंगा (एनएसबी)। दीपावली व छठ महापर्व के अवसर पर आतिशबाजी खुले जगह पर करें ताकि किसी तरह की अगलगी की घटना नहीं घटे। यदि बच्चे आतिशबाजी कर रहे हैं तो उस वक्त अभिभावक के वहां पर मौजूद रहे ताकि किसी तरह की घटना नहीं घटे।आतिशबाजी करते समय उसके मुंह को खुले स्थान के तरफ करें ताकि किसी तरह की घटना नहीं घटे। अग्निशमन विभाग की पूरी टीम जिले में तैनात की गई है।

अग्निशमन पदाधिकारी प्रिया कुमारी ने बताया कि उनकी तैयारी पूरी तरह से हो चुकी है। जितने भी अग्निशमन छोटी बड़ी गाड़ी है सबको रेडी हालत में रखा गया है। वहीं 110 कर्मियों को तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। किसी भी तरह की घटना यदि घटती है तो अग्निशमन की छोटी बड़ी गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लेगा। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मियों को गस्ती पर भी लगाया गया है। आम नागरिक से उन्होंने अनुरोध किया है की आग यदि छोटे स्तर पर लगता है तो यदि खुद काबू पा सकते हैं तो प्रयास करें अन्यथा डायल 101 और 112 पर सूचना दें। अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना दें। ताकि मौके पर पहुंचकर आज पर काबू पाया जा सके। शहर में 25 पटाखा के दुकानदार है उनके पास लाइसेंस है। वही अग्निसमन इंस्ट्रूमेंट भी रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मॉक ड्रिल के माध्यम से उन्हें सुरक्षा की जानकारी दी गई है। जिन दुकानदारों के द्वारा दिए गए निर्देश का पालन नहीं करते हैं तो अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दुकान को सील किया जा सकता है। जिले में 21 गाड़ियां हैं जिसमें 16 छोटी गाड़ी 5 बड़ी गाड़ी है। एक हाइड्रोलिक गाड़ी भी है जो पांच मंजिल तक के आग पर काबू पा सकते हैं। हाइड्रोलिक मशीन से आग लगने की घटना के बाद रेस्क्यू भी किया जा सकता है। अग्निशमन पदाधिकारी प्रिया कुमारी ने लोगों से अपील की है कि दीपावली और छठ महापर्व पर पटाखे खाली स्थान पर जलाएं।

सरहद गांव के राकेश कुमार बने आइटीबीपी के डीआईजी, क्षेत्र में खुशी की लहर



आइटीबीपी के डीआईजी राकेश कुमार।

दरभंगा (एनएसबी)। मधुबनी जिला के ग्राम सरहद निवासी राकेश कुमार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव सरहद तथा पूरे मिथिला क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। डीआईजी राकेश कुमार स्वर्गीय बद्री नारायण दास के सुपुत्र एवं स्वर्गीय जटाशंकर दास के पौत्र हैं। उनकी यह पदोन्नति वर्षों की मेहनत, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि को मिथिला के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। कर्ण कायस्थ महासभा ने राकेश कुमार की पदोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए आशीष नीरज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार जमशेदपुर महासचिव आनंद दास, सचिव इरा मल्लिक एवं कोषाध्यक्ष कुमार रंजीत लाल दास ने संयुक्त रूप से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राकेश कुमार की यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि परिश्रम, समर्पण एवं अनुशासन के बल पर किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल कादिराबाद में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



रंगोली के साथ विद्यालय के बच्चे।

दरभंगा (एनएसबी)। दिल्ली पब्लिक स्कूल कादिराबाद, दरभंगा में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों एवं उनमें किए गए रंग सम्मिश्रण को देखकर सभी लोग भावुक एवं प्रसन्नचित्त दिखे। प्रतियोगिता में कुल 26 दल बनाए गए जिसमें तीन विषयों को रेखांकित किया गया। इन तीन विषयों को तीन-तीन समूहों में बांटा गया।

कक्षा चौथी-पांचवीं प्रथम समूह जिसके अंतर्गत दिवाली स्पेशल दीया एवं फूल, कक्षा छठी-सातवीं द्वितीय समूह अल्पना एवं वर्ली आर्ट तथा आठवीं, नवीं एवं दसवीं को तृतीय समूह के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण थीम आधारित रंगोली बनाना थी शिक्षक-शिक्षिकाओं का यथोचित समन्वय एवं मार्गदर्शन छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों की रचनात्मकता, कलात्मक कौशल और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। बच्चों के द्वारा बनाए गए रंगोली को तीन जजों के समूह के द्वारा मूल्यांकन किया गया` आज के प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसकी समस्त विद्यालय परिवार द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक, चेयरमैन, प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्य महोदय ने सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं एवं छात्र -छात्राओं को दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

दरभंगा को अंतरराष्ट्रीय व्यापार का प्रमुख केंद्र बनाने की हो रही पहल : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

डिस्ट्रिक्ट एज एक्सपोर्ट हब के रूप में दरभंगा का हुआ चयन



डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र की मखाना, मिथिला पेंटिंग, एवं अन्य स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने, किसानों की आय बढ़ाने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के उद्योग तथा वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा दरभंगा में निर्यात एवं सुविधा केंद्र खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय के द्वारा किए जा रहे पहल की जानकारी देते हुए बताया कि मिथिला की आर्थिक समृद्धि और दरभंगा को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई कर दी गई है है तथा केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने दरभंगा में व्यापार एवं निर्यात सुविधा केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव तथा संपूर्ण क्षेत्र को निर्यात की दृष्टि से विकसित करने की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। सांसद डॉ. ठाकुर ने बताया कि 22 जुलाई, 27 अगस्त, 03 सितंबर एवं 06 सितंबर 2026 को केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर दरभंगा में व्यापार एवं निर्यात सुविधा केंद्र की स्थापना, मिथिला के मखाना सहित जीआई टैग प्राप्त उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन, निर्यात संबंधी बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा स्थानीय किसानों एवं उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की मांग की थी तथा केंद्रीय मंत्री ने इन प्रस्तावों को विदेश व्यापार महानिदेशालय कोलकाता के क्षेत्रीय प्राधिकारी के संज्ञान में लाने तथा जिला निर्यात संवर्धन समिति के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी है। सांसद डॉ ठाकुर जी बताया कि केंद्र सरकार की डिस्ट्रिक्ट एज एक्सपोर्ट हब पहल के अंतर्गत दरभंगा के निर्यात योग्य उत्पादों की पहचान एवं उनकी निर्यात क्षमता बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है तथा इस दिशा में 25-26 अगस्त 2026 को मखाना की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय समीक्षा एवं मूल्यांकन किया गया था तथा 26 अगस्त को किसानों, उत्पादकों एवं निर्यातकों के लिए निर्यात प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं और डीजीएफटी की डिजिटल सुविधाओं से संबंधित कार्यशाला भी आयोजित की थी जिसके बाद इस तरह की पहल को धरातल पर साकार किया जा रहा है। दरभंगा में प्रस्तावित व्यापार एवं निर्यात सुविधा केंद्र के माध्यम से स्थानीय उत्पादकों को निर्यात पंजीकरण, गुणवत्ता मानक, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स, बाजार की जानकारी और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से संपर्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

कुशेश्वरस्थान में 155 घाटों की सफाई का जिम्मा स्वच्छता कर्मियों

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। प्रखंड में छठ पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। प्रखंड के 155 छठ घाटों की सफाई और वहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने स्वच्छता कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख हीरा प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई इसमें जनप्रतिनिधि समाज के लोग और पंचायत स्वच्छता कर्मी शामिल हुए। बैठक में घाटों की सफाई और वहां तक जाने वाले खराब रास्तों की मरम्मत पर चर्चा हुई वीडियो चंदन कुमार ने बताया कि प्रखंड में कुल 155 घाटों पर छठ मनाया जाता है उन्होंने कहा कि सभी घाटों की सफाई और जरूरी व्यवस्था करनी है छठ घाटों की सफाई के लिए सरकार की ओर से अलग फंड नहीं मिलता। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षकों को अपने-अपने पंचायत के स्वच्छता कर्मियों से घाट की सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इस काम में जीविका कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा बैठक में घाटों तक जाने वाले खराब रास्तों की पहचान कर उनकी मरम्मत कराने और आसपास जमा गंदगी हटाने पर भी जोर दिया गया। इसमें भारतीयों और श्रद्धालुओं को अर्घ देने में परेशानी नहीं होगी बैठक में मधु कांत झा मिंटू मणिकांत झा भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी दयानंद प्रसाद प्रशांत झा दयाल झा शंकर चौधरी वीरभद्र चौधरी और पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक धनंजय चौधरी समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे।

दीपावली की भीड़ से यातायात व्यवस्था चरमराई चौक-चौराहों पर घंटों जाम से लोग परेशान

मधुबनी (एनएसबी)। दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। त्योहार की तैयारियों के बीच बाजारों में बढ़ी चहल-पहल का असर अब शहर की यातायात व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर मुख्य सड़कों और गलियों तक दिनभर जाम की स्थिति बनी रह रही है। इससे आम लोगों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के शंकर चौक, किशोरीलाल चौक, बस स्टैंड रोड, बाटा चौक, कोतवाली चौक, रेलवे स्टेशन के आसपास तथा अन्य प्रमुख बाजार क्षेत्रों में वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। कई जगहों पर सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहनों की पार्किंग होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। ई-रिक्शा, ऑटो और दोपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या भी जाम की समस्या को गंभीर बना रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था नहीं दिख रही है। जहां पुलिसकर्मी तैनात हैं, वहां भी वाहनों के अनियंत्रित परिचालन और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और पैदल बाजार पहुंचने वाले लोगों को हो रही है। थोड़ी दूरी तय करने में भी लोगों को काफी समय लग रहा है।दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत महसूस की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और यातायात पुलिस से प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, नो-पार्किंग जोन को सख्ती से लागू करने तथा बाजार क्षेत्रों में वाहनों के परिचालन के लिए विशेष रूट निर्धारित करने की मांग की है।लोगों का कहना है कि त्योहार तक बाजारों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में समय रहते विशेष ट्रैफिक प्लान लागू नहीं किया गया तो जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और यातायात विभाग लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाते हैं।



खरीदारी करते लोग।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के साथ 18 नवंबर को होगा शौर्य संवाद का आयोजन

मधुबनी (एनएसबी)। भूतपूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के सम्मान, कल्याण तथा उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आगामी 18 नवंबर 2026 को शौर्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम

पूर्वाह्न 10 बजे रहिका प्रखंड कृषि कार्यालय में आयोजित होगा कार्यक्रम

पूर्वाह्न 10:00 बजे प्रखंड कृषि कार्यालय, रहिका में निर्धारित है। इस आशय की जानकारी जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि शौर्य संवाद के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। इस दौरान उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना जाएगा तथा उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी।जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने मधुबनी जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों से निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है, ताकि वे शौर्य संवाद में भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा कर सकें।

दीपावली, छठ पर्व त्योहार का कपड़े, फर्नीचर समेत अन्य सामान जल कर राख

मधुबनी (एनएसबी)। जयनगर शहरी क्षेत्र के मेन रोड वार्ड 02 स्थित बैरोलिया मार्केट कम्प्लेक्स के बैंक ऑफ इंडिया के नीचे स्थित न्यू स्मार्ट टेलर एक दुकान में आग लगने से भारी क्षति हुई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह जब मार्केट के बाहर एक चाय दुकानदार अपना दुकान खोलने आया तो देखा कि मार्केट कम्प्लेक्स स्थित बंद पड़े टेलर दुकान से धुआं आ रहा है । पूरा मार्केट कम्प्लेक्स बंद था। मामले कि जानकारी टेलर दुकानदार मो.कुदुश को दी गई। टेकर दुकानदार मामले की सूचना पा कर अपने परिजनों के साथ मार्केट कम्प्लेक्स स्थित अपने टेलर दुकान पहुँचा। दुकान के शटर के नीचे से धुंआ निकल रहा था। टेलर दुकान ताला बंद था। दुकानदार हड़बड़ी में दुकान का चाभी भूल गया था। दुकान का ताला तोड़कर टेलर दुकान को खोला गया। दुकान में आग लगने से दुकान में रखे सभी सामान जल कर राख हो चुका था। आग लगने की घटना पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। दुकानदार व लोगों ने दुकान में लगे हुए आग पर काबू पाने के लिए कार्य करने लगे। मामले की जानकारी जयनगर अग्निशमन कार्यलय को दी गई। मामले की सूचना पा कर अग्निशमन पदाधिकरी खुशबू कुमारी फायर ब्रिगेड वाहन व कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर दुकान में लगे हुए आग पर काबू पाया। ट्रेलर दुकान में 05 सिलाई मशीन सेट, पूर्व से रखे सिले कपड़े ,नए कपड़े, ग्राहकों के कपड़े, इन्वर्टर, बैट्री, बिजली रीडिंग मीटर, दीपावली और छठ पर्व त्योहार को लेकर दर्जनों ग्राहकों के सिलने के लिए रखे कई कपड़े सेट ,फर्नीचर समेत अन्य सामान जल कर राख हो गया। टेलर दुकानदार सिलाई करके अपना और अपने पूरे परिवार भरण पोषण करते है। घटना के पश्चात दुकानदार मो.कुदुश व परिजन बदहवास है। मामले को लेकर अग्निशमन को आवेदन दिया गया है। लगभग 03 लाख का क्षति बताया जा रहा है। आग लगने की घटना के कारण का पता नहीं चल सका है। मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी दी जा रही है।।।

अज्ञात महिला का शव बरामद, क्षेत्र में चर्चा का माहौल

मधुबनी (एनएसबी)। जयनगर में शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, जयनगर बस्ती पंचायत स्थित रेलवे गुमटी से दक्षिण रेल पटरी के पास महिला का शव बरामद हुआ। प्रथम दृष्ट्या महिला की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। महिला की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। घटना किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात महिला की मौत को लेकर इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस की जांच और महिला की पहचान होने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

दोषी पुलिस एएसआई की अविलंब गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल के जरिए फांसी की सजा सुनिश्चित हो : भाकपा-माले

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के बाबूबरही प्रखंड अंतर्गत बलिराजगढ़ में पुलिस गोलीकांड के विरोध में शुक्रवार को भाकपा-माले जिला कमेटी के नेतृत्व में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। जिला सचिव ध्रुव नारायण कर्ण के नेतृत्व में निकला मार्च मधुबनी रेलवे स्टेशन से समाहरणालय तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रतिवाद मार्च के माध्यम से भाकपा-माले ने गोलीकांड में मारे गए अशोक यादव के आश्रित परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा देने तथा परिवार के एक सदस्य को अविलंब सरकारी नौकरी देने की मांग की। इसके साथ ही गोलीकांड में घायल लोगों का समुचित एवं निःशुल्क इलाज कराने और प्रत्येक घायल को एक-एक लाख रुपये मुआवजा देने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस पदाधिकारी को तत्काल गिरफ्तार करने की भी मांग की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले जिला सचिव ध्रुव नारायण कर्ण ने बलिराजगढ़ गोलीकांड की घटना की विस्तार से चर्चा करते हुए भाजपा-जदयू सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पुलिस गोलीकांड की जिम्मेदारी सरकार की है। सरकार के शासनकाल में पुलिस का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि आम जनता पर गोली चलाने से भी पुलिस पीछे नहीं हट रही है। यह घटना बढ़ते पुलिसिया मनोबल और निरंकुशता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस की गोली से एक व्यक्ति की मौत और कई लोगों का घायल होना लोकतंत्र एवं कानून के शासन पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। भाकपा-माले दोषी पुलिस पदाधिकारी की अविलंब गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कठोरतम सजा सुनिश्चित करने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि वर्दी की आड़ में आम नागरिकों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि 7 नवंबर को भाकपा-माले के विधान परिषद सदस्य शशि यादव, पूर्व विधायक कॉ. सत्यदेव राम, राज्य कमेटी सदस्य बैद्यनाथ यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता बलिराजगढ़ जाकर गोलीकांड से पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान पीड़ित परिवारों की स्थिति और उनकी मांगों की जानकारी लेकर न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रतिवाद मार्च एवं सभा में राज्य कमेटी सदस्य श्याम पंडित, जिला कमेटी सदस्य भूषण सिंह, किशोर कामत, योगानंद मंडल, नवल किशोर यादव, उत्तीम पासवान, कामेश्वर राम, मदन चंद्र झा, सुनीता सदाय, ईमानदार, राम आशीष राम, सज्जन सदाय, शिखेश्वर पासवान, अशर्फी सदाय, योगेंद्र महतो, संतोष कामत, योगेंद्र यादव, महाकांत यादव, विकास यादव सहित सैकड़ों भाकपा-माले नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

दीपावली से पहले मद्यनिषेध विभाग ने भारी मात्रा में किया शराब जप्त

दरभंगा (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग द्वारा लगातार सघन छापेमारी एवं विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध टीम, दरभंगा ने शराब की अवैध खेप के परिवहन की सूचना पर खोजबीन एवं छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान एक बंगाल की डीसीएम ट्रक के समस्तीपुर जिले की सीमा में प्रवेश कर जाने के कारण मद्यनिषेध टीम, दरभंगा द्वारा मद्यनिषेध टीम, समस्तीपुर को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद दोनों जिलों की मद्यनिषेध टीमों द्वारा संयुक्त रूप से ट्रक का सत्यापन एवं जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक से कुल 3,926.520 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी तरफ मद्यनिषेध पुलिस टीम ने सिमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कंसी पुल के निकट पीछा कर एक संदिग्ध कार को पकड़ा। वाहन की तलाशी के दौरान कार से कुल 432 लीटर अवैध विदेशी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 05 लाख 18 हजार रुपये से अधिक बताई गई है, बरामद की गई। इसके अतिरिक्त वाहन से हरियाणा राज्य की एक अन्य नंबर प्लेट भी जब्त की गई। इस संबंध में सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी व्यक्ति कथित तौर पर परिवार के सदस्य बनकर शराब तस्करी के अवैध कारोबार में संलिप्त थे। गिरफ्तार वाहन चालक रोहित हरियाणा के रोहतक जिले का निवासी है, जबकि टीकाराम, सुमित एवं आशा (महिला) हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले हैं।

पर्व त्योहारों को देखते हुए विद्यालय परिवार की ओर से धोती, साड़ी का किया गया वितरण

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विधालय छोडहिया के परिसर में दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर विद्यालय परिवार की ओर से पर्व त्योहार में आने वाले कई फल सहीत कई वस्तुओं का वितरण किया गया,इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत रसोईया सह सहायक एवम सफाई कर्मी को विद्यालय प्रधानाध्यापक रानी कुमारी की अध्यक्षता में सभी को साड़ी, धोती, गमछा, गंजी सहित अन्य सामग्री वितरित किए गए. सभी सामग्री प्रकार सभी रसोइया एवं सफाई कर्मी काफी खुश हुए एवं प्रसन्न चित मुद्रा में समान प्राप्त किया. इस मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक सह परिवर्तनकाारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विकास कुमार ठाकुर, शिक्षिका आरती कुमारी ,बसंत कुमार राय. वही रसोईया समुद्री देवी, योगेंद्र सदाय, सरिता देवी, शिव सदाय सहित सभी रसोइया एवं सफाई कर्मी उपस्थित थे।



सम्मान प्राप्त करते रसोईया।

हनुमान मंदिर बांका के समिति के द्वारा निकली भव्य कलश शोभायात्रा

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के हनुमान मंदिर बांका मे हनुमान जयंती पूजा महोत्सव को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई. गाजे-बाजे और भक्तिमय माहौल के बीच निकली इस शोभायात्रा में कुंवारी कन्याओं ने हिस्सा लिया. वहीं गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल हो गया. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कन्याओं ने कलश में पवित्र जल भरा. इसके बाद पूरे गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा पुनः पूजा स्थल पहुंची, जहां कई विद्वान पंडितों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ कलश स्थापित किया गया. पूर्व जिला पार्षद बबली यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय यादव ने प्रथम कलश देखकर शोभायात्रा प्रारंभ की.



शोभा यात्रा निकालते।

उन्होंने बताया कि गांव में शांति, समृद्धि, आपसी प्रेम और भाईचारे को बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष पूजा-अर्चना की जाती है।

अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक

मधुबनी (एनएसबी)। अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। ड्डदीपावली वर्षा ऋतु के जाने और ठंड की शुरूआत का संधिकाल होता है। इस मौसम में नमी के कारण हानिकारक कीटों और फफूंदी के पनपने का खतरा होता है। घरों की साफ-सफाई से यह खतरा कम होता है। गाय के घी और शुद्ध तेल के दीपक जलाने से निकलने वाली सूक्ष्म ऊर्जा और ऊष्मा से आसपास के हानिकारक जीवाणु नष्ट होते हैं और हवा शुद्ध होती है स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि परंपरा में प्रयोग होने वाले कपूर, हवन सामग्री और दीयों से निकलने वाली गंध वातावरण में मौजूद रोगाणुओं को नियंत्रित करने में सहायक मानी जाती है। इस साल (2026) दीपावली और काली पूजा 8 नवंबर 2026 (रविवार) को मनाई जा रही है। शुभ मुहूर्त इस प्रकार हैं।

दीपावली हमें "तमसो मा ज्योतिर्गमय" (अंधेरे से प्रकाश की ओर) का संदेश देती है। यह हमारे भीतर के अज्ञान, अहंकार, स्वार्थ और नकारात्मकता को दूर करके आत्मज्ञान और प्रेम का दीप जलाने का समय है।

दीपावली (लक्ष्मी-गणेश पूजा) शुभ मुहूर्त

प्रदोष काल मुहूर्त : शाम 05:31 बजे से रात 08:09 बजे तक (मुख्य लक्ष्मी पूजा का समय शाम 05:54 से 07:50 बजे तक रहेगा)।

स्थिर लग्न मुहूर्त : शाम 05:31 बजे से शाम 07:54 बजे तक।

निशिता काल मुहूर्त (रात्रि पूजा): रात 11:39 बजे से 12:31 बजे तक।

काली पूजा (श्यामा पूजा) शुभ मुहूर्त

निशिता काल मुहूर्त : रात 11:41 बजे से रात 12:29 बजे (या 12:31 बजे) तक।

हनुमान जयंती जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई

मधुबनी (एनएसबी)। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि (नरक चतुर्दशी या छोटी दीपावली) के अवसर पर कई स्थानों पर हनुमान जयंती (हनुमान जन्मोत्सव) हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई।इस दिन भक्त हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, सुंदरकांड का पाठ, और हनुमान चालीसा का वाचन करते हैं। मंदिरों को दीपों और फूलों से सजाया जाता है तथा प्रसाद का वितरण किया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर में दक्षिण मुखी युगल हनुमान जी का विशेष पूजा पाठ और हनुमान जी को 56 प्रकार के भोग अर्पण किया गया। इस अवसर पर पंडित मयंक मिश्रा, पंडित जय राम झा के वैदिक मंत्रों से बातावरण भक्तिमय रहा। इस मौके पर भजन संध्या कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्त झूमने लगे।

मंदिर के सचिव राजू राज ने कहा भक्तों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए पूरा ध्यान रखा गया, मंदिर के अध्यक्ष पूर्व वार्ड पार्षद कैलाश शाह ने कहा हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी भक्तों की संख्या में वृद्धि हुई है। हनुमान जी के सेवा में मंदिर के सदस्य के साथ साथ श्रद्धालु भक्तों और विशेष कर स्थानीय युवा वर्गों अधिक योगदान रहता है। पंडित पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि कार्तिक मास में हनुमान जयंती (या जन्मोत्सव) मनाने की धार्मिक और पौराणिक प्रमाणिकता विभिन्न ग्रंथों में मिलती है। कई धार्मिक मान्यताओं और कथाओं के अनुसार, महर्षि वाल्मीकि रामायण के आधार पर भगवान हनुमान का जन्म कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि (जिसे नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है) को माता अंजनी के गर्भ से हुआ था। वर्ष में दो बार मनाए जाने का कारण कार्तिक मास (कृष्ण चतुर्दशी): इस तिथि को कई ग्रंथों और परंपराओं में हनुमान जी का वास्तविक जन्मदिन (प्रकटोत्सव) माना जाता है।चैत्र मास (पूर्णिमा): उत्तर भारत और कई अन्य स्थानों पर चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के दिन भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन उन्हें नया जीवन या विजय अभिनंदन से जुड़ी विशेष मान्यता प्राप्त हुई थी। हनुमान चालीसा की प्रसिद्ध पंक्ति— "अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता, अस वर दीन जानकी माता"—में हनुमानजी को आठ सिद्धियों और नौ निधियों का स्वामी बताया गया है। आध्यात्मिक और ऊर्जा विज्ञान के दृष्टिकोण से इनका सीधा संबंध प्रकृति, भौतिक ऊर्जा और मानसिक नियंत्रण से है। हनुमान जी की विशेष पूजा करने से भक्तों को साहस, बल, और हर प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है।

महाकवि विद्यापति गीत कार्यशाला का भव्य समापन, प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र व उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान



कार्यक्रम को उद्घाटन करते।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते।

मधुबनी (एनएसबी)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, मधुबनी के तत्वावधान में जिला परिषद परिसर स्थित आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र में 04 से 07 नवम्बर 2026 तक आयोजित चार दिवसीय महाकवि विद्यापति गीत कार्यशाला का शनिवार को गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक पंडित राधा मोहन मिश्र द्वारा प्रशिक्षुओं को विद्यापति पदावली के गायन, भावार्थ, शुद्ध उच्चारण, राग, स्वर, लय एवं ताल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में प्रोफेसर उदय नारायण तिवारी, प्रख्यात तबला वादक पंडित रवि शंकर मिश्र तथा दूरदर्शन कलाकार पंडित काशी नाथ झा उपस्थित रहे। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार द्वारा सभी अतिथियों को मिथिला की परंपरा के अनुरूप पाग एवं दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी का उद्बोधन एवं अतिथियों के विचार

अपने संबोधन में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार ने कहा कि महाकवि विद्यापति मैथिली साहित्य एवं भारतीय भक्ति संगीत परंपरा के अमूल्य धरोहर हैं। उनकी पदावली में भक्ति, प्रेम एवं अध्यात्म का अद्भुत समन्वय है। इस कार्यशाला का उद्देश्य नई पीढ़ी को विद्यापति संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ना एवं इसके संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को नियमित अभ्यास में शामिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रोफेसर उदय नारायण तिवारी ने विद्यापति के साहित्यिक व्यक्तित्व, मैथिली भाषा एवं उनकी पदावली की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। पंडित रवि शंकर मिश्र ने विद्यापति संगीत के शास्त्रीय एवं तालात्मक पक्ष तथा लय और ताल के महत्व को समझाया। दूरदर्शन कलाकार पंडित काशी नाथ झा ने विद्यापति गीतों की पारंपरिक गायन शैली एवं शुद्ध उच्चारण पर अपने विचार रखे। मुख्य प्रशिक्षक पंडित राधा मोहन मिश्र ने चार दिवसीय प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षुओं की लगन एवं सीखने की उत्सुकता की सराहना की।

प्रशिक्षुओं की सांगीतिक प्रस्तुतियां

समारोह में आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं द्वारा विद्यापति पदावली पर आधारित सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं।

भैरवी समूह ने 'जय जय भैरवि असुर भयाउनि' प्रस्तुत किया। शीतल ने तबले तथा पंखुड़ी ने हारमोनियम पर संगत की।

मंदाकिनी समूह ने ह्यसुनु सुनु रसियाह्ल गीत प्रस्तुत किया। कृति ने तबले तथा पल्लवी ने हारमोनियम पर संगत की।

उगना समूह ने 'नंदक नंद कदम तरु बैसल' प्रस्तुत किया। श्याम सुंदर मिश्रा ने हारमोनियम तथा आकाश ने तबले पर संगत की।

विद्यापति समूह ने 'गे माई हम रहब' गीत प्रस्तुत किया। आनंद ने हारमोनियम तथा स्वास्तव प्रखर ने तबले पर संगत की।

इन प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने चार दिवसीय प्रशिक्षण में अर्जित संगीत कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षुओं ने साझा किए अनुभव एवं मूल्यांकन परीक्षा में हुए पुरस्कृत

गायन प्रशिक्षु सुश्री प्राची झा ने चार दिवसीय कार्यशाला के अनुभव साझा करते हुए पंडित राधा मोहन मिश्र से प्राप्त प्रशिक्षण, विद्यापति पदावली के भावार्थ, शुद्ध उच्चारण, राग, स्वर, लय एवं ताल की बारीकियों का उल्लेख किया। उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने संगीत जीवन में आत्मसात करने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यशाला के अंतर्गत 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रथम पुरस्कार : आनंद कुमार ठाकुर एवं रूबी कुमारी (संयुक्त रूप से)।

द्वितीय पुरस्कार : श्याम सुंदर मिश्रा, कुमारी स्मृतिलता एवं पंखुड़ी कुमारी (संयुक्त रूप से)।

तृतीय पुरस्कार : कृतिवाला कुमारी, मंजरी मिश्रा, पंकज कुमार एवं कृति कुमारी (संयुक्त रूप से)।

सभी प्रशिक्षुओं को जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार द्वारा सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। वहीं, चार दिवसीय कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं योगदान के लिए मुख्य प्रशिक्षक पंडित राधा मोहन मिश्र को सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विशेष सांगीतिक प्रस्तुति एवं समापन

कार्यक्रम के अंतिम चरण में पंडित राधा मोहन मिश्र एवं प्रख्यात तबला वादक पंडित विश्वंभर मिश्रा द्वारा विद्यापति रचित ह्यउगना रे मोर कतए गेलाहह्ल गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इसमें प्रख्यात तबला वादक पंडित रवि शंकर मिश्र ने तबले पर संगत की। इस विशेष प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र के युवा कवि एवं प्रशिक्षु शुभम ने कार्यशाला के अनुभव साझा करते हुए आभार व्यक्त किया। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री शशि चौरसिया द्वारा किया गया। वहीं, चारों दिनों तक संगीत सत्रों में संगतकर्ता के रूप में श्री चंद्रशेखर नाथ झा ने उत्कृष्ट योगदान दिया।

अंत में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी प्रशिक्षुओं, मुख्य प्रशिक्षक, आमंत्रित अतिथियों, आयोजन सहयोगियों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह चार दिवसीय कार्यशाला महाकवि विद्यापति की अमूल्य संगीत एवं साहित्यिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा मैथिली भाषा, लोकसंस्कृति एवं संगीत परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

मुजफ्फरपुर पुलिस की पहल : धनतेरस की रात से प्रारंभ होकर 17 नवंबर तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक यात्रियों को मिलेगी सुविधा

दीपावली–छठ पर प्रवासियों के लिए रेलवे स्टेशन से निशुल्क रात्रि बस सेवा शुरू

नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। दीपावली और छठ महापर्व के अवसर पर देर रात ट्रेनों से मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले प्रवासी यात्रियों के लिए जिला पुलिस ने एक बेहद सराहनीय और सुरक्षित पहल की है। मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर स्टेशन से प्रवासियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए निशुल्क यात्री बस सेवा की शुरूआत की गई है।

इस विशेष मुहिम का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के सीजन में देर रात घर लौटने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करना और उनके साथ होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध या छिनतई की घटनाओं को रोकना है। धनतेरस और दीपावली के पहले शनिवार की देर रात कई महत्वपूर्ण ट्रेनों से भारी संख्या में प्रवासी लोग मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंचे। अमूमन रात के समय स्टेशन पर उतरने के बाद लोगों को अपने घर जाने के लिए ऑटो या अन्य निजी वाहनों के लिए भटकना पड़ता था, साथ ही सुरक्षा का डर भी सताता था। लेकिन इस बार जैसे ही यात्री स्टेशन से बाहर निकले, उन्हें पुलिस की देखरेख में मुस्तैद निशुल्क बस सेवा मिली। पूरी सुरक्षा और पुलिसकर्मियों की तैनाती के बीच प्रवासियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। पुलिस की इस संवेदनशीलता और अनूठी व्यवस्था को देखकर यात्रियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने मुजफ्फरपुर के एसएसपी तथा जिला पुलिस टीम को दिल से धन्यवाद दिया।


देर रात स्टेशन पर ट्रेन से उतरने वाले लोगों को सुरक्षित घर पहुंचाने को ले शुरू की गई फ्री पुलिस बस सेवा।

बसें मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन और बैरिया बस स्टैंड से खुलकर शहर के विभिन्न प्रमुख रूटों जैसे चांदनी चौक, जीरो माइल, कांटी, मोतीपुर, मारीपुर, गोबरसही और भगवानपुर आदि क्षेत्रों तक जा रही

बताया गया कि यह विशेष सेवा विशेष रूप से रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक संचालित की जा रही है, जो 6 नवंबर से 17 नवंबर तक लगातार जारी रहेगी। बसें मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन और बैरिया बस स्टैंड से खुलकर शहर के विभिन्न प्रमुख रूटों जैसे चांदनी चौक, जीरो माइल, कांटी, मोतीपुर, मारीपुर, गोबरसही और भगवानपुर आदि क्षेत्रों तक जा रही हैं। इस मामले को लेकर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि मुजफ्फरपुर पुलिस आम जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। त्योहारों के इस मौके पर बाहर से आने वाले हमारे भाई-बहनों को कोई असुविधा न हो और वे सुरक्षित अपने परिवार के साथ खुशियां मना सकें, यही पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस बल की तैनाती में चल रही इस सेवा का लाभ कोई भी यात्री उठा सकता है। जिला पुलिस की इस मानवीय पहल की पूरे क्षेत्र में जमकर तारीफ हो रही है।

संक्षिप्त खबरें

गायघाट टोल प्लाजा का अकाउंटेंट 3 लाख रुपये, लैपटॉप और दस्तावेज लेकर फरार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र स्थित मैठी एनएच-27 टोल प्लाजा के अकाउंटेंट पर तीन लाख रुपये गबन कर लैपटॉप और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में टोल प्लाजा का संचालन करने वाली कंपनी मेसर्स विवेक कंस्ट्रक्शन के प्रबंधक अनूप सिंह की शिकायत पर गायघाट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें अकाउंटेंट राजेश दुबे को नामजद किया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कंपनी की आंतरिक जांच में तीन लाख रुपये का हिसाब नहीं मिला। आरोप है कि अकाउंटेंट ने कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने का लालच देकर उनसे करीब 50 हजार रुपये भी लिए। इसके अलावा खाने-राशन के नाम पर फर्जी बिल बनाने और डीजल खरीद के बिलों में हेराफेरी करने का भी आरोप लगाया गया है। कंपनी की जांच में पता चला कि राजेश दुबे 30 अगस्त को मां की तबीयत खराब होने की बात कहकर


मैठी टॉल प्लाजा, जहाँ से फरार हुआ अकाउंटेंट राजेश दुबे।

छुट्टी पर गया था। इसके बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा और कुछ दिनों बाद उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया। आरोप है कि वह लैपटॉप और कई जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गया है। गायघाट थानाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

एसयूसीआई(कम्युनिस्ट) के कार्यकर्ताओ ने मनाया महान नवंबर क्रांति दिवस

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सरैया प्रखंड के बसरा बाजार पर शनिवार को एस यू सी आई (कम्युनिस्ट) पार्टी द्वारा महान नवंबर क्रांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडातोलन और लेनिन एवं स्तालिन की तस्वीर पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के सरैया उतरी कमेटी इंचार्ज माधव भक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महान नवंबर क्रांति दिवस से सीख लेते


महान नवंबर क्रांति दिवस पर पार्टी के नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते पार्टी के लोग।

हुए छात्र नौजवानों को आज के संकटग्रस्त पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ फेंककर समाजवादी व्यवस्था कायम करने के लिए संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने लोगो को नवंबर क्रांति के संबंध मे बताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओ से वर्तमान की पूंजीवादी पोषक सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आव्हान किया।कार्यक्रम में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पश्चिमी जिला कमेटी सदस्य रंजीत कुमार राय, टुनटुन प्रजापति, रामबाबू राय,योगेंद्र ठाकुर, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, दिनेश भगत, मनोज गिरी, हरि भगत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुजफ्फरपुर में 15 जीविका दीदियों को मिले ई-रिक्शा, स्वरोजगार से बढ़ेगी महिलाओं की आमदनी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन एवं जीविका की पहल पर बोचहां प्रखंड की 15 जीविका दीदियों को ई-रिक्शा वितरित किए गए। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में सभी चयनित महिलाओं को ई-रिक्शा सौंपे गए। इस पहल के तहत कुल 15


जिलाधिकारी द्वारा सौपे गए ई रिक्शा के साथ जीविका की महिलाएं।।

बोचहां प्रखंड की महिला उद्यमियों को मिली नई सौगात

10 ई-रिक्शा यात्री परिवहन और 5 माल ढुलाई में होंगे इस्तेमाल

ई-रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें 10 ई-रिक्शा यात्री परिवहन के लिए, जबकि पांच ई-रिक्शा माल एवं अन्य वस्तुओं की ढुलाई के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। लाभार्थी महिलाओं का चयन बोचहां प्रखंड के करीब पांच संकुल स्तरीय संघों (सीएलएफ) से किया गया है। सभी महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं।

बागमती की उपधारा में डूबने से दो बच्चों की मौत

कटरा के बसघट्टा गांव में हादसा, परिवार में मचा कोहराम

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। कटरा थाना क्षेत्र के बसघट्टा गांव में शनिवार की दोपहर बागमती नदी की उपधारा में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर गांव में कोहराम मच गया। मृतक दोनों बच्चे की पहचान सुरेश महतो के 12 वर्षीय पुत्र ऋषभ कुमार एवं राम हृदय पंडित के लगभग 11 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार के रूप में हुई है। वही घटना की मिली सुचना पर कटरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुरे मामले की जानकारी ली।

साथ हीं दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद कुमार दास ने बताया कि दोनों बच्चे गांव के अन्य दोस्तों के साथ शनिवार की दोपहर बागमती परियोजना बांध पर खेलने निकले थे। बताया गया है कि इसी क्रम में ऋषभ कुमार और आदर्श


मृतक ऋषभ कुमार। *फाइल फोटो।*


मृतक आदर्श कुमार। *फाइल फोटो।*

बागमती की उपधारा की तरफ शौच के लिए गए। ग्रामीणों का कहना है कि शौच के दौरान हीं एक बच्चे का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी मे जा गिरा, वही उसे बचाने के लिए दूसरा बच्चा भी गहरे पानी में गया और दोनों बच्चों की गहरे पानी मे डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही ग्रामीण और दोनों बच्चो के परिजन घटनास्थल पर पहुँचे। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से नदी की उपधारा में डूबे दोनों बच्चों को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तबतक दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।

दोनों बच्चों की मौत की खबर फैलते हीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों के अनुसार ऋषभ अपने माता पिता का एकलौता संतान था, वहीं मृतक आदर्श दो भाइयो मे बड़ा था। अचानक गांव में हुई इस घटना को लेकर पूरा गांव शोकाकुल है, वही दोनों मृतक बच्चों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस मामले मेंकि कटरा अंचलाधिकारी सुशीला कुमारी ने घटना पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मामले की जांच कर दोनों बच्चों के पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराया जाएगा।

गैस पाइप विस्फोट के पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरित


राहत सामग्री का वितरण करती प्रधान जिला जज एवं विधिक सेवा प्राधिकार की टीम।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही में पिछले दिनों हुए गैस पाइप विस्फोट हादसे से प्रभावित परिवारों के बीच शनिवार को राहत सामग्री का वितरण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्वेता कुमारी सिंह ने एक विवाह भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान महिलाओं, बच्चों और अन्य जरूरतमंदों के बीच साड़ी, गमछा, शर्ट-पैंट, कंबल, शॉल एवं बच्चों के कपड़े वितरित किए गए। पीड़ित परिवारों से बातचीत करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि जिला प्रशासन मुआवजा देने की प्रक्रिया में जुटा है और सभी प्रभावित परिवारों को जल्द मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी की मृत्यु से हुई क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सभी पीड़ितों को निःशुल्क कानूनी सहायता भी प्रदान की जाएगी। जरूरतमंद लोग व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने हरसंभव मदद का दिया भरोसा

संत जोसफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में दिखाई अपनी कला प्रतिभा

कांटी (एनएसबी)। कांटी प्रखंड क्षेत्र के पानापुर करियात बंगरा स्तिथ संत जोसफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में दीपावली पर्व के पावन अवसर पर शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मी, सरस्वती ग्रुप, शारदा ग्रुप व लक्ष्मी ग्रुप मे शामिल स्कूल की छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभा को प्रदर्शित किया। ग्रुप में विद्यालय के वर्ग 6 से 10 तक की छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार व व्यवस्थापिका गीता राय ने छात्राओं के द्वारा बनाए गए आकर्षक रंगोली का अवलोकन किया एवं काफी आकर्षक रंगोली देखकर छात्राओं की कला प्रतिभा की प्रशंसा की।

निदेशक प्रमोद कुमार व व्यवस्थापिका गीता राय ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को शैक्षणिक जानकारी देने के साथ-साथ कला, सामाजिक स्थित और खेलकूद के बारे में भी प्रशिक्षण एवं जानकारी दी जाती है, ताकि बच्चे वर्तमान के प्रतिस्पधार्वादी माहौल में स्वयं को ढाल सके। विद्यालय के प्रिंसिपल भोला प्रसाद मिश्रा ने कहा कि खुशी की बात है कि आज के परिवेश में छात्रायें भी किसी मायने में कम नही है। अपनी क्षमता, ज्ञान और विवेक के बल पर छात्राएं भी हर क्षेत्र में सफल हो रही है। विद्यालय के निदेशक प्रमोद


रंगोली प्रतियोगिता में शामिल हो अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करते स्कूल की छात्राएं।

कुमार, व्यवस्थापिका गीता राय, प्रिंसिपल भोला प्रसाद मिश्रा ने संयुक्त रूप से रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम श्रेणी में आए टीम के सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं उन्हें बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कांटी में जुआ–सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ छह गिरफ्तार; 2.04 लाख नगदी बरामद

नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। कांटी थाना पुलिस ने अवैध जुआ और सट्टा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कॉंटी न्यू मार्केट में छापामारी कर सट्टेबाजी के अड्डे का भंडाफोड़ करते हुए मौके से 6 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार सट्टेबाजों के पास से नगद 2 लाख 4 हजार 200 रुपए, 8 मोबाइल फोन और ताश के चार पैकेट बरामद किया हैं। यह जानकारी देते हुए पश्चिमी एसडीपीओ सुचित्रा कुमारी ने बताया कि


सट्टेबाजी के अड्डे पर छापामारी और सट्टेबाजों की गिरफ्तारी की जानकारी देती एसडीपीओ सुचित्रा कुमारी।

6 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि कांटी न्यू मार्केट स्थित मिश्रा कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल पर बड़े पैमाने पर जुआ और सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापेमारी की और मौके से छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देव नारायण साह, प्रशांत राज, अमित कुमार, अभिजीत कुमार, धीरज कुमार और दिलीप कुमार सिंह के रूप में हुई है।

इस मामले में कांटी थाना कांड संख्या 693/26 के तहत पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि जुआ-सट्टा कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

निजी अस्पताल के बाहर संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के जूरन छपरा चौक पर शनिवार को एक निजी अस्पताल के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी के संग्रामपुर रमना टोला निवासी शिवनाथ साह के पुत्र संजय कुमार के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार संजय कुमार लिवर में सूजन और सीने में पानी जमा होने की समस्या से पीड़ित था। संग्रामपुर और मोतिहारी में इलाज कराने के बावजूद उसकी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा था। इसके बाद बेहतर इलाज की


घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची पुलिस की टीम।

उम्मीद में परिजन उसे चार नवंबर को मुजफ्फरपुर लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि यहां एक बिचौलिये ने बेहतर इलाज का भरोसा देकर उन्हें झांसे में लिया और संजय को जूरन छपरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। मृतक की पत्नी रेणु देवी ने बताया कि शुक्रवार की शाम अस्पताल का पूरा बिल भुगतान

इलाज के बाद हुआ था लापता, मोतिहारी से बेहतर इलाज के लिए आया था संजय कुमार

परिजन ने बिचौलिये पर झांसे में लेकर अस्पताल में भर्ती कराने का लगाया आरोप

करने के बाद उनके पति को डिस्चार्ज कर दिया गया था। इसी दौरान संजय कुमार अचानक अस्पताल से लापता हो गया। परिजनों ने अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शनिवार दोपहर अस्पताल के बाहर सड़क पर उसका शव मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष विपिन रंजन ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही पुलिस अस्पताल और जूरन छपरा चौक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके माध्यम से अस्पताल से युवक के लापता होने से लेकर शव मिलने तक की परिस्थितियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

बाजार समिति मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

सीतामढ़ी (एनएसबी)। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बाजार समिति स्थित मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के महंत राजनारायण दास सहित अन्य साधु-संतों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं



हनुमान जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित साधु-संत व श्रद्धालु।

ने पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में ध्वज पूजन किया गया तथा भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की अच्छी भागीदारी रही। मौके पर पूर्व सैनिक अनिल कुमार, रामछविला साह, शिक्षक संजय यादव, अशोक साह, राजीव कुमार सहित स्थानीय महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। पूरे धार्मिक वातावरण में हनुमान जयंती का उत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

जिले के नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार पासवान ने संभाला कार्यभार

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) दिनेश कुमार पासवान ने शनिवार को सीतामढ़ी पहुंचकर डीईओ का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) ने बुके भेंट कर डीईओ दिनेश कुमार पासवान का अभिनंदन किया। कार्यभार संभालने के बाद डीईओ ने विभागीय



कार्यभार ग्रहण करने के दौरान नए डीईओ का स्वागत करते विभागीय अधिकारी।

अधिकारियों से जिले में शिक्षा व्यवस्था एवं विभागीय कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने, विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लंबित कार्यों के निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नए डीईओ के पदभार ग्रहण करने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में शनिवार को नवंबर माह के प्रथम शनिवार के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत माता श्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। दोपहर 12 बजे पूजा के बाद माता को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। तत्पश्चात करीब 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य समाजसेवी एवं जनता दल (यू) के नगर अध्यक्ष अमित प्रकाश गोल्डी की ओर से किया गया। वे प्रेम कमल साड़ी शोरूम, महावीर मंदिर रोड, कोट बाजार एवं अमित हैंडलूम, मिर्चाईपट्टी, सीतामढ़ी के प्रोपराइटर हैं। आयोजन के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा कर सामाजिक सहयोग और मानवीय संवेदना का संदेश दिया गया।



जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित करते श्रद्धालु।

डॉ. मो. इंतिखाब आलम बने लोजपा रामविलास के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के बाजपट्टी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं दरभंगा सिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मो इंतिखाब आलम को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी मिलने के बाद डॉ. मोहम्मद इंतिखाब आलम ने लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय



लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान से मुलाकात करते डॉ. मो इंतिखाब।

अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चिराग पासवान को बुके भेंट कर आभार जताया। दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर भी सामने आई है। डॉ. इंतिखाब आलम के मनोनयन से सीतामढ़ी और बाजपट्टी क्षेत्र के समर्थकों में उत्साह है। समर्थकों ने कहा कि डॉ. आलम के अनुभव एवं सामाजिक जुड़ाव से पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी और संगठन का विस्तार होगा। उन्होंने डॉ. इंतिखाब आलम के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी से अल्पसंख्यक समाज के बीच पार्टी की गतिविधियों को और गति मिलेगी।

दीपावली एवं छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने स्वच्छ, सुरक्षित, सुगम एवं शांतिपूर्ण पर्व आयोजन को लेकर की बैठक

सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पर्व के दौरान आम नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा सभी आवश्यक नागरिक सुविधाएं सुलभ रहें, इसके लिए विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में स्थलीय निरीक्षण करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया है।

सड़कों की मरम्मति एवं आवागमन को बनाया जाएगा सुगम : पर्व के दौरान दूसरे राज्यों एवं जिलों से बड़ी संख्या में लोगों के अपने घर लौटने तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजारों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ने वाली आवाजाही को देखते हुए संबंधित नगर निकायों एवं ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को प्रमुख सड़कों एवं संपर्क पथों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। क्षतिग्रस्त सड़कों, गड्ढों एवं जलजमाव की समस्या को चिह्नित कर तत्काल मरम्मति कराने तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों एवं छठ घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों को मोटरेबल एवं आवागमन योग्य बनाने का निर्देश दिया गया है। निर्माण एवं मरम्मति कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया है।

सभी विभागों को व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश

छठ घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश एवं नागरिक सुविधाओं की रहेगी समुचित व्यवस्था : सभी छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, कचरा निष्पादन, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, पहुंच पथ एवं बैरिकेडिंग सहित आवश्यक नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। खतरनाक एवं गहरे जल वाले घाटों को चिह्नित कर वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया है।

विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता : दीपावली एवं छठ महापर्व के दौरान बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख चौक-चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, नियमित गश्ती एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। दीपावली के अवसर पर पटाखा दुकानों एवं उनके भंडारण स्थलों का निरीक्षण कर अनुज्ञप्ति, अग्निशमन व्यवस्था एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है।

यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष कार्ययोजना : यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से प्रमुख मार्गों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं छठ घाटों तक जाने वाले रास्तों का निरीक्षण कर यातायात प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है।



जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया।

जाम की संभावना वाले स्थलों को चिह्नित करने, अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण पर कार्रवाई करने तथा आवश्यकता के अनुसार वन-वे, रूट डायवर्जन, नो-एंट्री एवं वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों के निर्बाध परिचालन के लिए विशेष व्यवस्था रखने पर भी बल दिया गया है।

खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं कालाबाजारी पर होगी सख्त निगरानी : पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों की मांग में होने वाली वृद्धि को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग एवं आपूर्ति विभाग को संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। मिठाई दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में मिठाई, खोआ, पनीर, दूध, घी, खाद्य तेल एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता एवं शुद्धता की जांच की जाएगी। खाद्य सुरक्षा मानकों, एफएसएसएआई लाइसेंस, स्वच्छता तथा खाद्य पदार्थों की निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि की भी जांच की जाएगी। संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रयोगशाला जांच हेतु भेजने एवं अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर बिक्री, भंडारण, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर भी विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन सेवाओं को रखा जाएगा अलर्ट : छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं अन्य आकस्मिक परिस्थितियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग को सभी प्रमुख एवं संवेदनशील घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डूबने की घटनाओं से बचाव हेतु गोताखोरों, नावों, लाइफ जैकेट एवं अन्य बचाव उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा राहत एवं बचाव दल को तैयार अवस्था में रखने को कहा गया है। इसके साथ ही एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता तथा जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है।

निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति पर विशेष जोर : विद्युत विभाग को सभी प्रमुख छठ घाटों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवागमन मार्गों का निरीक्षण कर जर्जर विद्युत तारों, खुले तारों, झुके हुए विद्युत पोलों एवं अन्य संभावित खतरनाक विद्युत संरचनाओं को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ट्रांसफार्मर, फीडर एवं अन्य विद्युत उपकरणों की जांच कर आवश्यक मरम्मति समय रहते पूर्ण करने तथा पर्व के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

अग्निशमन व्यवस्था रहेगी पूरी तरह मुस्तैद

सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)। अग्निशमन विभाग को प्रमुख एवं संवेदनशील छठ घाटों पर अग्निशमन वाहन, प्रशिक्षित कर्मियों एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

किसी भी आकस्मिक अग्निकांड अथवा आपात स्थिति से त्वरित निपटने के लिए अग्निशमन दल को आवश्यक संसाधनों के साथ तैयार रखने तथा पर्व की समाप्ति तक निर्धारित स्थलों पर कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

जिला पदाधिकारी श्री सुल्तानिया ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं बेहतर तालमेल के साथ कार्य करने, व्यक्तिगत अभिरुचि लेकर तैयारियों की नियमित समीक्षा करने तथा जिन व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की आवश्यकता है, उन पर बिना विलंब कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। साथ ही, सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के दौरान लिए गए फोटोग्राफ, तैयार कार्ययोजना एवं की गई कार्रवाई की अद्यतन स्थिति जिला प्रशासन के व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा करने का निर्देश दिया गया है, ताकि तैयारियों की सतत निगरानी एवं प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि दीपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ सभी के लिए स्वच्छ, सुरक्षित, सुगम एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो तथा श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

स्काउट-गाइड की सीतामढ़ी जिला इकाई ने धूमधाम से मनाया 77वां स्थापना दिवस



कार्यक्रम में विधान पार्षद रेखा कुमारी, संगठन आयुक्त कैलाश सिंह, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार 'नील' व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड की जिला इकाई सीतामढ़ी का 77वां स्थापना दिवस शनिवार को जानकी स्टेडियम, डुमरा परिसर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कौंसिल की उपाध्यक्ष एवं विधान पार्षद रेखा कुमारी ने स्काउट-गाइड का झंडोत्तोलन कर किया। इस दौरान करीब 100 स्काउट और गाइड ने झंडे को सलामी दी।

इसके बाद स्टेडियम के कार्यालय कक्ष में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता संगठन सचिव-सह-प्राचार्य, कमला बालिका उच्च विद्यालय, डुमरा ने की। मुख्य अतिथि विधान पार्षद रेखा कुमारी ने स्काउट-गाइड को संबोधित करते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने दशहरा के दौरान पूजा पंडालों में स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से पर्व के दौरान कहीं भी कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। इसके लिए उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और बच्चों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर दशहरा सहयोग शिविर में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्काउट-गाइड, स्काउटर, गाइडर एवं संगठन के पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के हस्ताक्षरयुक्त प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संगठन आयुक्त कैलाश सिंह ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार 'नील', संयुक्त सचिव विपिन कुमार प्रसाद, खेल सचिव पंकज सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता हरेंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता रामकृष्ण, राम नारायण पासवान, सुशील दास एवं मो. जमशेद इमाम सहित अन्य उपस्थित थे। स्काउट-गाइड की ओर से विशाल यादव, फहीम राजा, राज गौरव, शुभंकर, महजबी सवा एवं कुमारी अनामिका समेत कई बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से उपस्थित लोगों के बीच मास्क का वितरण भी किया गया।

विधान पार्षद रेखा कुमारी ने किया झंडोत्तोलन, दशहरा में उत्कृष्ट सेवा देने वाले स्काउट-गाइड को मिला प्रशस्ति पत्र

नेपाल के महाकवि देवकोटा के जन्म जयंती समारोह में सीतामढ़ी के कवि मो. कमरुद्दीन नदाफ रहे शामिल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। शिव सावित्री प्रतिष्ठान नेपाल तथा बुढ़यौली साहित्य समाज जिला रौतहट एवं सलार्ही के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चन्द्रनिगाहपुर (चन्द्रपुर) स्थित जनएकता सामुदायिक वन के सभागार में नेपाल के महाकवि लक्ष्मी प्रसाद देवकोटा का 118 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सम्मान समारोह सह रचना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रमोहन अधिकारी कार्यवाहक अध्यक्ष शिवसावित्र प्रतिष्ठान नेपाल ने की एवं मंच संचालन राम प्रसाद आचार्य (राम उदित) ने किया।



समारोह में अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देते कवि मो. नदाफ व मंचासीन अन्य अतिथि।

मुख्य अतिथि लम्बोदर काफले अध्यक्ष बुढ़यौली साहित्य समाज मधेश प्रदेश नेपाल ने कहा कि महाकवि लक्ष्मी प्रसाद देवकोटा ने नेपाली भाषा को आम लोगों की भाषा बना दिया। पहले कवि सिर्फ दरबार में होती थी उन्होंने उसे गाँव गाँव तक पहुंचाया।

वहीं समारोह में सीतामढ़ी जिले से विशेष रूप से आमंत्रित कवि मो.कमरुद्दीन नदाफ को शिवसावित्री प्रतिष्ठान नेपाल तथा बुढ़यौली साहित्य समाज जिला रौतहट एवं सलार्ही की ओर से सम्मानित किया गया। मो. कमरुद्दीन नदाफ ने रचना की शुरूआत "जमीं पर लहू तुम बहाओगे कब तक, गरीबों की बस्ती जलाओगे कब तक" ने महफि ल में गति प्रदान करते हुए माहौल को जवाँ बना दिया। नेपाल के सिंधुली, सलार्ही, महोत्तरी, धनुषा, रौतहट, सिरहा एवं पर्सा जिला के साहित्यकारों, कवियों एवं शिक्षा प्रेमियों ने भाग लिया। मौके पर विशिष्ट अतिथि रेणु गुप्ता उपाध्यक्ष बुढ़यौली साहित्य समाज मधेश प्रदेश प्रज्ञा प्रतिष्ठान नेपाल, रमेशमोहन अधिकारी अभियंता बुढ़यौली साहित्य समाज तथा उपाध्यक्ष शिव सावित्री प्रतिष्ठान नेपाल, प्रेम घिमिरे अग्नि कवच अध्यक्ष गौरी शंकर मिथिला वाङ्मय प्रतिष्ठान नेपाल, रामचंद्र पौडेल सचिव बुढ़यौली साहित्य समाज मधेश प्रदेश, प्रधान संपादक साहित्यकार एवं कवि संजय साह मित्र रौतहट नेपाल, किशुनदयाल श्रीकृष्ण अध्यक्ष बज्जिका साहित्य संगम रौतहट नेपाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

सीतामढ़ी पुलिस ने 111 लोगों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

ऑपरेशन मुस्कान : 20 लाख के मोबाइल बरामद, 52 मोबाइल धारकों को सौंपे गए फोन, शेष भी लौटाने की प्रक्रिया जारी

नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। जिले में मोबाइल चोरी और गुम होने की घटनाओं से परेशान लोगों के चेहरे पर सीतामढ़ी पुलिस ने मुस्कान लौटाई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला आसूचना इकाई की टीम ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी एवं गुम हुए कुल 111 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में इनमें से 55 मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिए गए। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। शेष मोबाइल धारकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें भी नियमानुसार मोबाइल सौंपने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार, मोबाइल बरामदगी अभियान में जिला आसूचना इकाई के प्रभारी एसआई धनंजय चौधरी, एसआई राहुल कुमार, सिपाही राहुल कुमार, सचिन कुमार, हेमंत कुमार सहित सभी थानों के नोडल पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



असली धारकों को मोबाइल लौटाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मोबाइल फोन के वास्तविक धारकों के साथ पुलिस अधीक्षक अमित रंजन व अन्य।

इस अवसर पर पुलिस ने आमलोगों से मोबाइल सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की। मोबाइल चोरी या गुम होने पर संबंधित थाने के साथ-साथ सीईआईआर (CEIR) पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई, ताकि मोबाइल को ट्रैक कर बरामद किया जा सके। पुलिस ने पुराना सेकेंड हैंड मोबाइल खरीदते समय विशेष सावधानी बरतने को कहा है। मोबाइल का आईएमईआई नंबर जानने के लिए स्टार हैस 06 हैस डायल करने तथा 14422 पर केवाईएम के साथ 15 अंकों का आईएमईआई नंबर भेजकर उसकी स्थिति की जांच करने की जानकारी दी गई। यदि आईएमईआई नंबर ब्लैकलिस्टेड या डुप्लीकेट पाया जाता है तो ऐसा मोबाइल नहीं खरीदने और इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील की गई।

सीतामढ़ी पुलिस ने स्पष्ट किया कि आमलोगों की संपत्ति की सुरक्षा और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत आगे भी अभियान जारी रहेगा।

सम्पादकीय

अक्षरों में उलझते बचपन को चाहिए समझ

किसी बच्चे के हाथ में किताब हो, सामने अक्षरों से भरा पन्ना हो और आँखों में कुछ सीखने की उत्सुकता हो, लेकिन बार-बार प्रयास करने के बावजूद वह शब्दों को सही ढंग से पढ़ न पाए, तो उसकी परेशानी को समझना आवश्यक है। हो सकता है कि वह बच्चा पढ़ाई से भाग नहीं रहा हो, न ही उसमें बुद्धि या मेहनत की कमी हो, बल्कि वह सीखने से जुड़ी एक विशेष कठिनाई का सामना कर रहा हो। इसी स्थिति को समझने और समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए डिस्लेक्सिया के बारे में जानकारी फैलाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डिस्लेक्सिया एक विशिष्ट अधिगम अक्षमता है, जो मुख्य रूप से पढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावित करती है। इससे प्रभावित बच्चों को अक्षरों और ध्वनियों के बीच संबंध समझने, शब्दों को पहचानने, सही गति से पढ़ने तथा वर्तनी लिखने में कठिनाई हो सकती है। यह कोई बीमारी नहीं है, जिसे केवल इच्छाशक्ति से समाप्त किया जा सके। यह सीखने से संबंधित एक ऐसी स्थिति है, जिसमें बच्चे को उसकी जरूरत के अनुरूप शिक्षण पद्धति, नियमित अभ्यास और सहयोग की आवश्यकता होती है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि डिस्लेक्सिया का संबंध कम बुद्धि, आलस्य या मेहनत की कमी से नहीं है। डिस्लेक्सिया से प्रभावित अनेक बच्चे अपनी रुचि के क्षेत्रों में असाधारण प्रतिभा, रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और समस्या-समाधान की क्षमता प्रदर्शित कर सकते हैं। जरूरत केवल इस बात की है कि उनकी कठिनाई को समय रहते पहचाना जाए और उन्हें सीखने के उचित अवसर प्रदान किए जाएँ।

हमारे समाज में अक्सर बच्चों की शैक्षणिक क्षमता का आकलन इस आधार पर किया जाता है कि वे कितनी तेजी से पढ़ते हैं, कितनी साफ लिखावट रखते हैं और परीक्षा में कितने अंक प्राप्त करते हैं। जो बच्चा जल्दी पढ़ लेता है, उसे होनहार कहा जाता है, जबकि धीरे पढ़ने या बार-बार गलती करने वाले बच्चे को कई बार लापरवाह, कमजोर या पढ़ाई में रुचि नहीं लेने वाला मान लिया जाता है। यही सोच अनेक बच्चों के आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है।

कल्पना कीजिए, एक बच्चा किसी पाठ को पढ़ने के लिए बार-बार प्रयास करता है, लेकिन शब्दों को पहचानने में उसे कठिनाई होती है। कक्षा के दूसरे बच्चे उससे पहले पाठ पूरा कर लेते हैं। शिक्षक उससे प्रश्न पूछते हैं और वह उत्तर देने में समय लेता है। सहपाठी हँसते हैं और कभी-कभी घर में भी उसे डाँट सुननी पड़ती है। धीरे-धीरे वह बच्चा पढ़ने से घबराने लगता है। उसे लगने लगता है कि शायद वह दूसरों से कम योग्य है। लेकिन क्या वास्तव में उसकी योग्यता कम है या हम उसकी सीखने की कठिनाई को समझने में असफल हो रहे हैं। यह प्रश्न प्रत्येक अभिभावक, शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था के सामने खड़ा होना चाहिए। किसी बच्चे की कठिनाई को उसकी कमजोरी मान लेने से समस्या बढ़ सकती है। इसके विपरीत, जब उसकी जरूरत को समझकर उपयुक्त सहायता दी जाती है, तो वह अपनी क्षमताओं का बेहतर विकास कर सकता है।

डिस्लेक्सिया के संकेत प्रत्येक बच्चे में एक जैसे नहीं होते। कुछ बच्चों को अक्षरों और उनकी ध्वनियों के बीच संबंध समझने में कठिनाई होती है, तो कुछ को शब्दों को पहचानने, पढ़ने की गति बनाए रखने या वर्तनी याद रखने में परेशानी हो सकती है। कभी-कभी बच्चा किसी शब्द को एक बार सही पढ़ता है, लेकिन कुछ समय बाद उसी शब्द को पहचानने में कठिनाई महसूस करता है। कुछ सामान्य संकेतों में शामिल हो सकते हैं। अक्षरों और ध्वनियों के संबंध को समझने में लगातार कठिनाई। शब्दों को जोड़कर पढ़ने या नए शब्दों को पहचानने में परेशानी। पढ़ते समय बार-बार रुकना या सामान्य अपेक्षा से अधिक समय लेना। वर्तनी लिखने और लिखे हुए शब्दों को याद रखने में कठिनाई। पढ़ने से संबंधित कार्यों में लगातार परेशानी के कारण आत्मविश्वास कम होना।

हालाँकि, केवल एक-दो संकेतों के आधार पर किसी बच्चे को डिस्लेक्सिया से प्रभावित घोषित नहीं किया जा सकता। छोटे बच्चों में पढ़ना सीखते समय कुछ गलतियाँ सामान्य होती हैं। यदि कठिनाइयाँ लगातार बनी रहती हैं और उचित शिक्षण के बावजूद पढ़ने-लिखने में परेशानी होती है, तो विशेषज्ञ से मूल्यांकन कराना उपयोगी होता है। समय पर पहचान का अर्थ बच्चे पर कोई ठप्पा लगाना नहीं, बल्कि उसकी कठिनाई को समझकर सही सहायता उपलब्ध कराना है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चे के भीतर छिपी क्षमताओं को पहचानना और उनका विकास करना भी है। प्रत्येक बच्चा एक ही गति से नहीं सीखता। किसी की भाषाई क्षमता मजबूत होती है, किसी की गणितीय समझ अच्छी होती है, कोई चित्र बनाने में कुशल होता है, तो कोई प्रयोगों, गतिविधियों और व्यावहारिक अनुभवों से बेहतर सीखता है।

दीपावली : परंपरा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



डा. प्रियंका सौरभ।

आधुनिकता की दौड़ में हम अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं। दीपावली जैसे पावन पर्व पर मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा भी अब सिमटती जा रही है। उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइटों, झालरों और अन्य कृत्रिम रोशनी ने ले ली है।

यह बदलाव केवल हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को प्रभावित नहीं कर रहा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी इसके दूरगामी परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण और अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के लिए आवश्यक है कि हम दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने तथा पटाखों से परहेज करने का संकल्प लें।

दीपावली का पर्व मिट्टी के दीयों से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति और आस्था में रचा-बसा त्योहार है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से कार्तिक मास की अमावस्या को दीपोत्सव मनाने की परंपरा प्रचलित हुई।



मिट्टी के दीये जलाना केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्तिक पहचान और प्रति से जुड़ाव का भी प्रतीक है।

पिछले दो दशकों में कृत्रिम रोशनी का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। आधुनिकता की चकाचौंध में हम अपनी पारंपरिक जीवनशैली से दूर होते जा रहे हैं। दीपावली पर बिजली की रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों का प्रयोग बढ़ा है, वहीं तेज आवाज वाले पटाखों ने वायु और ध्वनि प्रदूषण की समस्या को गंभीर बना दिया है। इसका सबसे अधिक प्रभाव पर्यावरण, पशु-पक्षियों, बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर पड़ता है।

इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक पक्ष भी है। मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का परंपरागत व्यवसाय धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। एक समय था जब दीपावली आने से कई सप्ताह पहले लोग कुम्हारों को दीयों के ऑर्डर दे दिया करते थे। उनके परिवार के सभी सदस्य दिन-रात मेहनत करके दीये तैयार करते थे। भले ही उनकी आमदनी बहुत अधिक नहीं होती थी, लेकिन अपनी कला और परंपरा को जीवित रखने का उत्साह उनमें अवश्य रहता था।

आज स्थिति बदल गई है। मिट्टी के दीयों की मांग घटने से कुम्हारों का उत्साह भी कम हुआ है। अनेक परिवार अपने पुश्तैनी व्यवसाय से दूर होकर दूसरे रोजगार अपनाने को मजबूर हैं।

दीपावली पर अब कई घरों में केवल प्रतीकात्मक रूप से दो-चार मिट्टी के दीये जलाए जाते हैं, जबकि अधिकांश सजावट इलेक्ट्रॉनिक लाइटों और झालरों से की जाती है। हमें यह समझना होगा कि हमारी छोटी-सी पहल किसी कारीगर के परिवार के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। मिट्टी के दीये खरीदकर हम न केवल अपनी संस्कृति को बचाते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों की आजीविका को भी सहारा देते हैं।

मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा का अपना अलग सौंदर्य और महत्व है। सरसों के तेल से जलते दीये की लौ मन को एक विशेष शांति और आत्मीयता का अनुभव कराती है। दीये की सौंधी और उसकी प्राकृतिक सुंदरता का मुकाबला कृत्रिम रोशनी नहीं कर सकती। मिट्टी के दीये स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक शिल्प से जुड़े होते हैं। हालांकि पर्यावरण संरक्षण के लिए उनका उपयोग करते समय तेल, बाती और अन्य संसाधनों का भी विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए।

हमारी संस्कृति केवल दीये जलाने तक सीमित नहीं है। इसमें घरों की स्वच्छता, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ बाँटना, पड़ोसियों और जरूरतमंदों को उपहार देना तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखना भी शामिल है। दीपावली का वास्तविक आनंद तभी है, जब हमारे घर के साथ-साथ दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला पहुँचे।

आज की युवा पीढ़ी को विशेष रूप से इस दिशा में जागरूक होने की आवश्यकता है। संस्कृति और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्हें चाहिए कि वे इलेक्ट्रॉनिक सजावट के साथ-साथ मिट्टी के दीयों को भी प्राथमिकता दें। विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय संगठनों के माध्यम से मिट्टी के दीयों के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।

दीपावली प्रकाश, प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का पर्व है। इसे प्रदूषण और दिखावे का उत्सव बनाने के बजाय सादगी और संवेदनशीलता के साथ मनाया जाना चाहिए। पटाखों से होने वाला धुआँ और शोर वातावरण को दूषित करने के साथ अनेक जीव-जंतुओं के लिए भी परेशानी का कारण बनता है। इसलिए हमें पटाखों से दूरी बनाकर स्वच्छ और सुरक्षित दीपावली मनाने का प्रयास करना चाहिए।

आइए, इस दीपावली हम सभी संकल्प लें कि अपने घरों में मिट्टी के दीये जलाएँगे, स्थानीय कुम्हारों से दीये खरीदेंगे, पटाखों से परहेज करेंगे और जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाएँगे। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति, परंपरा, श्रम और आत्मनिर्भरता के प्रतीक हैं। इन्हें अपनाकर हम अपनी विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुँचा सकते हैं।

याद रखिए, दीपावली की असली रोशनी बिजली की झालरों में नहीं, बल्कि मिट्टी के दीयों की लौ, आपसी प्रेम और मानवता के उजाले में है।

(डा. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

फिल्म अभिनेता निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

पटना (दैनिक नवसंदेश) ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार की अनुशंसा पर कला संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रंजन कुमार के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार एवं फिल्म अभिनेता निर्देशक डा. राजेश अस्थाना को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के निर्देश पर डा. अस्थाना को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर पत्रकारिता,



कला, संस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

डा. राजेश अस्थाना लंबे समय से पत्रकारिता के साथ-साथ कला एवं सांस्तिक गतिविधियों यथा रंगकर्म व फिल्म अभिनेता निर्देशक के रूप में जुड़े रहे हैं। उनके मनोनयन से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है। लोगों ने कहा कि उनके अनुभव एवं सक्रियता से कलाकारों, संस्तिकर्मियों और विभिन्न रचनात्मक विधाओं से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। अपने मनोनयन पर डा. राजेश अस्थाना ने ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रेम कुमार, डा रंजन कुमार एवं समेत संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया।

डा. अस्थाना ने कहा कि संगठन ने उनपर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ महत्वपूर्ण दायित्व भी है।

नवम्बर क्रांति में पहली बार मजदूरों का राज कायम किया गया

पटना (दैनिक नवसंदेश) । नवम्बर क्रांति की 109 वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बिहार राज्य परिषद की ओर से अक्टूबर क्रांति का महत्व और समकालीन भारत विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्तागण मौजूद थे। सबसे पहले लेनिन की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन पटना जिला के सचिव विश्वजीत कुमार ने किया ।

विषय प्रवेश करते हुए प्रगतिशील लेखक संघ के अनीश अंकुर ने कहा - रूस की क्रांति मानव जाति के इतिहास की सबसे अनोखी और बड़ी घटना थी। इतिहास में पहली बार मजदूरों ने सत्ता पर कब्जा किया था। उस क्रांति के बारे में बुर्जुआ इतिहासकार बहुत सारी गलत बातें बताते हैं कि वह एक षड्यंत्रकारी तख्तापलट था। इससे बड़ा झूठ कुछ नहीं हो सकता। सोवियत रूस की क्रांति को वहां के विशाल मजदूरों, किसानों का व्यापक समर्थन था। रूस की क्रांति में उतनी भी हिंसा नहीं हुई ही जितनी बिहार के पंचायत चुनाव में होती है। रूस की क्रांति ने पूरी दुनिया के गुलाम देशों में स्वाधीनता की चेतना का विकास किया उसके बाद सभी देशों में स्वतंत्रता आंदोलन में आवेग आया। रूस की क्रांति ने बताया कि क्रान्तिकारी सिद्धांत के बिना क्रान्तिकारी व्यवहार नहीं किया जा सकता।

सुप्रसिद्ध कवि अरुण कमल ने अपने संबोधन में कहा - भारत में इतिहास लेखन की परंपरा न थी चीन में था। वहां विद्रोह होता रहता था। आने यहां मृच्छकटिकम जैसा नाटक लिखा गया जिसमें सब मिलकर विद्रोह करते हैं। इतिहास में पहली बड़ी क्रांति इंग्लैंड की क्रांति थी जिसमें बुर्जुआजी पावर में आया सामंतों हराकर। फिर 1789 में क्रांति हुई। समानता, भ्रातृत्व और आजादी का नारा लेकर आया लेकिन वह भी बुर्जुआजी की क्रांति थी। संविधान में सत्ता के विरोध करने का अधिकार दिया। अभी फ्रांस में आंदोलन चल रहा है उसमें हुकूमत के खिलाफ विरोध करने के असहकार को बहाल करने के लिए थे। फिर अमेरिका का वार ऑफ इंडिपेडेन्स थी। लेकिन इन सब क्रांतियों में मजदूर भागीदार थे। मजदूरों के हाथ में सत्ता पहली बार पेरिस कम्यून में आई लेकिन ये लोग बहुत अच्छे होने के कारण मारे गए। सोवियत संघ के लोग भी बहुत अच्छे थे। आप सबको अमेरिकी पत्रकार जॉन रीड की किताब ' दस दिन जब दुनिया हिल उठी' पढ़नी चाहिए। लेनिन ने इसकी भूमिका लिखी थी। उसमें कहा कि डिक्टेटरशिप ऑफ द प्रोलेटेरियत होनी चाहिए। अभी जो भारत की सरकार है या पहले भी थी क्या वह तानाशाही नहीं है । वैसे ही मजदूरों की तानाशाही होगी, सर्वहारा का अधिनायकत्व होगी। जो अच्छे काम करेगी। अभी भारत में सबसे बड़ा आंदोलन मजदूरों का हुआ जिसकी कोई चर्चा करना नहीं चाहता था। अभी एक जेनजी का आंदोलन है यह अमेरिका से आया है। यह जेड का उच्चारण इंग्लैंड में है अमेरिका में जेड को जी कहा जाता है। मजदूरों को नौकरी से निकाल दिया गया, उनका समर्थन करने वाले जेल में है। उनपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया गया। जिसमें एक साल तक बेल भी नहीं मिल सकता।



सीपीआई ने किया नवम्बर क्रांति के अवसर पर अक्टूबर क्रांति का महत्व और समकालीन भारत।

कथाकार संतोष दीक्षित ने कहा- महंगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान है। हमारे देश में अधिकांश लोगों के सामने बहुत खराब स्थिति है। बोल्शेविक क्रांति के बाद प्रेमचंद ने अंधे भिखारी को नायक बनाया, शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद किया जा रहा हौ। लेनिन ने सबसे पहले शिक्षा में सुधार किया। हम आज के दिन संकल्प लें कि पार्टी जब तक सत्ता में नहीं रहती तब तक सत्ता में मजबूत रहती है लेकिन सत्ता में आने के बाद नहीं रह पाती।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता जब्बार आलम ने बताया - सोवियत क्रांति के विचार और रास्ते को अपनाकर ने चीन, क्यूबा और कोरिया में क्रांति को सम्पन्न किया। सोवियत संघ के विघटन के बाद इतिहास का अंत, सभ्यताओं का संघर्ष जैसी बातें सुनने को मिलने लगी। मार्क्सवाद की विचारधारा को सुसंगत ढंग से परिस्थिति के अनुकूल लागू किया। जब तक शोषण उत्पीड़न रहेगा मार्क्सवाद जिंदा रहेगा। पूंजीवाद अपनी आंतरिक पीड़ा से छटपटा रहा है लेकिन इस संकट से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है। अभी मजदूर वर्ग लाखों की संख्या में उतर रही है। पूंजीवादी नीतियों के खिलाफ समूची दुनिया में लड़ाई चल रही है।ये कम्युनिस्ट ही थे जिसने पूर्ण स्वराज का नारा दिया। सोवियत संघ की नकल पर ही प्लानिंग कमीशन बनाया गया। आज देश में लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।हमें जनवादी क्रांति को पूरा करने के लिए किसानों, मजदूरों को संगठित कीजिये नई लेनिन ने कर दिखाया।जनवादी क्रांति को पूरा किये बगैर समाजवादी क्रांति की ओर नहीं बढ़ सकते हैं।

माकपा नेता अरुण मिश्रा ने कहा - सोवियत क्रांति ने भगत सिंह जैसे भारत के तमाम क्रांतिकारियों को प्रेरित किया। फासीवाद के खिलाफ संघर्ष में दो करोड़ लोग मारे गए। फासीवाद पर विजय सिर्फ हिटलर पर की पराजय का सवाल नहीं था बल्कि पूरी तीसरी दुनिया के लोगों को मुक्ति के रास्ते पर आगे ले चला। जो आज दुनिया है वह क्या रूस की क्रांति के बगैर कल्पना की जा सकती है। लेनिन हमारे आज भी हमें रास्ता दिखा रहे हैं। हम अगल-बगल के समाज के लोगों को भी देखते समझते थे। हमें इस पर विचार करने की जरूरत है।

पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीपीआई के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामलला सिंह ने कहा - जब तक सोवियत संघ था तब तक पूंजीवादी देशों पर अंकुश लगा रहता था। उसके विघटन से दुनिया के देशों का बहुत नुकसान हुआ है। लेकिन आज जंगे मैदान में फिर से कम्युनिस्ट मैदान में हैं और संकल्प के साथ संघर्ष करना है।

कार्यक्रम के दौरान पटना विश्विद्यालय के शिक्षकों के चुनाव में कार्यकारिणी समिति के सदस्य चुने जाने पर प्रो सुधीर कुमार का सम्मान किया गया।

दीपावली के त्योहार के बाद भी मोकामा, नौबतपुर, दानापुर, खुसरूपुर, फुलवारी सहित कई प्रखंडों से कम्युनिस्ट कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में थे अधिवक्ता उदय कुमार, आनन्द शर्मा, जयप्रकाश, रौशन प्रकाश, कुमार सर्वेश, नागेंद्र कुमार, अजय कुमार, गजनफर नवाब, कौशलेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार, सत्येन्द्र कुमार, सुनील सिन्हा, रवींद्र कुमार, सुधीर कुमार, विजयकांत सिन्हा, राजू कुमार, गुलाम सरवर आजाद, श्रीकांत, विनय लाल, रमाकान्त अकेला, डीपी यादव, शगुफ्ता रशीद, नारायण पूर्वे, हरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, गौरव अनन्या, अशोक गुप्ता आदि।

प्रदोष व्यापिनी अमावस्या में दीपावली का पर्व आज

शुभ-लाभ हेतु घर व प्रतिष्ठानों में होगी गणेश-लक्ष्मी की पूजा

पटना (दैनिक नवसंदेश) । कार्तिक कृष्ण प्रदोष व्यापिनी अमावस्या में रविवार को दीपोत्सव का प्रमुख पर्व दीपावली मनाया जाएगा। सनातन धर्मावलंबी अपने घर, ऑफिस, कारखानों में मां महालक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना कर धन, वैभव, ऐश्वर्य की कामना करेंगे।

अमावस्या की तिथि सुबह 10: 50 बजे से शुरू होगा। जो कल 9 नवंबर सोमवार की दोपहर 11:20 बजे तक रहेगा । दिवाली पर आज शुभ-लाभ हेतु गणेश-लक्ष्मी के साथ कोश वृद्धि के लिए कुबेर व सरस्वती, पंचदेव, नवग्रह सहित गणेश-अम्बिका का पूजन होगा।

आयुष्मान योग में दीपावली आज : ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि दीपावली का पावन पर्व रविवार को स्वाति नक्षत्र, आयुष्मान योग व सौभाग्य योग में मनायी जाएगी । सूर्य और चन्द्रमा दोनों ही तुला राशि में विद्यमान रहेंगे । ग्रह-नक्षत्रों के शुभ योग एवं संयोग में महालक्ष्मी का पर्व सुख-समृद्धि देने वाला है । इस नक्षत्र में लक्ष्मी-गणेश की पूजा, दीपदान, निवेश, दान-पुण्य, खरीदारी एवं अन्य धर्मत्य करने से जीवन पर सकारात्मक प्रभाव व सफलता की चमक बढ़ेगी।



आचार्य राकेश झा

लक्ष्मी-गणेश की होगी पूजा : दीपावली की रात्रि को लक्ष्मी जी के साथ गणेश पूजन का धार्मिक, अध्यात्मिक, तांत्रिक एवं भौतिक सभी दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है । लक्ष्मी जी प्रसन्न होकर धन-संपदा प्रदान करेंगी तथा उस धन को प्राप्त करने में हमें कोई भी कठिनाई या विघ्न ना आए, हमें आयुष्य प्राप्त हो, सभी कामनाओं की पूर्ति हो तथा सभी सिद्धियां भी प्राप्त हों। इसीलिए लक्ष्मी के साथ गणेश की पूजा का विधान है।

मिट्टी के दीपक जलाने से पराक्रम में वृद्धि : ज्योतिषी राकेश झा ने कहा कि दीपावली में केवल मिट्टी के दीपक ही जलाने चाहिए । पंच तत्वों के मिश्रण से तैयार यह दीपक आध्यत्मिक मायने में बहुत ही पवित्र होता है । इसमें जल तत्व का मिश्रण कर आकश के नीचे वायु तत्व में इसे सुखाकर अगि तत्व में पकाया जाता है । मिट्टी के दीपक जलाने से शौर्य व पराक्रम में वृद्धि तथा पारिवारिक सुख व समृद्धि में वृद्धि होती है ।

दीपावली पूजा शुभ मुहूर्त :

अमावस्या तिथि : सुबह 10 : 50 बजे से पुरे दिन

आयुष्मान योग : देर रात 04: 02 बजे तक

अमृत मुहूर्त : सुबह 10: 11 बजे से 11: 33 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त : दोपहर 11:11 बजे से 11: 55 बजे तक

शुभ योग मुहूर्त : दोपहर 12 : 55 बजे से 02:18 बजे तक

स्थिर लग्न : दोपहर 01: 23 बजे से शाम 02 : 18 बजे तक

कुंभ लग्न : मध्याहन 01: 00 बजे से 02: 31 बजे तक

वृष लग्न : शाम 05: 37 बजे से रात्रि 07:34 बजे तक

प्रदोष काल मुहूर्त : शाम 05: 03 बजे से रात्रि 07: 48 बजे तक

शुभ-अमृत-चर मुहूर्त : शाम 05 : 03 बजे से रात्रि 09 : 56 बजे तक

सिंह लग्न : मध्यरात्रि 12: 05 बजे से देर रात 02:19 बजे तक।

सह-कलाकारों से लेकर भाई-बहनों जैसे रिश्तों तक : इस भाई दूज पर सोनी सब के कलाकारों ने उन रिश्तों को याद किया, जो उनके ऑन-स्क्रीन सफर को खास बनाते हैं

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । किसी टेलीविजन शो में साथ काम करना अक्सर कलाकारों को एक-दूसरे के करीब ले आता है, लेकिन कई बार उनके बीच बनने वाला रिश्ता सिर्फ सह-कलाकारों तक सीमित नहीं रहता।

सेट पर लंबे समय तक साथ बिताना, व्यस्त शेड्यूल के साथ तालमेल बिठाना, रोजमर्रा के पलों को साझा करना और जीवन के अलग-अलग दौर में एक-दूसरे का साथ देना, एक पेशेवर रिश्ते को परिवार जैसे संबंध में बदल सकता है।

इस भाई दूज पर सोनी सब के कलाकार मुकुल हरीश, अक्षया हिंदालकर और उर्वा सावलिया ने खुलकर बताया कि कैसे उन्हें अपने सह-कलाकारों में भाई-बहन जैसा साथ मिला और कैसे सेट पर शुरू हुआ यह रिश्ता समय के साथ पर्दे के बाहर भी एक बेहद खास और अनमोल संबंध में बदल गया।

पुष्पा इम्पसिबल में टाइगर की भूमिका निभा रहे मुकुल हरीश ने साझा किया, जिया, जो शो में विश्वा का किरदार निभाती हैं, और मैंने शायद पहले दिन से ही सबसे ज्यादा समय साथ में स्क्रीन साझा की है।

मैं उन्हें अफ-स्क्रीन भी अपने किरदार की तरह शानी कहकर बुलाता हूँ। हम दोनों ने लगभग एक ही समय पर शो में एंट्री की थी और हमारी दोस्ती तुरंत ही बहुत अच्छी हो गई। मुझे लगता है कि हम दोनों का अहमदाबाद से होना भी शुरू से ही हमारे बीच एक खास समानता लेकर आया। समय के साथ हम एक-दूसरे के साथ बेहद सहज हो गए हैं और हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता गया है।



सेट पर वह मुझे अपनी छोटी बहन जैसी लगती हैं और जब किसी के साथ इतना अपनापन और सहजता हो, तो साथ में शूटिंग करना कभी काम जैसा महसूस नहीं होता।

पुष्पा इम्पासिबल में राशि की भूमिका निभा रहीं अक्षया हिंदालकर ने साझा किया, नितिन और समृद्ध के साथ मेरा एक बेहद खास रिश्ता है, जो काफी लंबे समय से इस सफर का हिस्सा रहे हैं।

वर्षों के दौरान हम एक-दूसरे के इतने करीब और सहज हो गए हैं कि वे सचमुच मेरे परिवार जैसे लगते हैं। वे मेरे लिए भाइयों जैसे हैं, जो हमेशा मेरा ख्याल रखते हैं, मेरी टांग खींचते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सेट पर कभी कोई नीरस पल न आए।

हाल ही में मुकुल के हमारे साथ जुड़ने के बाद, उन्हें जानना और उनके साथ भी वैसा ही अपनापन विकसित करना बहुत अच्छा रहा है। हम शट्स के बीच छोटे-छोटे पल साझा करते हैं और हमेशा एक-दूसरे का साथ देते हैं। मुझे कभी ऐसा नहीं लगता कि मैं सिर्फ अपने सह-कलाकारों से घिरी हुई हूँ, क्योंकि वे वास्तव में परिवार जैसे महसूस होते हैं।

मैं खुद को बेहद खुशकिस्मत मानती हूँ कि मुझे वे मिले, क्योंकि वे मुझे इतना प्यार, सुरक्षा और अपनापन महसूस कराते हैं। भले ही हम खून के रिश्ते से भाई-बहन नहीं हैं, लेकिन हमारे बीच का यह रिश्ता उतना ही खास और मायने रखने वाला है।

हस्तिनापुर के वीर में अर्जुन की भूमिका निभा रहे उर्वा सावलिया ने साझा किया, श्रेया पटेल और मेरे बीच बहुत मजेदार रिश्ता है।

हम इतने अच्छे दोस्त बन गए हैं कि पूरे दिन की शूटिंग के बाद भी अक्सर साथ में और समय बिताते हैं। हम घंटों तक बातें कर सकते हैं, हँस सकते हैं और मजाक कर सकते हैं और फिर भी कभी एक-दूसरे से बोर नहीं होते!

वह मेरे लिए बिल्कुल एक बहन जैसी हैं, जो हमेशा यह सुनिश्चित करती हैं कि मैं सहज महसूस करूँ और हर चीज का हिस्सा बनूँ। सेट पर हम इतना समय साथ बिताते हैं कि हमारा रिश्ता बेहद खास बन गया है। इस भाई दूज पर मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूँ कि मुझे श्रेया के रूप में एक बहन मिली।

भले ही हम असल जिंदगी में भाई-बहन नहीं हैं, लेकिन वह मुझे ऐसा एहसास कराती हैं जैसे मेरा परिवार यहीं सेट पर मौजूद हो। मुझे उम्मीद है कि हमारा यह रिश्ता आगे भी यूँ ही बना रहेगा और हम साथ मिलकर कई खूबसूरत यादें बनाते रहेंगे।

सोनी सब पर देखिए हस्तिनापुर के वीर और पुष्पा इम्पसिबल।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

छठ घाटों की तैयारी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, युद्धस्तर पर कार्य पूरा करने का निर्देश

जिलाधिकारी ने नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, सुरक्षा से लेकर रोशनी और सफाई तक की व्यवस्था दुरुस्त करने का आदेश

मोतिहारी(एनएसबी)। आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसको लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने जिले के सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त, मोतिहारी नगर निगम आशीष कुमार भी उपस्थित थे।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को छठ घाटों की तैयारी युद्धस्तर पर पूरी करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने सभी चिति छठ घाटों की मुकम्मल सफाई कराने तथा नदी, तालाब एवं पोखरों तक जाने वाले संपर्क मार्गो को दुरुस्त और समतल करने का निर्देश दिया, ताकि वतियों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी नहीं हो। वहीं, गहरे पानी वाले खतरनाक घाटों को चिति कर वहां लाल कपड़ा एवं चेतावनी संकेतक लगाने तथा नदी और बड़े तालाबों में पानी के भीतर मजबूत बैरिकेडिंग कराने को कहा।सुरक्षा के मद्देनजर घाटों पर गोताखोरों की टीम तैनात रखने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सुबह और शाम के अर्घ्य के दौरान पर्याप्त रोशनी के लिए



बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी व अन्य।

एलईडी लाइट, हैलोजन एवं जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। घाटों पर शुद्ध पेयजल के लिए वाटर टैकर, मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्वयं क्षेत्र में रहकर प्रतिदिन सुबह और शाम छठ घाटों का निरीक्षण करने तथा तैयारियों की प्रगति रिपोर्ट जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने आम लोगों से भी प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा खतरनाक घोषित घाटों पर जाने से बचने की अपील की। जिला प्रशासन का उद्देश्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर छठ महापर्व को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्रीय मंच पर चमके संग्रामपुर के यतीन्द्र कुमार कश्यप

हैदराबाद में 13वीं गवर्निंग बडी की वार्षिक बैठक में हुए शामिल

25 एकड़ के तालाब में मछली पालन के साथ रंगीन मछलियों का भी कर रहे उत्पादन, मत्स्य पालन के क्षेत्र में बनाई अलग पहचान

संग्रामपुर(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के बरियरिया गांव निवासी पूर्व मुखिया एवं जदयू के वरिष्ठ नेता यतीन्द्र कुमार कश्यप ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपनी मेहनत और उपलब्धियों से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री कश्यप ने हैदराबाद में आयोजित नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड (छथ्क्ठ) की 13वीं गवर्निंग बडी की वार्षिक बैठक में भाग लेकर संग्रामपुर सहित पूरे पूर्वी चंपारण को गौरवान्वित किया।यतीन्द्र कुमार कश्यप राजनीति और सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी



सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे करीब 25 एकड़ के तालाब में बड़े पैमाने पर मछली पालन एवं मछली उत्पादन कर रहे हैं। खास बात यह है कि उनके मत्स्य पालन कार्य में रंगीन मछलियों का उत्पादन भी शामिल है, जो उनकी आधुनिक सोच और मत्स्य पालन के प्रति विशेष रुचि को दर्शाता है। नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड की राष्ट्रीय स्तर की बैठक में उनकी सहभागिता को क्षेत्र के मत्स्य पालकों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे संग्रामपुर जैसे ग्रामीण इलाके में मत्स्य पालन की संभावनाओं और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में नई प्रेरणा मिलेगीस्थानीय लोगों का मानना है कि यतीन्द्र कुमार कश्यप की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं और किसानों को पारंपरिक खेती के साथ मत्स्य पालन जैसे वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

महादलित बस्ती में डीएम-एसपी ने बांटी दीपावली की खुशियां, बच्चों को दिए मिठाई, चॉकलेट और पटाखे

जिला प्रशासन की पहल से बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान, अधिकारियों ने जिलेवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

मोतिहारी(एनएसबी)। दीपावली के पावन अवसर पर पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन की ओर से सामाजिक सौहार्द और मानवीय संवेदना की अनूठी पहल की गई। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने शहर की एक महादलित बस्ती में पहुंचकर बच्चों और उनके परिवारों के बीच मिठाई, चकलेट, पटाखे एवं दीयों का वितरण किया। अचानक जिले के शीर्ष अधिकारियों को अपने बीच पाकर बस्ती के बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठेस इस अवसर पर नगर आयुक्त आशीष कुमार, सदर एसडीओ अरुण कुमार सहित जिला प्रशासन के कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बस्ती के बच्चों और परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं।जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि दीपावली



खुशियों और प्रकाश का त्योहार है। इसे समाज के हर वर्ग के साथ मिलकर मनाना चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों को जिला प्रशासन की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।वहीं, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने भी जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने त्योहार के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने, पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी करने तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की।जिला प्रशासन की इस पहल से बस्ती के बुजुर्गो, महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अधिकारियों की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

खगड़िया (एनएसबी)। आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने षनिवार को गोगरी अनुमंडल अंतर्गत काली पूजा स्थान, छोटी काली मंदिर ब्राह्मण टोला गोगरी एवं विभिन्न छठ घाट - कामस्थान छठ घाट, जी एन बाँध के किनारे स्थित रामपुर सीधी घाट, गौच्छारी कटिंग छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी छठ घाटों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि जलस्तर की सही जानकारी एवं गहराई का अनुमान लगाने के लिए घाटों पर लाल कपड़े से चिति बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि श्रद्धालु एवं बच्चे निर्धारित सुरक्षित सीमा से आगे पानी में न जाएं। जिलाधिकारी ने सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, कंट्रोल रूम तथा घाटों तक पहुंचने वाले एप्रोच रोड को ठीक करवाने एवं समूचे एप्रोच रोड पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं स-समय पूरी की जाएं। जिलाधिकारी ने सभी छठ घाटों पर महिलाओं के लिए पर्याप्त चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि छठ वती महिलाओं को इस संबंध में परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने सभी घाटों पर नाव, नाविक एवं गोताखोर की प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी छठ घाटों को जाने वाले एप्रोच रोड को पूर्ण रूप से मरम्मती करने का कार्य ससमय पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही विशेष ध्यान इस बात पर रखा जाए कि जो छठ वती दंड करते हुए छठ घाट तक जाते हैं, उनके लिए घाट तक जाने वाले एप्रोच रोड पूर्ण रूप से कंकड़-पत्थर रहित करने की व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान खतरनाक एवं अत्यधिक गहरे घाटों को चिति कर प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी ऐसे खतरनाक घाटों पर आम लोगों के प्रवेश एवं न को रोकने के लिए आवश्यक बैरिकेडिंग की जाए। साथ ही, प्रतिबंधित एवं खतरनाक घाटों के संबंध में पोस्टर, बैनर घाट पर जगह-जगह पर लगाए जाएं एवं अन्य प्रचार माध्यमों से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को पहले से सूचित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा गोगरी नगर परिषद अंतर्गत रजिस्ट्री चौक पर अवस्थित पुराने निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा नगर कार्यपालक पदाधिकारी, गोगरी को निर्देश दिया गया कि इस खंडहर भवन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर बुडको के माध्यम से नई योजना लेकर जीर्णोद्धार करवाया जाए । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गोगरी, संजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोगरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत गोगरी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

फेनहारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार फरार वारंटी गिरफ्तार

फेनहारा(एनएसबी)। पूर्वी चंपारण जिले के फेनहारा थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर गैर-जमानती वारंट पर लंबे समय से फरार चल रहे चार अभियुक्तों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को आवश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गयास इस संबंध में फेनहारा थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर चार फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ज्त छव-1659ध्26 के अभियुक्त नन्दलाल सहनी एवं राधा साहनी को विशुनपुर बसंत गांव से गिरफ्तार किया गया। वहीं, ज्त छव-100ध्26 के अभियुक्त राजेश सिंह को परशुरामपुर से तथा ज्त छव-2093ध्23 के अभियुक्त उपेंद्र कुमार को रूपौलिया गांव से गिरफ्तार किया गयास इस पूरी कार्रवाई में फेनहारा थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में पीएसआई वीर राज एवं पुलिस बल के जवान शामिल रहे। पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि चारों अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। फरार वारंटियों एवं कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा।फेनहारा पुलिस की इस कार्रवाई से फरार वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

महापर्व छठ के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि : डीएम

मोतिहारी(एनएसबी)सलोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से घर लौट रहे यात्रियों और छठवतियों की सुविधा तथा सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफर्म, पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर स्टेशन मास्टर को कई आवश्यक निर्देश जारी किए।निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ती है, इसलिए उनकी सुविधा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की



जाएगी। स्टेशन मास्टर को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान की सटीक जानकारी लगातार उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) प्रणाली के माध्यम से दी जाए ताकि यात्रियों में किसी प्रकार का भ्रम न फैले। इसके अलावा, यात्रियों के बैठने, पीने के पानी और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। त्योहार के दौरान प्लेटफर्म पर अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेल प्रशासन और जिला प्रशासन के सहयोग से बापूधाम स्टेशन परिसर में एक अस्थायी होल्डिंग एरिया (यात्री सुविधा केंद्र) का निर्माण किया जाएगा। डीएम ने इस कार्य को शीघ्र पूरा करने को कहा ताकि यात्रियों को प्लेटफर्म पर जाने से पहले सुरक्षित और आरामदायक स्थान पर रोका जा सके, जिससे असुविधा जैसी स्थिति न बने।यात्रियों की अतिरिक्तसुरक्षा के मद्देनजर मोतिहारी पुलिस द्वारा एक विशेष पहल की गई है। इसके तहत रात में ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को नशाखुरानी, झपटमारी और असामाजिक तत्वों से बचाने के लिए मुफ्त नाइट बस सेवा शुरू की गई है। यह बस सेवा रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक स्टेशन के दोनों प्लेटफर्मों के बाहर उपलब्ध रहेगी, ताकि लोग सुरक्षित अपने घरों तक पहुंच सकें। स्टेशन परिसर में किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (त्थ्) और राजकीय रेलवे पुलिस (ळत्ल्) को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। सादे लिबास में भी पुलिस बल की तैनाती की गई है जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता श्री राजष्ण झा,अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्री अरुण कुमार, स्टेशन अधीक्षक सहित रेलवे के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

महादलित बस्ती में बीडीओ और सीओ ने बच्चों संग मनाई दीपावली

संग्रामपुर(एनएसबी)। दीपावली का पर्व खुशियां बांटने और समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश देने वाला त्योहार है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए संग्रामपुर प्रखण्ड के बीडीओ मुकेश कुमार एवं सीओ सुमित कुमार राज ने उत्तरी बरियरिया पंचायत के वार्ड नंबर 10 स्थित महादलित बस्ती में पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ दीप जलाकर दीपावली का पर्व मनाया।इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बस्ती के लोगों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वहीं, बच्चों के बीच मिठाइयां बांटकर उनके त्योहार की खुशियों को दोगुना कर दिया। मिठाइयां पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अधिकारियों की इस पहल से बस्ती के लोगों में भी उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।



बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान।

ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्रा की मौत, सड़क जाम

कोचिंग जाने के दौरान भाग्यनगर मोड़ के समीप हुआ हादसा, आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे व सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

कल्याणपुर(एनएसबी)। केसरियाचकिया मुख्य सड़क पर भाग्यनगर मोड़ के समीप शनिवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार 16 वर्षीय छात्रा काजल कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वह पकड़ी दीक्षित पंचायत के कैथवलिया गांव निवासी बिगन राम की पुत्री थी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, काजल शनिवार की सुबह साइकिल से कोचिंग करने चौनपुर जा रही थी। इसी दौरान भाग्यनगर मोड़ के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। छात्रा की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर मुख्य सड़क जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गयास बाद में थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।बताया जाता है कि काजल चार बहनों में सबसे बड़ी थी और नौवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता बिगन राम बाहर रहकर वाहन चलाते हैं। बेटी की असामयिक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां सुनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं, इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

पाकिस्तानी संपर्क और साइबर ठगी के आरोप में दो गिरफ्तार, पांच एटीएम कार्ड व दो मोबाइल बरामद

बेलिसराय स्थित किराये के मकान में रह रहे थे दोनों आरोपी, व्हाट्सएप पर पाकिस्तानी लोगों से संपर्क और अवैध लेन-देन का मामला आया सामने

मोतिहारी(एनएसबी)। नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी संपर्क और साइबर ठगी से जुड़े मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन और पांच एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। गिरफ्तार युवकों के मोबाइल की जांच में व्हाट्सएप के माध्यम से पाकिस्तानी लोगों से संपर्क और अवैध लेन-देन से जुड़े साक्ष्य मिलने की बात पुलिस ने कही है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, छह नवंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति नगर थाना क्षेत्र के बेलिसराय स्थित एक किराये के मकान में रह रहे हैं। इनके पाकिस्तान से संपर्क होने तथा आसपास के लोगों से मोबाइल के माध्यम से ठगी और धोखाधड़ी



जानकारी देते अधिकारी।

की योजना बनाने की सूचना मिली थी।सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की और दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सेम्भुआपुर निवासी पंकज गुप्ता तथा संग्रामपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बरवा निवासी राजू कुमार कुशवाहा उर्फ राजू कुमार भगत के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान इनके पास से दो मोबाइल और पांच एटीएम कार्ड बरामद किए। मोबाइल की जांच में व्हाट्सएप पर पाकिस्तानी लोगों से संपर्क और अवैध लेन-देन का मामला सामने आने की जानकारी दी गई है।इस मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। छापेमारी दल में एसडीपीओ सदर-1 दिलीप कुमार, नगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

गुड्डू मुखिया हत्याकांड का मुख्य आरोपी मो. साहिल ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। सलखुआ प्रखंड के हरेवा पंचायत के पूर्व मुखिया पति जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू हत्याकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्याकांड के मुख्य आरोपी मोहम्मद साहिल ने पुलिस की लगातार दबिश के कारण माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

आरोपी की पहचान मोहम्मद साहिल, पिता मोहम्मद अब्दुल रशीद, ग्राम चिकनी, थाना सौरबाजार, जिला सहरसा के रूप में हुई है। मामला बनमा ईटहरी थाना कांड संख्या 187/26 से जुड़ा है। गौरतलब है कि बीते दिनों सरबेला-मुबारकपुर सड़क मार्ग पर शादी समारोह से लौटने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पूर्व मुखिया जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी, जबकि परिजनों में दहशत और स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल था। हत्याकांड के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस की बढ़ती दबिश के बीच मुख्य आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। अब पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपी से पूछताछ और हत्याकांड से जुड़े अन्य बिंदुओं की जांच करेगी। मुख्य आरोपी के आत्मसमर्पण के बाद अब हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।


मुख्य आरोपी साहिल।

बेटी के तिलक के लिए रखे 2.70 लाख रुपये की चोरी

खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, कर्ज लेकर बक्से में रखे थे रुपये, चोरी की घटना से परिवार में मचा कोहराम

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। तेलियाहाट बाजार वार्ड संख्या 16 में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बक्से में रखे 2 लाख 70 हजार रुपये चोरी कर लिए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में अफरा-तफरी मच गई। चोरी की गई राशि बेटी के तिलक समारोह के लिए कर्ज लेकर जुटाई गई थी।

पीड़िता रूपा देवी, पिता स्व. राजकुमार मोदी ने बताया कि घर के पीछे की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुस गए। इसके बाद बक्से को तोड़कर उसमें रखे 2 लाख 70 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। घटना दिन के करीब दो बजे की बताई जा रही है। पीड़िता के अनुसार, आगामी 10 तारीख को उनकी बेटी का तिलक समारोह होना है। इसके लिए उन्होंने कर्ज लेकर रुपये जुटाए थे और सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बक्से में रखे थे। लेकिन चोरों ने तिलक समारोह की तैयारियों पर पानी फेर दिया। घटना के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीड़िता ने घटना की जानकारी पुलिस को देकर चोरी गए रुपये की बरामदगी और अज्ञात चोरों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।


घर पर शोकाकुल परिवार व ग्रामीण।

संक्षिप्त खबरें

नशा मुक्त कोशी अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में 1788.35 लीटर शराब बरामद एवं 84 व्यक्ति गिरफ्तार


नशा मुक्त अभियान चलाते पुलिस कर्मी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। कोशी क्षेत्रान्तर्गत सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा जिला में चलाये जा रहे ह्यनशा मुक्त कोशीह्य अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। इस अभियान में आम जनों का भी अप्रतिम सहयोग प्राप्त हो रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र डा कुमार आशीष के द्वारा इस अभियान के तहत जारी किये गये हेल्पलाईन नं0-9060384865 पर आम जनता द्वारा बढ़-चढ़कर सूचना दी जा रही है। सूचना देने वाले व्यक्ति का गोबाइल नं० एवं उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है। इस हेल्पलाईन से प्राप्त सूचना पर सीधे पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा के अनुश्रवण में कार्रवाई की जाती है। इस अभियान के तहत विगत सप्ताह 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक में कुल 1788.35 लीटर अवैध शराब, गाँजा-52.104 किलोग्राम, स्मैक-173.69 ग्राम, कोडिन सिरप-25. 9 लीटर, देशी कट्टा-01, कारतूस-02, मोटरसाइकिल-18, चार पहिया वाहन-01, मोबाइल-06 एवं नकद 181220 रूपया बरामद किया गया है। अवैध शराब के गागले में 71 एवं सूखा नशा के गागले में 13 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा इनलोगों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के प्रारम्भ होने से अबतक कुल 86050. 298 लीटर अवैध शराब, अवैध कफ सिरप 4466.491 लीटर, गाँजा-8254.794 किलोग्राम, स्मैक-9391. 982 ग्राम, नशीला इंजेक्शन-13202 एम०एल०, नशीला टैबलेट 325 अद्द, सिरिज-01 पैकेट, विदेश निर्मित पिस्टल-02, पिस्टल-02, देशी कट्टा-09, देशी मस्केट-01, मैगजीन 03, कारतूस-47, मोबाइल-110. चार चक्का-43, नाव-02. भारतीय मुद्रा-6591992 रूपया, नेपाली मुद्रा-27570 रूपया, ट्रक 02, हाईवा 01, पासबुक 03, कार्ड 01, लोहा का भट्ठी 01, इलेक्ट्रीक तराजू-04 बरामद किया गया है। इस मामले में कुल 2717 तरकरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। डा कुमार आशीष ने आमजनों से अपील है कि ह्यनशा मुक्त कोशीह्य अभियान के तहत जारी हेल्पलाईन नं0-9060384865 पर नशा से संबंधित सूचना कॉल, मैसेज एवं व्हाट्स एप के माध्यम से दें। उक्त जानकारी व सूचना में अवैध नशा कारोबारी का नाम, पता, अवैध करोबार करने का स्थान यदि सभव हो तो फोटो, वीडियो भी दे सकते हैं। आपका मोबाइल नं० एवं पहचान को पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी। जिनकी सूचना पर विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी, उन्हें पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र के द्वारा यथोचित रूप से पुरस्कृत किया जायेगा। कोशी क्षेत्र पुलिस नशा मुक्ति हेतु प्रतिबद्ध है।कृपया सूचना देंकर अवश्य सहयोग करें।

तीर्थ राज प्रयाग में योग का समागम, आचार्य प्रभाकर हुए सम्मानित


मोमेंटो देकर सम्मानित करते डॉ मधु चंद्रा।

सहरसा शहर (एनएसबी)। कमला नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल प्रयाग राज के निदेशक सीओ डॉ, मधु चंद्रा के द्वारा एक दिवसीय योग शिविर आयोजित किया, योग प्रशिक्षक प्रभाकर गुरुजी के सानिध्य में सभी ने योग का अभ्यास किया। जिसमें योग के प्रारंभिक कृया के साथ हीं कम समय में स्वास्थ्य प्रद आसन प्राणायाम अंत में योगनिंद्रा का भी अभ्यास कराया गया। गुरुजी ने कहा योग का अभ्यास तो स्वस्थ व्यक्ति के लिए आवश्यक है ताकि बीमार न परें वर्तमान समय में स्वस्थ रहना नामुमकिन हीं है। एक दशक पहले भोज्यपदार्थ शुद्ध मिलता था अब बिना मिलावट के एक भी सामान नहीं मिल रहा है सभी जानते हैं फिर भी मिलावट रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सुखमय जीवन जीना है तो संतुलित आहार लें शुद्ध सुपाच्य भोजन हीं ग्रहण करें बासी भोजन और पैकिंग वाले समान खाने से परहेज करें। योग को निश्चित रूप से दिनचर्या में शामिल करें। निदेशक डॉ मधु चंद्रा ने गुरुजी को संस्था का मोमेंटो देकर सम्मानित किये और उन्होंने कहा आगे विस्तार पूर्वक योग शिविर आयोजित संस्थान में करेंगे।

नशामुक्त सुदूर देहात फरकिया दियारा की मुहिम में उतरा सुदर्शन गौतम, टोले-टोले घूम घूम कर नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को कर रहे हैं जागरूक


नशा मुक्त को ले शपथ दिलाते शिक्षक।

सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के पूर्वी कोशी तटबंध के अंदर सिदुर देहात फरकिया दियारा में संकुल समन्वयक सह प्रखंड अध्यक्ष, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के सुदर्शन कुमार गौतम ने सुखे नशे की लत से परिवार को बचाने और गांव में सामाजिक बदलाव की अलग जगाने के लिए इन्होंने मोर्चा संभाल लिया है। सुदर्शन गौतम के नेतृत्व में नशा मुक्त बिहार अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें श्री गौतम अपने सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दे रहे हैं। सुदर्शन गौतम के द्वारा सामूहिक रूप से नशा मुक्त बिहार के निर्माण में शिक्षक- शिक्षिका, छात्र-छात्रा एवं अभिभावकों को शपथ दिलाते हुए कहा कि अपने परिवार और गांव को नशे से दूर रखना तथा अधिक से अधिक लोगों को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। टोले, मोहल्ले में घूम- घूम कर छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं एवं बुजुर्गों एवं आम जनों को किसी भी प्रकार के नशा न करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

दीपावली व छठ महापर्व को लेकर विद्युत विभाग की विशेष तैयारी, पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली

सहरसा शहर (एनएसबी)। दीपावली एवं छठ महापर्व के दौरान आम उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। पर्व के दौरान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तरह अलर्ट मोड में रहेंगे। इस क्रम में विद्युत उपकेंद्रों, ट्रांसफॉर्मरों, विद्युत लाइनों एवं अन्य उपकरणों का निरीक्षण एवं आवश्यक रखरखाव किया जा रहा है। संभावित विद्युत समस्याओं को देखते हुए मरम्मत कार्य एवं तकनीकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहरसा ई. अमित कुमार ने बताया कि दीपावली एवं छठ महापर्व के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। विद्युत उपकेंद्रों, ट्रांसफॉर्मरों एवं विद्युत लाइनों का निरीक्षण कर आवश्यक रखरखाव कराया जा रहा है। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए फ्यूज कॉल सेंटर एवं कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा जाएगा।विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा बिजली आपूर्ति बाधित होने, फ्यूज से संबंधित समस्या अथवा अन्य स्थानीय विद्युत तकनीकी समस्या होने पर उपभोक्ता अपने क्षेत्र के संबंधित फ्यूज कॉल सेंटर के मोबाइल नंबर 06478-222364 पर संपर्क कर सकते हैं। फ्यूज कॉल सेंटरों के अतिरिक्त उपभोक्ता बिजली संबंधी शिकायतों के लिए विभागीय कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9264456421 तथा टोल-फ्री नंबर 1912 पर भी संपर्क कर सकते हैं। विद्युत विभाग का संकल्प है कि दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित, सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए।

दिवाली व छठ पूजा के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और छठ घाटों का किया निरीक्षण

सहरसा शहर (एनएसबी)। दिवाली एवं महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जिले में आने वाले प्रवासी लोगों की सुविधा तथा पर्वों के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं विभिन्न छठ पूजा घाटों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्व के अवसर पर अपने घर लौट रहे प्रवासी लोगों के स्वागत के लिए रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर स्वागत द्वार बनाने का निर्देश दिया। बस स्टैंड पर समुचित साफ सफाई, सुरक्षा, प्रयाप्त रौशनी एवं क्राउड मैनेजमेंट का निर्देश दिया।जिलाधिकारी के रेलवे स्टेशन का निरीक्षण के क्रम में रेलवे अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी पर्वों के मद्देनजर सहरसा रेलवे स्टेशन पर दो से तीन दिनों के दौरान लगभग 50 हजार प्रवासी लोगों के आगमन की संभावना है। इस पर जिलाधिकारी ने संभावित भीड़ के अनुरूप क्राउड मैनेजमेंट, साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन भवन परिसर में निमार्णाधीन होल्डिंग एरिया का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा।इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न छठ पूजा घाटों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समुचित साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश नगर निगम सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दिया।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता निशांत, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीयांश तिवारी, विशेष कार्य पदाधिकारी राजू कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राजीव रंजन, उप नगर आयुक्त सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


घाटों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

रोशनी के पर्व पर नशे के अंधकार को मिटाने का संदेश लेकर आगे आईं जीविका दीदियां

■ बनमा इटहरी एवं सलखुआ प्रखंड के पांच संकुल स्तरीय संघों में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम


कार्यक्रम में जीविका अधिकारी व दीदी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। दीपावली की खुशियों के बीच नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेकर जीविका दीदियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की अलख जगाई। जिला परियोजना प्रबंधक श्रीक कुमार के मार्गदर्शन एवं निगरानी में जिले में संचालित नशामुक्ति अभियान-2026 के सातवें दिन बनमा इटहरी एवं सलखुआ प्रखंड में व्यापक नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ, सुरक्षित एवं खुशहाल परिवार तथा समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। बनमा इटहरी प्रखंड के माँ कात्यायनी संकुल स्तरीय संघ एवं माँ कामाख्या संकुल स्तरीय संघ तथा सलखुआ प्रखंड के कोशी संकुल स्तरीय संघ, गंगा संकुल स्तरीय संघ एवं सम्मान संकुल स्तरीय संघ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन जीविका, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रमों में जीविका की ओर से आलोक मिश्रा, अनुपम आनंद, पवन कुमार सहित अन्य कर्मियों ने सहभागिता की। वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि ने भी लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुँचाता, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति, आपसी संबंधों और बच्चों के भविष्य को भी प्रभावित करता है। नशामुक्त जीवन अपनाने से परिवार में खुशहाली, आर्थिक मजबूती और बेहतर सामाजिक वातावरण का निर्माण संभव है। साथ ही, इससे घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक तनाव में कमी लाने में भी मदद मिलती है। इस अवसर पर जीविका दीदियों की सामुदायिक भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया। उनसे अपील की गई कि वे अपने गांवों एवं परिवारों में नशामुक्ति का संदेश पहुँचाएँ और अधिक से अधिक लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। दीपावली के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि वास्तविक खुशहाली केवल घरों को रोशन करने से नहीं, बल्कि परिवारों और समाज को नशामुक्त बनाने से आएगी। अभियान का उद्देश्य जन-जागरूकता के माध्यम से स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

पटाखे नहीं जलाएंगे पर्यावरण को बचाएंगे हरित दीपावली मनाएंगे प्रदूषण दूर भगाएंगे : सुदर्शन गौतम


शपथ लेते छात्र-छात्रा व ग्रामीण।

सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के पूर्वी कोशी तटबंध के अंदर फरकिया दियारा में संकुल समन्वयक सह प्रखंड अध्यक्ष बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में मध्य विद्यालय रैठी समेत संकुल के कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को शपथ दिलाते हुए कहा की हम सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों शपथ लेते हैं कि हम दीपावली पर पटाखे नहीं जलाएंगे, हम वायु एवं ध्वनि प्रदूषण रोकने में सहयोग करेंगे, हम पेड़-पौधे तथा पशु पक्षियों की रक्षा करेंगे, हम सभी लोगों को पटाखे न जलाने के लिए जागरूक करेंगे, आज हम शपथ लेते हैं कि इस बार दीपावली में हम लोग दीप जलाकर स्वच्छ व हरित दीपावली मनाने का संकल्प लेते हैं, संकुल समन्वयक सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में छात्र-छात्र एवं अभिभावकों ने पटाखा विरोधी अभियान में उत्साह पूर्वक भाग लिया पर्यावरण संरक्षण के नारे भी लगाए, श्री गौतम ने पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से आम लोगों में भी जागरूकता संदेश देते हुए कहा कि, दीप जलाएं खुशियां मनाएं, पटाखे से पर्यावरण बचाएं, पटाखे नहीं जलाएंगे पर्यावरण को बचाएंगे हरित दीपावली मनाएंगे प्रदूषण दूर भगाएंगे। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सुदर्शन कुमार गौतम ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के बीच टॉफियां एवं मिठाइयां भी बांटे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में उत्साह था।

भारत स्काउट व गाइड ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस समारोह

सर्वधर्म प्रार्थना, झंडोत्तोलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन


कार्यक्रम का शुभारंभ डीईओ व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में स्थानीय जिला स्कूल सभागार में स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एवं भारत स्काउट और गाइड के डीईओ सह सभापति रोहित रौशन ने सहभागिता की। इसके पश्चात उन्होंने झंडोत्तोलन किया तथा आयोजित रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का निरीक्षण कर प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य समारोह का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर स्काउटिंग के जनक लॉर्ड बेडेन पॉवेल की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त डीओसी रविरंजन ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित एवं स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत स्काउट और गाइड केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, सहयोग, समर्पण और मानवीय मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बच्चों एवं युवाओं से लॉर्ड बेडेन पॉवेल के आदर्शों, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही निबंध लेखन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, मेडल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला मुख्य आयुक्त नुनुमणि सिंह, पूर्व प्राचार्य राणा जयराम सिंह, पूर्व सचिव चंद्रशेखर पोद्दार, सुधा कुमारी, प्राचार्य प्रभाष मिश्र, जिला सचिव शंभु प्रसाद यादव, राज्य प्रतिनिधि स्काउटर सैयद शमी अहमद, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, स्काउट मास्टर आनंद कुमार झा, गौतम कुमार ठाकुर, स्काउट सुशांत, गणेश, सुमित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह ने बच्चों में सेवा, अनुशासन, सहयोग, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

संक्षिप्त खबरें

पपीता का पेड़ तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बेला नौबाद पंचायत के वार्ड नंबर बारह निवासी बाल्मिकी साह के पैंतालीस वर्षीय पत्नी गिरजा देवी ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर वार्ड नंबर बारह निवासी आठ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मारपीट कर घायल कर नगदी एवं जेवरात छीन लेने की शिकायत की है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। आवेदिका के मुताबिक उसका आठ वर्षीय पुत्र चंदू कुमार ने अपने निजी जमीन पर लगे एक पपीता का पेड़ तोड़ दिया। जिससे नाराज हो नामजद उसे मार पीट करने लगे। जानकारी पर जब उसके पति बाल्मिकी साह बचाने के लिए गए तो नामजदों ने उस पर लोहे के खंती से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पिता को मार खाते देख कर जब उसका बीस वर्षीय पुत्र वैभव कुमार बचाने गया तो उसे भी मारपीट कर गले में पहने सोने की चकती छीन लिया। आवेदिका के मुताबिक जमीन विवाद को लेकर नामजदों के द्वारा तीन लाख रूपये रंगदारी की मांग की जा रही थी, जिसे नहीं देने पर घटना को अंजाम दिया। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले को छानबीन कर दोषियों के ऊर कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैक्टर की ठोकर से एक युवक गंभीर रूप से घायल

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के काली स्थान चौक के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की ठोकर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में भर्ती कराया गया।अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई, जिसके पश्चात डक्टरों ने उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी। घायल युवक की पहचान नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी पवन साह के पुत्र अमित कुमार के रूप में की गई है।

खगड़िया में दीपावली को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़

खगड़िया (एनएसबी)। दीपावली को लेकर इस बार बाजार में अच्छी रौनक दिख रही है। पहर के दुकानों में पटाखों की जहां जमकर खरीददारी हो रही है। वही दीप समेत अन्य समानों की भी अच्छी खरीददारी लोग कर रहे हैं। पटाखा दुकानदार संजय कुमार ने कहा इस बार पटाखों की अच्छी बिकबाली हो रही है। हर रेट का पटाखा दुकान में उपलब्ध है। उन्होने कहा कि अन्य सालों की भांति इस बार पटाखों की कीमत में थोड़ी वृद्धि है, उसके बाद भी पटाखों की अच्छी बिक्री हो रही है। उन्होने कहा कि पटाखा की बिक्री दीपावली के दिन तक होती है और फिर दीपावली के बाद कुछ पटाखा छठ में भी बिकते हैं। वही पटाखा दुकान की संचालिका नीतू देवी ने कहा कि पटाखा की बिक्री अच्छी हो रही है। उन्होने कहा कि अधिकांष पटाखे बच्चे खरीददते हैं। इसको देखते हुये कम कीमत की अधिक पटाखा मंगाये गये और उसकी अच्छी बिक्री हो रही है। वही राजेन्द्र चौक पर दिये,भगवान गणेष-लक्ष्मी जी की मूर्तिया भी खूब लोग खरीद रहे है। दीप बेचनेवाले दुकानदार ने कहा कि हमलोगों को उम्मीद है कि इस बार अच्छी कमाई होगी। वही दीपावली को लेकर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है। षहर में हर चौक -चौराहे पर पुलिस की तैनाती की गयी है। जिला प्रषासन के वरीय अधिकारी लगतार मौनीटरिंग कर रहे हैं।

शराब कारोबारी समेत तीन गिरफ्तार

चौथम (एनएसबी)। चौथम पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए शराब कारोबारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाने से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस गश्ती के दौरान बरहरा सड़क पुलिया के समीप शराब ले जा रहे एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास गैलन में तीन लीटर देसी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान बड़हारा निवासी रंजन यादव के पुत्र बलराम यादव के रूप में हुई है। वहीं, न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर निरपुर निवासी कोकण दास के पुत्र अनिल दास एवं अनिल दास के पुत्र विमलेश कुमार दास को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों पिता पुत्र बताए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

दीपावली एवं काली पूजा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

खगड़िया (एनएसबी)। दीपावली एवं कालीपूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस वर्ष दीपावली एवं कालीपूजा का पर्व 08 नवंबर को मनाया जाएगा। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला संयुक्तादेश जारी किया गया है। जिलाधिकारी विक्रम विरकर एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देश के आलोक में जिले के विभिन्न संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल एवं लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को 08 नवंबर को पूर्वा आठ बजे तक अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान देने तथा 12 नवंबर तक प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने तक मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि पटाखों के भंडारण के लिए समुचित अनुमति सुनिश्चित की जाए। पटाखों का कोई भी अवैध भंडारण एवं बिना लाइसेंस के बिक्री नहीं होनी चाहिए। इस पर निरंतर नजर रखी जाए। सभी प्रतिनियुक्त स्थलों की फोटो व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मंगवाकर सतत मनिटरिंग की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी पुलिस बल अपने स्थल पर पहुंच गए हैं। मूर्ति विसर्जन जुलूस के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसकी जवाबदेही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों की रहेगी। धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए चोरी, पकेटमारी, चेन एवं बैगैचिंग तथा लूट जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। स्वर्ण-आभूषण, इलेक्ट्रानिक्स एवं अन्य प्रमुख दुकानों के आसपास पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में



डीएम,एसपी व अन्य।

भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। सभी पदाधिकारी एक-दूसरे के संपर्क नंबर रखेंगे, ताकि किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में कई स्थानों पर वृहद रूप में मेला का आयोजन होता है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि मेला स्थल पर सीसीटीवी की व्यवस्था हो, प्रवेश एवं निकास की समुचित व्यवस्था हो तथा किसी भी अप्रिय घटना की संभावना का पूर्व से आकलन कर तैयारी की जाए। जिलाधिकारी ने कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में किसी भी कारण से जिन कर्मियों का वेतन रोका गया है, उनका वेतन तत्काल प्रभाव से जारी किया जाए। सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि किसी भी स्तर पर किसी का वेतन लंबित न रहे। पर्व के अवसर पर किसी का वेतन बाधित नहीं रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्व का माहौल बना रहे। रेलवे के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि रेलवे स्टेशन पर छठ के लोकगीत, विशेषकर शारदा सिन्हा के छठ गीत, बजते रहें। जिला सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के छठ पूजा से संबंधित बैनर एवं संदेश सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर लगाए जाएं। सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारी बस स्टैंड एवं अन्य स्थलों पर छठ पर्व से संबंधित अडियो संदेश का समुचित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व पर प्रवासी भाई-बहन बड़ी संख्या में ट्रेन के माध्यम से बाहर से आते हैं। रात में स्टेशन से घर जाते समय लूटपाट एवं असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किए जाने की घटनाएं होती हैं। इसे रोकने के लिए नाइट पेट्रोलिंग एवं अन्य कार्रवाई पूर्व से सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करें जहां अंधेरा रहता है और लाइट की व्यवस्था नहीं है। वहां स्ट्रीट लाइट या हाई मास्ट लाइट लगाई जाए, ताकि कहीं भी अंधेरा न रहे और असामाजिक तत्वों को मौका न मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पूजा समिति, काली पूजा समिति सहित सभी पूजा समितियों को पूजा आयोजन में शामिल किया जाए। उनका सुझाव एवं सहयोग लिया जाए। त्योहार जनता का है, पूजा समितियों का है, प्रशासन को सहयोग करना है। पूजा समितियों की भूमिका हमेशा सर्वोपरि होती है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि छठ पूजा तक छठ घाट तक जाने वाले पहुंच पथ को पूर्णतः कंकड़-पत्थर रहित बनाया जाए, ताकि दंडवत करते हुए एवं नंगे पांव जाने वाले वतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पूरे ग्रामीण क्षेत्र में पूर्ण रूप से साफ-सफाई कराई जाए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के साथ-साथ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव समुचित रूप से कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि डक्टरों की प्रतिनियुक्ति नियमित एवं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। डक्टर कहीं भी अनुपस्थित नहीं रहेंगे, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं डायल-112 की गाड़ियां हर समय उपलब्ध रहेंगी तथा सूचना मिलते ही तुरंत स्थल पर पहुंचेंगी। अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पूर्व से ऐसे स्थलों को चिन्हित करें जहां फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस एवं अन्य गाड़ियों को रखा जाए, ताकि सूचना मिलने पर शीघ्र पहुंचा जा सके। दीपावली में आग लगने की घटनाएं होती हैं, इसे देखते हुए नगर निकाय बाइक की व्यवस्था रखेंगे, ताकि संकरी गलियों में जहां दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच सकती, वहां बाइक के माध्यम से तुरंत कार्रवाई की जा सके। नाविक एवं गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति पूर्व से पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाए तथा उनके सक्रिय मोबाइल नंबर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जनता एवं जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। डीएसपी साइबर को निर्देश दिया गया कि सोशल मीडिया पर पूर्ण मनिटरिंग रखी जाए, ताकि कोई भी ऐसा वीडियो अथवा संदेश प्रसारित न हो जिससे जातीय अथवा धार्मिक भावना आहत हो और सांप्रदायिक तनाव फैलने की स्थिति उत्पन्न हो। डूबने की घटनाओं को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया गया। ऐसी घटना होने पर आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाले मुआवजे में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए।

दीपावली,काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



बैठक में थानाध्यक्ष व अन्य।

बेलदौर (एनएसबी)। दीपावली और छठ को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने की। बैठक के दौरान दोनों पर्वो पर शांति व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और आम नागरिकों की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली प्रेम, भाईचारे और प्रकाश का पर्व है, जबकि छठ महापर्व श्रद्धा, भक्ति, पवित्रता और लोक आस्था का प्रतीक है। दोनों पर्व सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश देते हैं।उन्होंने थाना क्षेत्र के ग्रामीणों से उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ पर्व मनाने की अपील की। साथ ही, शांति, सद्भाव और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा शराबियों और उपद्रवियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया।बता दें कि बेलदौर थाना क्षेत्र के सकरोहर, बोबिल, फनसलवा, मुरासी और बेलदौर में काली पूजा के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर बेलदौर काली पूजा के मेला मालिक त्रिशंकर कुमार, मनोज ठाकुर, अमित कुमार, ललन कुमार रजक, पालो कुमार, राजकमल कुमार समेत कई थानाकर्मी मौजूद थे।

श्यामलाल मेडिकल कॉलेज ने राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

खगड़िया (एनएसबी)। श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज एवं शहीद प्रभु नारायण मल्टीस्पेशलिटी हस्पिटल की ओर से जिले की उन खेल एवं सांस्तिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं राज्यस्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खगड़िया का नाम रोशन किया है। संस्थान के निदेशक ड़ विवेकानंद ने खिलाड़ियों को मेडल एवं 5100 का चेक देकर सम्मानित किया। वहीं उनके प्रशिक्षकों को भी अंगवस्त्र एवं 5,100 की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। सम्मानित होने वालों में कुश्ती के राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतने वाले पहलवान दीपक कुमार तथा राज्यस्तरीय पहलवान मो. जावेद एवं मो़ आरिफ, गटका खिलाड़ी इंद्रराज कुमार, नृत्य में राज्यस्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी प्राची प्रिया, 15 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी मानव कुमार, अंडर-18 राष्ट्रीय महिला शतरंज खिलाड़ी तन्नु कुमारी, अंडर-10 के राज्यस्तरीय खिलाड़ी ष्ण कुमार एवं अंडर-14 के राज्यस्तरीय शतरंज खिलाड़ी नेवक कुमार शामिल रहे। क्रम में राष्ट्रीय रग्बी खिलाड़ी अमित कुमार उज्ज्वल, रिमझिम एवं केशव कुमार, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राखी कुमारी, रणजी ट्रफी क्रिकेट खिलाड़ी विशालाक्षी तथा राज्यस्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी हर्षित आनंद, विद्यानंद कुमार, सौरव कुमार, विकास कुमार, उत्कर्ष आनंद, अनिकेत कुमार एवं विश्वजीत सहित कई अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक ड़ विवेकानंद ने कहा कि खेल और संगीत जीवन में आनंद, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। खेल केवल पदक और मुकाम हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज एवं बेहतर जीवनशैली का आधार भी है। हर खिलाड़ी को राष्ट्रीय या अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर सफलता नहीं मिलती, लेकिन खेल के माध्यम से रोजगार



डॉ. विवेकानंद व अन्य।

और सम्मानजनक भविष्य के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। इसी उद्देश्य से खेल प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ खेल आधारित शिक्षण संस्थान खोलने की दिशा में भी पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि खगड़िया को आकांक्षी जिले की पहचान से आगे बढ़ाकर समृद्ध एवं विकसित जिला बनाने के लिए वर्ष 2030 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले की प्रतिभाओं को उचित मंच और अवसर मिले, युवाओं में खेल का वातावरण विकसित हो तथा खगड़िया नशामुक्त बने, यह सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल सरकार के प्रयासों से विकास संभव नहीं है, इसके लिए समाज का जागरूक और सक्रिय होना भी जरूरी है। ड़ विवेकानंद ने कहा कि वर्तमान में खगड़िया की पहचान एक उपभोक्ता जिले के रूप में अधिक है। इसे उत्पादक जिला बनाने की आवश्यकता है, ताकि स्थानीय प्रतिभा, संसाधन, श्रम और उद्यमिता के माध्यम से रोजगार एवं आर्थिक समृद्धि के नए अवसर पैदा हों। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर श्जय खगड़िया अभियानश् के तहत मिशन 2030 की परिकल्पना की गई है। उन्होंने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जय खगड़िया अभियान के तहत जिले के प्रत्येक प्रखंड में 15 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें विकसित खगड़िया के निर्माण, रोजगार, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, उद्योग और सामाजिक बदलाव जैसे विषयों पर युवाओं से विचार आमंत्रित किए जाएंगे। प्रत्येक प्रखंड से बेहतर निबंध लिखने वाले 100 प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें पुरस्त किया जाएगा, ताकि विकास की योजना में युवाओं की सोच और भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर इंजीनियर धर्मेंद्र, सामाजिक कार्यकर्ता पीसी घोष एवं अमरीष कुमार ने भी उपस्थित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

संक्षिप्त खबरें

बाल विवाह सामाजिक कुप्रथा ही नहीं कानूनन अपराध भी है : विधायक

खगड़िया (एनएसबी)। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने तथा बच्चों के सुरक्षित, शिक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से शनिवार को शहर स्थित विधायक आवासीय परिसर में तात्वसी समाज न्यास, खगड़िया की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक सह जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुप्रथा नहीं, बल्कि कानूनन दंडनीय अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित आयु से पहले विवाह कराना अथवा इसमें सहयोग करना कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए प्रभावी पहल की। महिला सशक्तीकरण, बालिका शिक्षा और सामाजिक सुधार के प्रति उनकी सोच सदैव प्रेरणादायी रही है। इन कानूनों एवं सामाजिक सुधारों का अनुपालन करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक ने अभिभावकों, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गो से अपील करते हुए कहा कि बच्चों का विवाह निर्धारित उम्र में ही करें तथा उन्हें उच्च शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के पर्याप्त अवसर दें। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में बाधक बनता है। कार्यक्रम के दौरान तात्वसी समाज न्यास, खगड़िया (जस्ट राइट्स फर चिल्ड्रेन, नई दिल्ली) की ओर से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए 100 दिवसीय विशेष जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बच्चों के शिक्षा एवं संरक्षण के अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। पर दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, बेलदौर जदयू प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह कुशवाहा, न्यास के कार्यकर्ता राम कुमार, रंजीत कुमार रंजन, ममता कुमारी, सुधांशु चौधरी, नरेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

टीबी मरीजों के बीच पोषण सहायता किट का वितरण

गोगरी (एनएसबी)। अनुमंडलीय अस्पताल, गोगरी में शनिवार को टीबी से पीड़ित मरीजों के बीच पोषण सहायता किट का वितरण किया गया। यह वितरण बौरना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो़ नासिर इकबाल, शेरचकला मुखिया मिथिलेश कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मो़ नासिर इकबाल ने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी जरूर है, लेकिन नियमित दवा, पौष्टिक आहार और उचित देखभाल से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। टीबी मरीजों को इलाज के साथ-साथ पौष्टिक भोजन की भी आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से पोषण सहायता किट का वितरण किया जा रहा है, ताकि मरीजों को बीमारी से लड़ने में मदद मिल सके।उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को किसी प्रकार का भेदभाव नहीं झेलना चाहिए। समाज के लोगों को भी आगे आकर मरीजों का मनोबल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने सभी मरीजों से नियमित रूप से दवा लेने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने की अपील की।इस मौके पर अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



पोषण कीट देते प्रतिनिधिगण।

नगर सभापति ने कार्यपालक पदाधिकारी से 24 घंटे में मांगा जवाब

खगड़िया(एनएसबी)। नगर परिषद खगड़िया में प्रशासनिक कार्यप्रणाली और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कार्यपालक पदाधिकारी सिंधु कमल को पत्र जारी करते हुए लगभग तीन महीने से सशक्त स्थायी समिति एवं सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित नहीं किए जाने पर स्पष्टीकरण मांगा है।नगर सभापति अर्चना कुमारी के अनुसार, लगभग तीन महीने से सशक्त स्थायी समिति और सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित नहीं हुई है। नगर परिषद की इन बैठकों का उद्देश्य नगर के विकास कार्यो, जनसमस्याओं, योजनाओं और प्रशासनिक विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लेना है। ऐसे में लंबे समय तक बैठक नहीं होना कई महत्वपूर्ण विषयों को लंबित रखने जैसा ळें नगर सभापति का सवाल है कि जब नगर में विकास कार्यों और आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर लगातार मांग उठ रही है, तो उन विषयों पर चर्चा और निर्णय लेने के लिए बैठक आयोजित करने में इतनी देरी क्यों हो रही है क्या नगर परिषद की प्रशासनिक व्यवस्था में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिका और उनके द्वारा उठाए गए विषयों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर सभापति कार्यालय की ओर से 03112026 को दो महत्वपूर्ण पत्र जारी किए गए थे। पहला पत्र में सशक्त स्थायी समिति की बैठक के लिए एजेंडा भेजा गया था। वहीं दूसरा पत्र के माध्यम से सामान्य बोर्ड की बैठक 10 नवम्बर को आयोजित करने के लिए जारी किया गया था। इन पत्रों के माध्यम से नगर के महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक आयोजित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जानी थी। लेकिन नगर सभापति का आरोप है कि पत्र जारी होने के बाद भी न तो बैठक से संबंधित आवश्यक सूचना जारी की गई और न ही आयोजन की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई की गई। नगर सभापति द्वारा जारी स्पष्टीकरण पत्र में कहा गया है कि दोनों पत्रों को कार्यालय में जमा कराने के लिए लगातार चार दिनों तक प्रयास किया गया। इसके बावजूद कार्यालय स्तर पर पत्र प्राप्त करने और आगे की कार्रवाई करने में सहयोग नहीं किया गया। नगर परिषद के इस घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि जब कार्यालय में बार-बार प्रयास के बावजूद पत्र प्राप्त नहीं किए गए, तो नगर सभापति अर्चना कुमारी को दोनों पत्र कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय के मुख्य द्वार पर चस्पा करने पड़े। इस घटनाक्रम ने नगर परिषद खगड़िया की कार्यप्रणाली को लेकर कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या नगर परिषद में बैठक बुलाने के लिए निर्वाचित नगर सभापति द्वारा जारी पत्रों पर भी कार्रवाई नहीं होगी क्या कार्यालय कर्मियों को जनप्रतिनिधियों के पत्र प्राप्त नहीं करने का निर्देश दिया जा सकता है और यदि नगर के महत्वपूर्ण फैसलों के लिए बैठक ही समय पर नहीं होगी, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान किस प्रक्रिया से होगा फिलहाल नगर परिषद खगड़िया में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ छठ और दीपावली जैसे बड़े पर्वो की तैयारियां हैं, तो दूसरी तरफ नगर की सर्वोच्च निर्वाचित प्रतिनिधि और प्रशासनिक पदाधिकारी के बीच बैठक आयोजित कराने को लेकर उठे सवाल हैं। ऐसे में नगरवासियों की निगाहें अब प्रशासनिक जवाब और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।

बैंक कर्मियों ने ग्राहकों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी, निवेश के फायदे बताए

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के नवादा गांव में सीएसपी संचालक सोनू निगम के आवास पर यूनियन बैंक अफ इंडिया की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बैंक कर्मियों ने स्थानीय ग्राहकों, महिलाओं एवं जीविका दीदियों को बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक ष्णा कुनाल एवं विभागीय आरडीओ विशाल मोहितो ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना सहित अन्य बैंकिंग सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि सरकार की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना है। कम राशि के निवेश से भी लोग भविष्य के लिए बेहतर वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। विशेषकर महिलाओं, ग्रामीण परिवारों एवं असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने योजनाओं की पात्रता, लाभ, निवेश प्रक्रिया एवं भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी लोगों को समझाया। साथ ही बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक रहने और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से जोड़ने की अपील की। इस अवसर पर जीविका दीदी उर्मिला, कुमकुम, प्रीति देवी, शकुंतला देवी, प्रेमलता देवी, सुलेखा देवी सहित दर्जनों जीविका दीदियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

11 लाख 1111 दीपों से जगमगाया कल्याणपुर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया दीपोत्सव का शुभारंभ

डा. नीतीश चंद्र दुबे के नेतृत्व में दुर्गा महारानी के दरबार में हुआ मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। मुंगेर जिले के कल्याणपुर की धरती पर दीपावली का उत्सव ऐतिहासिक और भव्य रूप में मनाया गया। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन पर कल्याणपुर दुर्गा महारानी के दरबार में ड् नीतीश चंद्र दुबे उर्फ टीपू के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कल्याणपुर यूथ क्लब के युवाओं ने दीपों की रोशनी से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। हेलीकप्टर से कल्याणपुर पहुंचते ही मुख्यमंत्री का स्वागत दीपों की जगमगाहट और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच किया गया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 11 लाख 11 हजार 111 दीपों का दीपोत्सव रहा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री के हाथों दीपोत्सव की शुरुआत होते ही पूरा आयोजन स्थल दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और युवाओं की भागीदारी देखने को मिली।





मंचासीन मुख्यमंत्री, स्वागत करते कल्याणपुर की जनता जनप्रतिनिधि।

कल्याणपुर को देश के दूसरे सबसे बड़े दीपावली आयोजन के गौरव से जोड़ने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक पहल है। इस आयोजन को सफल बनाने में ड् नीतीश चंद्र दुबे उर्फ टीपू भइया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कल्याणपुर यूथ क्लब की टीम के साथ मिलकर इस विशाल दीपोत्सव की तैयारियों को आकार दिया।

दीपोत्सव से पहले मुख्यमंत्री का जिस भव्यता के साथ स्वागत किया गया, उसने आयोजन को और याार बना दिया। कल्याणपुर के युवाओं के उत्साह, सामूहिक प्रयास और धार्मिक आस्था ने इस आयोजन को विशेष पहचान दी। 11 लाख 11 हजार 111 दीपों के प्रज्वलन के साथ कल्याणपुर ने दीपावली उत्सव को भव्य स्वरूप देने का संदेश दिया। इधर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष कर दो नीतिश चंद्र दुबे को बधाई दिए।

संक्षिप्त खबरें

गिरिडीह बैंक लूटकांड का तार पंडारक से जुड़ा, एक हिरासत में

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। झारखंड के गिरिडीह स्थित यूको बैंक में करोड़ों रुपये की लूट के सनसनीखेज मामले का तार अब पटना जिले के पंडारक से जुड़ता नजर आ रहा है। इस मामले में गिरिडीह पुलिस ने पंडारक से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे बैंक लूटकांड को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस लूट की वारदात में शामिल अपराधियों, उनके स्थानीय संपर्कों और संभावित नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। जांच के दौरान पुलिस एक-एक कड़ी जोड़कर लूटकांड की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पंडारक से हिरासत में लिए गए व्यक्ति की भूमिका और गिरिडीह बैंक लूट से उसके संभावित संबंधों की पड़ताल की जा रही है। फिलहाल पुलिस की पूछताछ और जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। इस कार्रवाई से बाढ़ और आसपास के इलाकों में भी हलचल तेज हो गई है।

विधान परिषद में नौकरी के कथित खेल के तार बाढ़ से जुड़े, एक नेता पर कई लोगों को नौकरी दिलाने का आरोप!

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। विधान परिषद में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित अनियमितता का मामला अब बाढ़ से भी जुड़ता नजर आ रहा है। चर्चा है कि एक नेता द्वारा कई लोगों को नौकरी दिलाने की बात सामने आई है। इस खुलासे के बाद स्थानीय राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। अब सबकी निगाहें जांच की दिशा और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सवाल यह है कि इस कथित नौकरी प्रकरण की जांच की आंच बाढ़ तक पहुंचेगी और क्या किसी पर कार्रवाई की गाज गिरेगी

मोकामा में घाटों का मरम्मत कार्य तेज

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मोकामा में तैयारियां तेज हो गई हैं। सूरजभान सिंह के पुत्र अमितोष की पहल पर विभिन्न छठ घाटों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। टीम अमितोष की देखरेख में कई घाटों पर साफ-सफाई, मरम्मत और आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम जारी है। छठ वतियों को अर्घ्य अर्पित करने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए घाटों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। पर्व को लेकर चल रही इन तैयारियों से स्थानीय लोगों में उत्साह है।

तेजस्वी महंगी कार में बैठकर उठाएंगे गरीबों की आवाज : भाजपा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। धनतेरस के मौके पर तेजस्वी यादव द्वारा नई गाड़ी खरीदे जाने की चर्चा ने बिहार की सियासत में नया मुद्दा खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि गाड़ी की कीमत करीब 80 लाख रुपये है। इसको लेकर भाजपा ने तंज कसते हुए सवाल उठाया कि गरीबों और वंचितों की आवाज उठाने का दावा करने वाले तेजस्वी यादव क्या अब महंगी गाड़ी में बैठकर जनता की समस्याएं उठाएंगे गाड़ी की कीमत और खरीद को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप जदयू प्रखंड अध्यक्ष ने उठाई किसानों की समस्या

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। किसानों को खेती के मौसम में खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़े और उन्हें निर्धारित समय पर उर्वरक उपलब्ध हो, इसके लिए सरकार को सरल और सुलभ नियम बनाने चाहिए। साथ ही खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को जरूरत के अनुसार समय पर खाद मिल सके। उक्त बातें जदयू जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने कल्याणपुर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन के दौरान कहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर किसानों को खाद की किल्लत से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया।मुनीलाल मंडल ने कहा कि खेती पूरी तरह समय और मौसम पर निर्भर करती है। ऐसे में खाद मिलने में देरी होने से किसानों की फसल प्रभावित होती है। खाद के लिए किसानों को दुकानों का चक्कर लगाना पड़ता है और कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि खाद वितरण की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए तथा किसानों को अनावश्यक कागजी प्रक्रियाओं से मुक्ति मिले। पंचायत स्तर पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देना षि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में जरूरी कदम है।

जनता दरबार में आठ भूमि विवाद मामलों की हुई सुनवाई, चार का मौके पर निष्पादन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर जमालपुर थाना परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में कुल आठ मामलों की सुनवाई हुई। इनमें चार मामलों का पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में मौके पर ही निष्पादन किया गया।जनता दरबार में जमालपुर, ईस्ट कलोनी एवं सफियासराय थाना क्षेत्र से पहुंचे फरियादियों ने अपनी जमीन से संबंधित विवादों को अंचलाधिकारी के समक्ष रखा। सीओ ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और बारीकी से सुना। साथ ही दोनों पक्षों के कागजात एवं प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर मामलों की सुनवाई की।चार मामलों के निष्पादन के बाद शेष मामलों को आवश्यक जांच एवं प्रक्रिया पूरी कर अगले जनता दरबार में निष्पादित करने की बात कही गई। अंचलाधिकारी ने संबंधित पक्षों को आपसी सहमति और कानूनी प्रक्रिया के तहत विवाद सुलझाने की सलाह भी दी उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के मामलों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान सहित अंचल के कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद थे।



जनता दरबार में मामले की सुनवाई करते पुलिस पदाधिकारी।

स्मैकर के संदेह में चार युवक गिरफ्तार पुलिस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। शहर में नशे के कारोबार और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जमालपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस ने स्मैकर के संदेह में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान बड़ी दरियापुर निवासी राहुल कुमार, पिता विजय ठाकुर, शुभम कुमार, पिता बलराम ठाकुर, मोहम्मद साहिल, पिता मोहम्मद फिरोज तथा सदर बाजार निवासी मोहम्मद शाहबाज उर्फ नेपाली, पिता मोहम्मद मन्नू के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार गश्ती की जा रही है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है।थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के साथ नशे जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी नियंत्रण करना है। इसके लिए संवेदनशील इलाकों में पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



पुलिस गिरफ्त में संदिग्ध युवक।

डॉ. कार्तिक सरस्वती शिशु मंदिर में दीपोत्सव कला कार्यशाला आयोजित

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। डॉ. कार्तिक सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में दीपोत्सव कला कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्यो के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक दीपों का निर्माण किया। वहीं विद्यालय के विशाल वंदना कक्ष में बहनों ने मनमोहक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में अनिका कुमारी, सानवी कुमारी, काव्या ठाकुर, संसति कुमारी, देवांश्री, हा, अविका एवं आनवी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष नरेंद्र पंडित, सचिव विकास चंद्र पोद्दार, विद्या भूषण मंडल एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बच्चों की कलातियों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में अनिका कुमारी को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं श्रीयांश, रुद्रांश एवं अर्नव को भी प्रथम श्रेणी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्त किया गया।सचिव विकास चंद्र पोद्दार ने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रकाश, खुशियों एवं समृद्धि का पर्व बताया। वहीं आचार्या ब्यूटी कुमारी ने भगवान श्रीराम के 14 वर्षो का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने और दीप जलाकर उनके स्वागत किए जाने के प्रसंग को सुनाया।कार्यक्रम में बच्चों को ड. कार्तिक बाबू के व्यक्तित्व एवं जीवन से भी परिचित कराया गया। समिति की ओर से आचार्य परिवार को दीपावली उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सीता कुमारी, ब्यूटी कुमारी, मीनू कुमारी, रानी कुमारी, हा कुमारी सहित अन्य आचार्यो का सराहनीय योगदान रहा।



दीपोत्सव कला कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्रा।

काली पूजा पर दौलतपुर काली मंदिर से निकली भव्य कलश शोभायात्रा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। काली पूजा के पावन अवसर पर दौलतपुर स्थित काली मंदिर से शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और मां काली के जयकारों से पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा।शोभायात्रा का नेतृत्व मुख्य पुजारी पवन कुमार हीरालाल ने किया। इस दौरान मुख्य पुजारी सहित श्रद्धालु कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं, कुमारी कन्याओं ने लाल चुनरी धारण कर सिर पर कलश रखकर पूरे श्रद्धाभाव के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच निकली इस शोभायात्रा ने क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह का संचार किया।दौलतपुर काली स्थान से प्रारंभ हुई शोभायात्रा पशुपालन गली, दौलतपुर सहित शहर के विभिन्न मार्गो एवं मोहल्लों से होकर गुजरी। रास्ते में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का स्वागत किया और मां काली के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। जगह-जगह लोगों की सहभागिता से शोभायात्रा का श्य आकर्षक और भक्तिमय बना रहा।आयोजन में महिलाओं, युवतियों और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। लाल चुनरी में सजी कुमारी कन्याएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। धार्मिक परंपरा और सामूहिक सहभागिता के साथ निकाली गई इस कलश शोभायात्रा ने दौलतपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में काली पूजा के उत्सव को और भी खास बना दिया।कलश शोभायात्रा में प्रतिभा देवी, बिना राय, कंचन देवी, खुशी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मानसी कुमारी, पूजा कुमारी, कुमकुम कुमारी, रूपेश कुमार एवं कुंदन तांती सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।



कलश शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

संक्षिप्त खबरें

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

सोनपुर (एनएसबी) सेवारत सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए एक दिवसीय वित्तीय साक्षारता कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनपुर द्वारा दिनांक 05 नम्बर 2026. को अपने परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम का उदेश्य शिक्षकों में व्यक्तिगत वित्त की स्पष्टता समक्ष विकसित करना और व्यावहारिक धन कौशलों की उनकी कक्षाओं व समुदायों तक पहुंचाने में मदद करना था। कार्यक्रम के हिस्से के रुप में मुंबई स्थित वित्तीय सेवा समूह जिसकी भारत के 10 शहरों में उपस्थित हैं, मुख्य साधन सेवी (विशेषज्ञ) के रुप में आमंत्रित किया गया था। वित्तीय साक्षारता सीधे तौर पर नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र के पाठ्यक्रम और दैनिक जीवन के कौशलों से जुड़ी हुई थी। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक जो क्या हमकों अर्थव्यवस्था और नागरिकता के बारे में पढ़ाते हैं। इस ज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए



साक्षारता कार्यक्रम में शामिल शिक्षक।

सबसे उपयुक्त प्राप्त थे। यह कार्यक्रम इसी बात को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। यह सत्र व्यक्तिगत वित्त को बुनियादी वार्ता को कवर करता था, जिसमें बजट बनाना, बचत, निवेश, नियोजन और परिवार के वित्तीय भविष्य की सुरक्षा शामिल थे। इसका मुख्य ध्यान सरल और व्यावहारिक समझ पर था। जिसमें ऐसे उदाहरण शामिल थे, जिन्हें शिक्षक अपने जीवन से जोड़ सके और पढ़ाते समय उपयोग कर सकें। डायट सोनपुर की प्रभारी प्राचार्या ड फरहत जहां ने कहा कि वित्तीय साक्षरता एक हमारे शिक्षक पैसोंके जुड़ें मामलों को अच्छी तरह समझेंगे हैं, तो इसका लाभ छात्रों और उनके परिवारों तक भी पहुंचता है। एप्सिलन मनी ग्रुप के पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक ड मधु स्मिता सिंह ने कहा कि हमें आमंत्रित करने के लिए हम डायट सोनपुर के आभारी हैं। शिक्षक हर साल सैंकड़ों छात्रों तक पहुंचते हैं, इसलिए उन्हें पैसों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करना, समुदाय में वित्तीय जागरुकता सुधारने के लिए सबसे प्रभावी तरीकों में से एक था। यह कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक कौशलों को मजबूत करने और उन्हें ऐसे विषयों को पढ़ाने के लिए तैयार करने के डायट सोनपुर निरंतर प्रयासों का हिस्सा था जो छात्रों के दैनिक जीवन और उनके व्यक्तिगत जीवन में मायने रखते थे।

दीपावली और छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट, घाटों की सुरक्षा से लेकर पुलिस तैनाती तक की बनी रणनीति

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में छठ घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थानों की निगरानी, पुलिस बल की तैनाती और विधि-व्यवस्था संधारण सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया गया।

सरस्वती कुमारी बनीं पटना की नई जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग में नई जिम्मेदारी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पटना जिले को नई जिला शिक्षा पदाधिकारी मिली हैं। सरस्वती कुमारी को पटना का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। उनके पदभार संभालने के साथ ही जिले में शिक्षा विभाग के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यो को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मियों की निगाहें अब उनकी कार्यशैली और आगामी प्राथमिकताओं पर टिकी हैं।

सरहन गांव से पंडारक पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, ग्रामीण चिकित्सक के रूप में करता था काम

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पंडारक थाना क्षेत्र के सरहन गांव से पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को उठाए जाने की सूचना है। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति की पहचान बहरावा, बाढ़ निवासी नीतीश कुमार यादव के रूप में हुई है। वह सरहन गांव में ग्रामीण चिकित्सक के तौर पर काम करता था। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर इलाके में चर्चा तेज है। हालांकि, उसे किस मामले में हिरासत में लिया गया है, इसकी आधिकारिक पुष्टि और विस्तृत जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

जांच में खुला हत्या का राज

पति और परिजनों पर हत्या कर शव दफनाने का आरोप खुदाई में मिला महिला का कंकाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पत्नी के छह लाख रुपये के गहने और नकदी लेकर फरार होने की शिकायत लेकर थाने पहुंचे पति की कहानी पुलिस जांच में उलट गई। मामले की तह तक पहुंची पुलिस ने जब जांच शुरू की तो महिला की हत्या कर शव को जमीन में दफनाए जाने का सनसनीखेज खुलासा हुआ। पुलिस की मौजूं में कराई गई खुदाई के दौरान महिला का कंकाल बरामद किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पति ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी करीब छह लाख रुपये के आभूषण और नकदी लेकर घर से फरार हो गई है। हालांकि, पुलिस को मामले में संदेह हुआ और जांच आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान पति और उसके परिजनों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इसके बाद खुदाई में महिला का कंकाल मिलने से पूरे मामले में नया मोड़ आ गया।

शिक्षा विभाग में 34 करोड़ 11लाख 56हजार 604 रुपये की अवैध निकासी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार शिक्षा विभाग में भ्त्डै प्रणाली के माध्यम से वेतन, मकान किराया भत्ता (भ्र।) और बकाया राशि (एरियर) के भुगतान में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। विभागीय समीक्षा में मेकर-चेकर-अप्रूवर की कथित मिलीभगत से पोर्टल पर छेड़छाड़ एवं कूटरचना कर अनुमान्य राशि से अधिक निकासी किए जाने का खुलासा हुआ है। इस मामले में विभाग ने संबंधित जिला शिक्षा प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा है। 04 नवंबर 2026 की समेकित विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 6,895 मामलों में 34 करोड़ 11 लाख 56 हजार 604 रुपये की अधिक निकासी प्रतिवेदित की गई है। हालांकि, जारी पत्र में जिलेवार आंकड़ों के अनुसार संबंधित जिले में 7,202 मामले और लगभग 3527 करोड़ रुपये की वसूलनीय राशि का उल्लेख है। इसमें लगभग 3302 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है, जबकि करीब 224 करोड़ रुपये की राशि अब भी अवशेष बताई गई है। विभाग ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए वित्तीय नियमों, बिहार कोषागार संहिता 2011 तथा बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के उल्लंघन का मामला माना है। स्पष्टीकरण पत्र में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (क्क्ए) की भुगतान संबंधी जवाबदेही के साथ जिला स्तर पर भ्त्डै अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठाए गए हैं।

संक्षिप्त खबरें

दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली से जगमगा गया आरएल महतो इंस्टीट्यूट, प्रशिक्षुओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

दलसिंहसराय/एनएसबी। स्थानीय रामपुर जलालपुर स्थित आरएल महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में दीपावली की पूर्व संध्या पर प्रशिक्षुओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएड एवं डीएलएड विभाग की दो टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने अपनी रचनात्मकता



और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए रंग-बिरंगे रंगों, फूलों एवं दीपों की मदद से आकर्षक रंगोलियां बनाईं। प्रतियोगिता में बीएड की छात्राओं रीत कुमारी, लक्की कुमारी, ईशा कुमारी एवं खुशी जायसवाल ने भाग लिया। वहीं डीएलएड की ओर से राखी कुमारी, रिद्धिमा कुमारी, श्रेया राज, रूपाली कुमारी, संगीता कुमारी, अंजली कुमारी, नाहिद खातून, महजबी परवीन, वर्षा कुमारी, नूतन कुमारी एवं श्वेता कुमारी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि रंगोली जैसी रचनात्मक गतिविधियों से प्रशिक्षुओं की सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है। साथ ही उनमें आत्मविश्वास, धैर्य और कलात्मक अभिव्यक्ति जैसे गुणों को बढ़ावा मिलता है। वहीं, लेक्चरर नीलम कुमारी ने कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति और परंपरा की एक महत्वपूर्ण पहचान है। इसे घर-आंगन में बनाना सुख, शांति और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। ऐसे आयोजनों से प्रशिक्षुओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन मो. इमामुद्दीन, डॉ. निर्मल कुमार चंचल, केशव कुमार चौधरी, सत्यम, मनोज कुमार, रूपम कुमारी, कुमारी दीपा, राजेश कुमार गिरी, योगेश कुमार, आकांक्षा कुमारी, हसन रजा अंसारी, सर्वेश सुमन, आदित्य राज, प्रशांत स्वराज, पल्लव पारस, दिनेश मिश्रा, श्वेता कर्ण, अजय शर्मा, संतोष सुमन, किरण चौधरी, शेफाली दीक्षिता एवं राहुल कुमार

दुर्घटना में 35 वर्षीय उमेश राम की मौत, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

भाकपा-माले युवा नेता रौशन कुमार ने शोकाकुल परिवार से मिलकर जताया दुख, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी पूसा प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी हरपुर पंचायत के वार्ड संख्या-02 निवासी उमेश राम (35) की सड़क दुर्घटना में मौत से इलाके में शोक की लहर है। स्वर्गीय राजेंद्र राम के पुत्र एवं योगेंद्र राम के भतीजे उमेश राम बीते 3 नवंबर को मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल ओपी थाना क्षेत्र के बखरी में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उसी दिन शाम करीब छह बजे उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उमेश राम होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ.



राजकुमार के क्लीनिक में सहायक (कंपाउंडर) के रूप में कार्यरत थे। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे नौ वर्षीय पुत्री और सात वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं। महज 35 वर्ष की उम्र में उनके निधन से दोनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। घटना की जानकारी मिलने पर भाकपा-माले जिला कमेटी सदस्य सह पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी रौशन कुमार शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। रौशन कुमार ने इस कठिन परिस्थिति में परिवार को हरसंभव मदद एवं सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत उमेश राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मौके पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राजकुमार, युवा समाजसेवी अविनाश वर्मा, विक्की शाह, मो. आलमगीर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दीपावली आज, काली पूजा की तैयारी में जुटे लोग

बाइक की आकर्षक लाइटों, मोमबत्तियों और दीपों से जगमगाएगा क्षेत्र, त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। दीपावली का त्योहार आज पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। दीपावली को लेकर बाजारों और गांवों में उत्साह का माहौल है। वहीं, काली पूजा की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। पूजा पंडालों को सजाने से लेकर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था करने में पूजा समितियों के सदस्य जुटे हुए हैं। दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग घरों को सजाने के लिए रंग-बिरंगी लाइटें, मोमबत्तियां, दीये और अन्य सजावटी सामान की खरीदारी कर रहे हैं। खासकर बाइक पर लगाई जाने वाली आकर्षक लाइटों की खूब मांग देखी जा रही है। बच्चे और युवा त्योहार को लेकर खासे उत्साहित हैं। क्षेत्र में काली पूजा की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। विभिन्न



पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, सजावट और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। पूजा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। शाम होते ही घरों, दुकानों और पूजा स्थलों पर दीपों तथा रंग-बिरंगी लाइटों की जगमगाहट देखने को मिलेगी। दीपावली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। घरों में लक्ष्मी-गणेश पूजन की तैयारी की जा रही है। वहीं, बाजारों में मिठाई, पूजा सामग्री और सजावटी सामान की खरीदारी को लेकर चहल-पहल बनी हुई है। दीपावली और काली पूजा के अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्सवी माहौल में डूबने को तैयार है।

चकमेहसी पुलिस की कार्रवाई, एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड के चकमेहसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान छोटे लाल दास के पुत्र मिट्ठू कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि एसआई शंभू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

चकमेहसी में 48 लीटर शराब बरामद,

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड के चकमेहसी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 48 लीटर शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं। मामले में चार लोगों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी

विद्यापतिधाम पहुंचे पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संदीप कुमार

बाबा बालेश्वर स्थान के दरबार में विधि-विधान से की पूजा-अर्चना, मिथिला की आध्यात्मिक विरासत और महाकवि विद्यापति की धरती की परंपरा से हुए रूबरू

विद्यापतिनगर एनएसबी। दीपावली के पावन अवसर पर आस्था और आध्यात्मिकता के प्रसिद्ध केंद्र विद्यापतिधाम में शनिवार को पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संदीप कुमार पहुंचे। उन्होंने प्रसिद्ध बाबा बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम मंदिर में विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने दीपावली के शुभ अवसर पर बाबा भोलेनाथ से लोककल्याण, सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। न्यायमूर्ति समस्तीपुर के आधिकारिक दौरे पर आए हुए थे। इसी क्रम में उन्होंने विद्यापतिधाम पहुंचकर बाबा बालेश्वरनाथ के दरबार में मत्था टेका। उनके साथ



समस्तीपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश समीर कुमार, दलसिंहसराय के अनुमंडलाधिकारी किशन कुमार तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। मंदिर पहुंचने पर एसडीओ किशन कुमार ने न्यायमूर्ति को विद्यापतिधाम की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने महाकवि कोकिल विद्यापति के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ भगवान भोलेनाथ के प्रति उनकी अगाध भक्ति और विद्यापतिधाम की पौराणिक मान्यताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने विद्यापतिधाम की आध्यात्मिक महत्ता और मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यापतिधाम जैसी पावन धरती पर आकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन एवं पूजन करना उनके लिए सुखद और आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर है। यहां की धार्मिक आस्था, परंपरा और महाकवि विद्यापति की स्मृतियां मिथिला की गौरवशाली पहचान को दशार्ती हैं। उन्होंने भोलेनाथ से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण बनाए रखने की कामना की। न्यायमूर्ति के आगमन पर श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम न्यास समिति की ओर से मिथिला की पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। समिति के सदस्यों ने उन्हें मिथिला पाग, अंगवस्त्र, माला एवं विद्यापतिधाम का तैलचित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। मौके पर थानाध्यक्ष सूरज कुमार, एसआई शलिम रजा, मंदिर न्यास समिति के सचिव नवीन कुमार गिरि, कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज, सदस्य धर्मराज सिंह, कैलाश पासवान, हरिओम गिरि, जोखन राय, दीनदयाल गिरि, नवल किशोर गिरि, भोला गिरि, कृष्णा गिरि, चंद्रा स्वामी सहित दर्जनों पंडा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

रंगों के जरिए बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, इको-फ्रेंडली दीपावली का दिया संदेश

द उम्मीद कला उत्सव 3.0 के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित, प्रतिभागी हुए सम्मानित

समस्तीपुर एनएसबी। प्रतिभा किसी वर्ग या आर्थिक स्थिति की मोहताज नहीं होती। जरूरत है बच्चों को सही अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की। कला उत्सव का उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक रूप से वंचित बच्चों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए समान मंच उपलब्ध कराना है। द उम्मीद के संस्थापक अमरजीत कुमार ने कहा कि शुक्रवार को शहर के मालगोदाम चौक द उम्मीद पाठशाला सेंटर संख्या-1, में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान उक्त बातें कही।

उन्होंने कहा कि, संगठन बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। बताते चलें कि, बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने, उन्हें मंच प्रदान करने और उनमें कला के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से सामाजिक संगठन द उम्मीद द्वारा संचालित ह्रद उम्मीद कला उत्सव 3.0ह्न के तहत शुक्रवार को शहर के



मालगोदाम चौक द उम्मीद पाठशाला सेंटर संख्या-1, में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पना और रचनात्मक सोच को कागज पर उकेरा और इको-फ्रेंडली दीपावली का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन मिथिला पेंटिंग कलाकार सौम्या सुमन एवं मोना मुस्कान ने किया। इस दौरान बच्चों को मिथिला चित्रकला की विशेषताओं से परिचित कराया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित एवं इको-फ्रेंडली दीपावली मनाने का संदेश भी दिया गया। मौके पर संगठन के बोर्ड मेंबर आदेश कुमार, अमन कुमार, प्रियांशु कुमार, आर्यन कुमार सहित अन्य सदस्य एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संगठन की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 7 नवंबर 2026 को सम्मानित किया जाएगा। द उम्मीद की इस पहल का उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

ईवीएम-वीवीपैट गोदाम का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

समस्तीपुर एनएसबी। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन उपकरणों और मशीनों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया।



निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने गोदाम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति का सत्यापन किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और 24 घंटे रिकॉर्डिंग व्यवस्था की भी जांच की। सुरक्षाकर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने तथा सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रखरखाव, नमी से बचाव, तापमान नियंत्रण तथा गोदाम परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही अधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवागमन से संबंधित लॉग बुक और मूवमेंट रजिस्टर की जांच कर सभी प्रविष्टियों को नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया। अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता और वैधता की भी जांच की गई। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने निरीक्षण रिपोर्ट निर्धारित समय पर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने गोदाम की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार, गोदाम प्रभारी सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

8 लाख की लूट की साजिश नाकाम, स्वर्ण कारोबारी लूटकांड के तार क्लीनिक विवाद से जुड़े

डॉक्टर के भाई समेत 2 गिरफ्तार

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। शहर में धनतेरस और दीपावली के दौरान बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे अपराधियों के मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया। स्वर्ण कारोबारी लूटकांड में पकड़े गए बदमाश से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में एक नर्सिंग होम के डॉक्टर को लूटने की साजिश के साथ क्लीनिक विवाद में आठ लाख रुपए की सुपारी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हथियार खरीदने के लिए 10 हजार रुपए एडवांस दिए जाने की बात भी पुलिस ने बताई है। पुलिस के अनुसार, 4 नवंबर की रात सूचना मिली थी कि दलसिंहसराय में स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में लूट या डकैती की योजना बनाई जा रही है। इसके बाद एसडीपीओ



विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर एसटीएफ और डीआईयू की मदद से छापेमारी की गई। 5 नवंबर की रात करीब 2:30 बजे अजनौल गांव में जटहू ठाकुर के ब्रह्मदेव ठाकुर स्थित बगीचे में पुलिस ने घेराबंदी कर प्रवीण कुमार ठाकुर और पारस कुमार महतो को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और दो कीपैड मोबाइल बरामद हुए। इस मामले में दलसिंहसराय थाना कांड संख्या 644/26 दर्ज किया गया। मामले के अनुसंधान में 6 नवंबर की रात पुलिस ने वीआईपी कॉलोनी वार्ड-8 निवासी कुंदन झा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में क्लीनिक विवाद की बात सामने आई। दीपक कुमार का अपने भाई डॉ. नवीन कुमार के क्लीनिक को लेकर विवाद चल रहा था।

बैठक में उठा किसानों को खाद-बीज की किल्लत से लेकर फार्मर रजिस्ट्री तक का मुद्दा

स्कूलों में शिक्षक-छात्र अनुपात सुधारने और सीएचसी में अल्ट्रासाउंड सेवा जल्द शुरू कराने पर भी दिया गया जोर

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के पंचायत समिति भवन में शनिवार को प्रखंड कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह उर्फ टुनटुन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के साथ किसानों की परेशानी, शिक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के मुद्दे प्रमुखता से छाए रहे। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सदस्यों ने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध नहीं हो पाता है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित होती है। इस समस्या के समाधान के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने पर विशेष जोर दिया गया। सदस्यों ने कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए संबंधित विभाग को सक्रियता से काम करना चाहिए। वहीं, सरकारी विद्यालयों में



शिक्षक और छात्र के अनुपात में असमानता का मामला भी उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि कई विद्यालयों में छात्रों की संख्या कम होने के बावजूद शिक्षकों की संख्या अधिक है, जबकि कुछ स्कूलों में विद्यार्थियों की अपेक्षा शिक्षक कम हैं। इस असंतुलन के कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। ऐसे विद्यालयों को चिह्नित कर शिक्षक व्यवस्था में सुधार करने की जरूरत बताई गई। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विद्यापतिनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड सेवा का मुद्दा भी उठा। सदस्यों ने बताया कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध हो चुकी है। इसके बावजूद सेवा शुरू नहीं होने से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जनहित में इसे अविलंब चालू कराने की दिशा में पहल करने पर जोर दिया गया। बैठक में बीडीओ महताब अंसारी, आरओ अरुण कुमार शर्मा, अमित कुमार जायसवाल, सहकारिता पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे। मौके पर रंजीत कुमार, चंद्रप्रकाश लाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति एवं लोकपरंपराओं पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गुलजार हुआ होली मिशन हाई स्कूल

निदेशक ने दी बधाई सहित शुभकामनाए

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। शनिवार को होली मिशन हाई स्कूल, मोहनपुर के प्रांगण में होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की सभी शाखाओं मोहनपुर, काशीपुर, सतमलपुर एवं दलसिंहसराय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में भारतीय संस्कृति एवं लोकपरंपराओं पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीपावली, गोवर्धन पूजा, चित्रगुप्त पूजा, भैयादूज एवं छठ महापर्व की आकर्षक झांकियों के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय संस्कृति और मिथिला की समृद्ध परंपराओं का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया।

इस क्रम में वर्ग पांच से दस तक की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत झांकियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं विभिन्न पर्वों से जुड़े पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वर्ग नौ 'जुपिटर' की स्मिता ग्रुप ने प्रथम, वर्ग दस 'नेप्च्यून' की अनुष्का ग्रुप ने द्वितीय तथा वर्ग नौ 'नेप्च्यून' की प्रियांशु ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, प्रेप-1 से वर्ग चार तक के नन्हे बाल कलाकारों ने अपने हाथों से निर्मित आकर्षक चित्रों, दीयों एवं कुल्हों की प्रदर्शनी लगाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्ति और रचनात्मक सोच की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

कार्यक्रम में मोहनपुर शाखा से रंगोली प्रतियोगिता में अस्मिता, नताशा, कोमल, पायल, साक्षी, रीमसा, प्रियांशी, रूची, रिद्धिमा, जिया, स्नेहा, सालेह, अनुष्का, तान्या एवं सोनाक्षी ने भाग लिया। छठ पर्व की झांकी में स्वानी, साक्षी, रॉकी, हिमांशु, अदिति, अनन्या, सुकृति, परिणीता, खुशी, शालिनी, इमरा, प्राची, आयुषी, भाव्या, नंदिनी, तृषा एवं लबीबा ने अपनी प्रस्तुति दी। सजावट में वैष्णवी रंजन, अवन्या श्री, अनिका, लीपी, रेयांस, मयंक राज, वेदिका, आराध्या एवं काव्या ने योगदान दिया।

दलसिंहसराय शाखा से रंगोली प्रतियोगिता में शांभवी, अदिना, अंकिता एवं आराध्या शामिल हुईं। दीया निर्माण एवं सजावट में आदिति, रूकैया, आदित्य, जानवी, वैष्णवी एवं दिव्या ने भाग लिया। छठ पर्व की प्रस्तुति में शांभवी, प्रज्ञा, आकांक्षा, माही एवं वैष्णवी ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

सतमलपुर शाखा से छठ पर्व की झांकी में अनुराधा, शाधवी, दीपज्योति, आयशा, साक्षी, आकृति, पलक, शिवम एवं शौम्या ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में उपस्थित होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. धर्माश रंजन ने बच्चों की कलात्मक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि मिथिला की धरती साहित्यकारों और बलिदानियों की धरती रही है। यहां बाल प्रतिभाओं की भी कोई कमी नहीं है। बच्चों ने दीपावली और छठ जैसे आस्था के महापर्वों को अपनी कला के माध्यम से जिस खूबसूरती से प्रस्तुत किया है, उसे देखकर मन बाग-बाग हो गया।

विद्यालय के प्राचार्य अमृत रंजन ने कहा कि पर्व-त्योहार केवल उत्सव मनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ ऐतिहासिक धरोहर को अक्षुण्ण बनाए रखने की प्रेरणा भी देते हैं।

संक्षिप्त खबरें

विद्यालय में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

अरवल (एनएसबी)। रंगोली प्रतियोगिता एवं दीपावली-छठ पर्व की सांस्कृतिक प्रस्तुति एसडीएस पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता एवं दीपावली और छठ पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मकता एवं आकर्षक रंग संयोजन का शानदार प्रदर्शन



प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र छात्राएं।

किया। इस प्रतियोगिता में गोदावरी हाउस ने प्रथम स्थान तथा कृष्णा हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था तृतीय स्थान गंगा हाउस इसके साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मंच पर दीपावली एवं छठ पर्व से संबंधित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्योहारों के महत्व को सुंदर ढंग से दशार्या। विद्यालय की डायरेक्टर नूतन शर्मा ने रंगोली प्रतियोगिता के विजेता गंगा हाउस एवं कृष्णा हाउस को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा दीपावली एवं छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। यह आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना एवं सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

बसपा नेता ने की अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग

कुर्था(एनएसबी)। स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के ढोढरा मोड़ के समीप मोतीपुर बाजार के स्वर्ण व्यवसायी मनोज सोनार की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर बहुजन समाज पार्टी के नेता सह जिला परिषद सदस्य रंजन कुमार यादव ने गहरा दुख जताते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से हत्याकांड में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। रंजन कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की शाम मनोज सोनार अपनी दुकान बंद कर श्रृंगार दुकानदार राधाकृष्ण मिश्रा के साथ टेम्पो से कुर्था स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 5:20 बजे ढोढरा मोड़ के समीप पहले से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने दोनों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के दौरान चिकित्सकों ने मनोज सोनार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल राधाकृष्ण मिश्रा का इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर वे स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मनोज सोनार पर पूर्व में भी कई बार हमले होने की जानकारी सामने आई है। इसके बावजूद उनकी हत्या हो जाना पुलिस की पूर्ववर्ती कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। रंजन कुमार यादव ने मांग की कि हत्याकांड की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर सभी आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा दिलाई जाए। साथ ही, मनोज सोनार पर पूर्व में हुए हमलों की भी समीक्षा हो और मृतक के आश्रित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा एवं विशेष आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने जिले के संवेदनशील मार्गों, बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि आम नागरिकों और व्यवसायियों की जान-माल की सुरक्षा सरकार एवं प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त होना चिंताजनक है।

शहीद स्मारक पर एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

पटना (एनएसबी)। दीपावली की पूर्व संध्या पर दीघा विधानसभा की ओर से ऐतिहासिक शहीद स्मारक (सप्तमूर्ति) पर एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने उपस्थित जनसमूह व गणमान्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर अमर शहीदों को नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. चौरसिया ने कहा कि दीपावली का उल्लास तभी सार्थक है जब हम उन वीर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान को याद रखें, जिनकी बदौलत देश सुरक्षित है। एक दीया शहीदों के नाम अमर बलिदानियों के प्रति हमारे राष्ट्रीय संकल्प और सच्ची कृतज्ञता का प्रतीक है। इस मौके पर बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह असम राज्य के भाजपा प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा कि हमारे वीर बलिदानी देश की अस्मिता और स्वाभिमान के रक्षक हैं। आज जलाया गया हर एक दीप युवाओं में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने और देश की एकता को सुदृढ़ करने का माध्यम है। वहीं नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि त्योहारों के इस पावन अवसर पर शहीदों का स्मरण करना हमारा नैतिक दायित्व है। उनका शौर्य और त्याग हमें निरंतर जनसेवा तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के लिए सदैव तत्पर रहने का सामूहिक संकल्प लिया।

पटना नगर निगम बोर्ड की 13वीं साधारण बैठक संपन्न

पटना (एनएसबी)। महापौर सीता साहू की अध्यक्षता में शनिवार को पटना नगर निगम पर्षद की 13वीं साधारण बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप महापौर रेशमी कुमारी, नगर आयुक्त यशपाल मीणा सहित पर्षद के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत एजेंसी चयन की रूपरेखा, म्यूनिसिपल बॉन्ड से प्राप्त राशि के माध्यम से वेंडिंग जोन एवं वाणिज्यिक परिसरों के निर्माण तथा निगम की लीज होल्ड संपत्तियों से संबंधित निर्माण शर्तों में बदलाव जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त बोरिंग अधिष्ठापन, म्यूनिसिपल बॉन्ड की कूपन दर एवं छठ महापर्व से संबंधित परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई। पटना नगर निगम क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण, प्रोसेसिंग प्लांट तक कचरे का परिवहन, सड़कों एवं गलियों की सफाई, गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट की सफाई तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त सफाई संबंधी शिकायतों का निष्पादन शामिल होगा। नई व्यवस्था के तहत दो एजेंसियों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक एजेंसी को तीन-तीन अंचलों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस व्यवस्था से सफाई कार्यों के संचालन एवं निगरानी में अधिक स्पष्टता आएगी। साथ ही, सफाईकर्मियों को श्रम कानूनों के अनुरूप वेतन एवं सेवा संबंधी लाभ सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था के क्रियान्वयन से निगम को कचरा प्रबंधन पर प्रतिवर्ष 30 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होने का भी अनुमान है। पटना नगर निगम द्वारा म्यूनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से जुटाई गई लगभग 200 करोड़ रुपये की राशि से शहर के 15 स्थलों पर वेंडिंग जोन एवं वाणिज्यिक परिसरों का निर्माण कराया जाएगा। श्रीकृष्णापुरी एवं राजेंद्र नगर में पटना नगर निगम द्वारा लीज पर आवंटित संपत्तियों पर लागू अधिकतम जी+3 निर्माण की शर्त को हटाने के प्रस्ताव को निगम पर्षद ने स्वीकृति प्रदान की। बिहार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अधिनियम, 2026 तथा वर्तमान शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

19 एजेंडों को मिली स्वीकृति

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के मामलों का त्वरित निष्पादन करे : एसपी

अरवल (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षकगण, थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांडों के निष्पादन, अनुसंधान की प्रगति एवं पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने तथा अपराधियों में पुलिस का भय स्थापित करने हेतु नियमित गश्ती, वाहन जांच एवं संवेदनशील एवं अपराध प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। प्रातःकालीन, मध्याह्न, संध्याकालीन एवं रात्रिकालीन गश्ती को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अनुसंधानकताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध अनुसंधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गंभीर एवं सनसनीखेज कांडों के त्वरित उद्भेदन, लंबित कांडों के निष्पादन, आरोप पत्र समर्पण एवं स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। साथ ही न्यायालय से निर्गत लंबित वारंट, इश्तहार एवं कुर्की के निष्पादन में तेजी लाने तथा फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जेल से छूटे अपराधियों, सक्रिय अपराधियों, शराब तस्करों, भू-माफियाओं, एनडीपीएस एक्ट के आरोपितों, लूट, डकैती, चोरी एवं अन्य संगठित अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर सतत निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपराधियों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर संबंधित विधिक प्रावधानों के तहत जब्तीकरण एवं कुर्की की कार्रवाई में तेजी लाने पर बल दिया गया। गोष्ठी में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के मामलों के त्वरित निष्पादन की समीक्षा की गई। आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने तथा साइबर अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त मद्यनिषेध अभियान के तहत शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाने एवं कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान डायल-112 सेवा, सीसीटीएनएस प्रणाली, तकनीकी अनुसंधान, अपराध एवं अपराधियों के डिजिटल डाटा संधारण तथा अन्य तकनीकी परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पदाधिकारियों को तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर अनुसंधान एवं अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने भूमि विवाद से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन, जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था के प्रभावी संधारण, अपराध नियंत्रण एवं जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पूरी प्रतिबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।



अपराध गोष्ठी को संबोधित करते एसपी।

भारत स्काउट और गाइड का 77 वां स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

अरवल (एनएसबी)। शहर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में भारत स्काउट और गाइड का 77वां स्थापना दिवस शनिवार को जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बेडेन पावेल के चित्र पर अतिथियों एवं स्काउट-गाइड कैडेटों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण के माध्यम से अरवल जिले के कैडेट राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय आयोजनों में भाग लेकर राज्य पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। यह जिले के लिए गौरव की बात है। भाजपा जिलाध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भारत स्काउट और गाइड के कैडेट स्थापना काल से ही अनुशासन और सेवा भावना के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं, भाजपा जिला महामंत्री संजीव कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड कैडेट जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं और दूसरे राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर अरवल जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट राष्ट्रपति पुरस्कार तक प्राप्त कर रहे हैं। प्लस टू भागवत उच्च विद्यालय, शहर तेलपा के सहायक शिक्षक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि स्काउट- गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना विकसित करता है। कैडेट नशामुक्ति अभियान, दहेज प्रथा उन्मूलन सहित विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में भी अपनी भागीदारी निभाते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर स्काउट-गाइड कैडेटों ने जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा आनंद शंकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान खुशबू कुमारी सहित जिले के अन्य पदाधिकारियों को स्थापना दिवस का स्टीकर लगाया। कार्यक्रम का मंच संचालन स्काउट मास्टर अभिषेक कुमार वर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट मास्टर शकील अहमद ने किया। समारोह में स्काउट कैडेट प्रियांशु कुमार, प्रिंस, छोटू कुमार, अभय कुमार, भोला कुमार तथा गाइड कैडेट सिंधु कुमारी, सपना कुमारी, अंशु कुमारी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्काउट-गाइड कैडेट शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन



मॉक ड्रिल करते पुलिसकर्मी।

अरवल (एनएसबी)। पुलिस द्वारा दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन। आगामी दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस केंद्र में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए दंगा नियंत्रण का अभ्यास किसी भी आपातकालीन परिस्थिति एवं भीड़ नियंत्रण से निपटने हेतु पुलिस बल को दंगा नियंत्रण की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई। त्वरित कार्रवाई विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर पुलिस बल को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। भीड़ नियंत्रण त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा उपकरणों का उपयोगः दंगा नियंत्रण में प्रयुक्त सुरक्षा उपकरणों एवं संसाधनों के सही तरीके से उपयोग का अभ्यास कराया गया। आपसी समन्वयः किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के बीच बेहतर समन्वय एवं टीम भावना बनाए रखने पर बल दिया गया। असामाजिक तत्वों पर निगरानीः पर्व-त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। अलर्ट एवं सतर्कताः सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं तत्परता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। अरवल पुलिस का उद्देश्यः आगामी दीपावली एवं छठ पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

आमजनों की सुरक्षा अपराध नियंत्रण और तस्करी माफियागिरी पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति सख्ती से लागू रहेगी : नैयर हसनैन खान

मुजफ्फरपुर/कांटी (एनएसबी)। बिहार पुलिस के बीएसएपी एडीजी व जिले के नोडल प्रभारी नैय्यर हसनैन खान शुक्रवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में प्रभारी डीआईजी, एसएसपी और जिले के तमाम वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ घंटों लंबी समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद देर शाम उन्होंने एसडीपीओ पश्चमी वन व सरैया एसडीपीओ ऑफिस का औचक निरीक्षण भी किया एवं कई आवश्यक आदेश भी दिया। मीडिया को संबोधित करते हुए एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने कहा कि बैठक में अपराध नियंत्रण, मामलों के त्वरित निष्पादन, अनुसंधान और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान की समीक्षा की गई है साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस को अभी से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व संपन्न हों। एडीजी ने महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस को तत्काल कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों (हॉटस्पॉट) को चिह्नित किया जाए। इन क्षेत्रों में विजिबल (दृश्य) और इनविजिबल (समान्य वेशभूषा में) दोनों तरह की पुलिसिंग तैनात की जाए। गश्ती और चेकिंग के लिए सर्विलांस व आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो। रात, सुबह और दोपहर के समय प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए तथा जिले की सीमाओं और प्रवेश मार्गों पर कड़ी नाकाबंदी रहे। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू रहेगी। भू-माफिया, संगठित अपराध में शामिल तत्वों और उन्हें संरक्षण देने वाले सफेदपोशों को बेनकाब कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राजद नेताओं ने परिजनों से मिलकर जताई संवेदना अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की उठाई मांग



परिजनों से मिलते राजद नेता।

कुर्था (एनएसबी)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के ढोढरा मोड़ के समीप स्वर्ण व्यवसायी मनोज स्वर्णकार की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मोरवा विधायक रणविजय साहू, जहानाबाद के पूर्व विधायक सुदय यादव एवं शेरघाटी के पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रमोद स्वर्णकार ने शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। नेताओं ने परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक स्वर्ण व्यवसायी की इस तरह गोली मारकर हत्या किया जाना बेहद दुखद और चिंताजनक है। इस घटना से न केवल मृतक का परिवार, बल्कि पूरे व्यवसायी समाज में भय और असुरक्षा का माहौल है। राजद नेताओं ने पुलिस प्रशासन से हत्याकांड में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और मामले का निष्पक्ष अनुसंधान सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराधियों की पहचान कर उन्हें कानून के कठघरे में खड़ा करना जरूरी है, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम हो। नेताओं ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में राजद उनके साथ खड़ा है। वहीं घटना को लेकर स्थानीय लोगों एवं व्यवसायियों में भी आक्रोश है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द हत्याकांड का खुलासा करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

संक्षिप्त खबरें

दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर उत्पाद विभाग का विशेष अभियान

हाजीपुर रेलवे स्टेशन, होटलों एवं वाहनों की सघन जांच

हाजीपुर/एनएसबी। दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उत्पाद विभाग द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम द्वारा हाजीपुर रेलवे स्टेशन परिसर, विभिन्न होटलों एवं आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की जांच के साथ ही होटलों में अवैध शराब की उपलब्धता और बिक्री की जांच की जा रही है। वहीं, विभिन्न मार्गों पर वाहनों की जांच कर अवैध शराब के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को पर्व-त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, नियमित जांच अभियान चलाने तथा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि दीपावली एवं छठ जैसे पवित्र पर्वों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। अवैध शराब के सेवन एवं कारोबार से पूरी तरह दूर रहें। किसी भी स्थान पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या भंडारण की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन अथवा उत्पाद विभाग को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



गंडक नदी के पूल घाट पर एक लाख दीपों से जगमगाया हाजीपुर, दीपोत्सव में दिखा भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम

हाजीपुर/एनएसबी। दीपावली की पूर्व संध्या पर शनिवार को हाजीपुर के पुराना पूल रोड स्थित गंडक नदी के पूल घाट पर भव्य दीपोत्सव 2026 सह गायत्री संगीतमय दीप महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर घाट पर एक लाख दीप जलाकर रोशनी की अद्भुत छटा बिखेरी गई। दीपों की जगमगाहट से पूरा गंडक तट आलोकित हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तिमय संगीत और गायत्री मंत्रों के बीच श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर सुख, शांति, समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की। गंडक नदी के तट पर दीपों की कतारों ने दीपावली के उत्सव को यादगार बना दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के आयोजक रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम एवं श्रीमद्भगवद्गीता फाउंडेशन रहे। गायत्री परिवार, वैशाली, प्रज्ञा महिला मंडल एवं प्रज्ञा युवा मंडल ने स्वागतकर्ता की भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में हरिहरक्षेत्र जनजागरण मंच, राजीव रंजन ग्राम उत्थान ट्रस्ट, रौशनी वेलफेयर सोसायटी, स्व. कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान सहित विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं का सहयोग रहा। दीपोत्सव ने हाजीपुर में आस्था, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता की सुंदर मिसाल पेश की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गांधी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डा बीएन शर्मा, श्रीमती शीला चौधरी,उषा चौधरी,चंचल सिंह,चंदन कुमार,रमेश चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे।



नागरिक अधिकार मंच ने अनाथालय में मनाई छोटी दिवाली, बच्चों के बीच बांटी दीपावली की खुशियां

पटना सिटी। आज छोटी दिवाली के अवसर पर नागरिक अधिकार मंच की ओर से पादरी की हवेली स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी अनाथालय में दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने अनाथालय के बच्चों एवं अन्य लोगों के बीच पटाखे वितरित किए। सभी ने मिलकर दीप जलाए, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित लोगों के बीच दीपावली की खुशियां बांटना तथा आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देना था। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर नागरिक अधिकार मंच के संयोजक सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, देवरतन प्रसाद, मो. जावेद, पार्षद शोभा देवी, शंभू शरण प्रसाद, बबलू जायसवाल, सुरेश साहनी, एजाजुद्दीन उर्फ सानू, हर्ष चौधरी, मो. समीर, सोहन कुमार, मो. सहवान, आशीर्वाद कुमार, आशीष कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

लक्ष्मी व काली पूजा आज,होगा गोवर्धन पूजा व अन्नकूट

बाजारों में खरीदारों की जुटी रही भीड़

पटना सिटी. रोशनी पर्व दीपावली पर स्थापित होने वाली लक्ष्मी व काली प्रतिमा को लेकर तैयारी की गयी है. इस दौरान पूजा पंडालों को सजाने व सबारने का काम चला. अधिकांश पूजा समिति की ओर से प्रतिमा की जाने वाली लक्ष्मी व गणोश व काली प्रतिमा के लिए मूर्ति को पूजा पंडाल तक लाने का कार्य किया गया. रविवार को इसमें प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी. श्री श्री मनोकामना काली पूजा समिति भद्र घाट के अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा और शशि शर्मा की देखरेख मे तैयारी की गयी है. दूसरी ओर दीपावाली के नियमित उपयोग आने वाली सामग्री की खरीदारी का सिलसिला भी देर शाम तक होता रहा. चौक चौराहों पर सजे बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई थी. स्थिति यह थी कि सड़कों पर सजे दुकान पर खरीदारों की भीड़ लगने की स्थिति में अशोक राजपथ व सुदर्शन पथ पर जाम की समस्या कायम रही.इस दौरान लावा फरही से लेकर गणोश प्रतिमा की खरीदारी हो रही थी. दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा व अन्नकूट का त्योहार मनाया जाता है.इसकी भी तैयारी वैष्णव मंदिरों में आरंभ हो गयी है. गायघाट स्थित प्राचीन चैतन्य मंदिर ठाकुरबाड़ी नौ नवंबर को गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पूजन का आयोजन किया गया है. मंदिर न्यास समिति के सदस्य नितिन कुमार रिंकु व सचिव सदानंद गोस्वामी ने बताया कि नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव,पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता,कला संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव,विधायक रतनेश कुमार समेत अन्य प्रबुद्धजन शामिल होगे.

लाखो दिए से रौशन हुआ ऐतिहासिक कोनहारा घाट

विधायक के साथ आम लोगो ने नारायणी तट पर जलाया उन्नति और सद्भाव का दिया

हाजीपुर/एनएसबी। धनतेरस के अवसर पर हाजीपुर का ऐतिहासिक कोनहारा घाट लाखो दिए कि रौशनी से जगमग हो गया।दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत यहाँ लगभग 5 लाख दिए जलाए गए जिसमें विधायक से लेकर शहरवासियों ने भी शांति,सद्भाव और आस्था का एक दीपक जलाया।हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह ने सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की जिसके बाद विधायक के साथ साथ शहर के लोगो ने दिया जलाया जिससे कोनहारा घाट सहित नदी का किनारा जगमग हो गया।जिसके बाद जैसे ही स्कूली बच्चों ने शंखनाद किया वैसे ही जय श्री राम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।इस बारे में भाजयूमो के जिलाध्यक्ष राजीव ब्रह्मर्षि ने बताया कि हाजीपुर देवभूमि है जिसका वर्णन रामायण के साथ साथ पुराणों में भी है इसलिए पवित्र नारायणी के तट पर 5 लाख 51 हजार दिया जलाया गया है कि देश और तरक्की करें,देश मे उन्नति और ऊर्जा का संचार हो साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शक्ति के



साथ पूरे विश्व मे भारत का प्रतिनिधित्व करें।बता दे कि इस दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भाजयुमो द्वारा किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ साथ बीजेपी के विधायक सहित हजारो ने भाग लिया।विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि हाजीपुर के पावन नारायणी तट पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर अत्यंत गौरवान्वित महसूस किया। इस अवसर पर राघोपुर के पूर्व विधायक सतीश कुमार ,जिलाध्यक्ष श्री अजय कुशवाहा , उपप्रमुख श्री नंदकिशोर सिंह , युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री राजीव , सामाजिक कार्यकर्ता चिंटू पासवान ,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कल्याणी कुशवाहा , चर्चित लोकगायक वसंत ठाकुर सहित अनेक पार्टी के लोगों एवं विद्यालयो के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बच्चों ने अपनी मनमोहक कलाओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। लाखों दीपों की रोशनी से जगमगाता नारायणी तट भारतीय संस्कृति, आस्था और एकता का अद्भुत संदेश दे रहा था। कार्यक्रम का संचालन सोनू सिंह आर्या द्वारा किया गया।

बिहार सरकार की मंत्री रमा निषाद ने किया गौरी नंदन मैटरनिटी एण्ड मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

अनुभवी चिकित्सक डॉ. प्रियंका सिन्हा ने ली सेवा का संकल्प

हाजीपुर/एनएसबी। वैशाली जनपद को मिला स्वास्थ्य सेवा एवं मानवता की सेवा की नई सौगात। उक्त बातें गौरी नंदन मेटरनिटी एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करती हुई बिहार सरकार, पिछड़ा कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद ने कहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यस्ततम समय में उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए चिकित्सक भगवान के रूप में होते है। आशा है डॉ. प्रियंका सिन्हा की चिकित्सा सेवा में हाजीपुर की मातृशक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। अनुभवी चिकित्सक डॉ. प्रियंका सिन्हा ने कहा कि उत्तम सेवा का संकल्प ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता डॉ. केके सिन्हा ने की, जबकि संचालन डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी ने किया। सर्वप्रथम प्रो. इन्दु कौशल, डॉ. कौशल कुमार सिन्हा, डॉ. प्रियंका सिन्हा, योगगुरु डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि बिहार सरकार की मंत्री रमा निषाद का स्वागत किया। अस्पताल प्रबंधक डॉ. केके सिन्हा, अजीत कुमार सिंह एवं जितेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इस अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग सहित अन्य मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं आधुनिक सुविधाओं के साथ उपलब्ध होंगी। अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं किफायती इलाज उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि हाजीपुर एवं आसपास के लोगों को बेहतर इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। उद्घाटन समारोह में राखी, रंजीत श्रीवास्तव, विजय कुमार पप्पू, मीनाक्षी



सिन्हा, विनीता सिंह, आशा, श्रुति, सुनैना प्रेम सिंह, अरुणा श्रीवास्तव, बबली सिंह, रश्मि कुमारी, अभिषेक प्रकाश, सुमी, धीरज, समा खान, मुकेश कुमार शर्मा, संजीव कुमार वर्मा, जिला मंत्री वीरेंद्र राय, कौशल किशोर विकल, रुबी वर्मा, राजीव, चिकित्सक जनप्रतिनिधि के अलावे बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह के अंत में अतुल आनंत एवं कुणाल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मध्य विद्यालय महुआ कन्या समेत अन्य विद्यालयों रंगोली और छठ की झांकियों से सजा दीपोत्सव

महुआ/एनएसबी। छठ और दिवाली जैसे पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन का सिलसिला लगातार जारी है इन कार्यक्रमों के दौरान छात्र छात्राओं के हौसले देखने लायक बनती है। इसी करी में महुआ नगर परिषद क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में भी आस्था का महापर्व छठ पर्व के पावन अवसर को देखते हुए विद्यालय की छात्राओं के द्वारा छठ पर्व की झांकी की प्रस्तुति की गई। छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किए गए छठ पर्व की झांकी का दृश्य बड़ा ही मनमोहक एवं मनोरम था।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार, शिक्षक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, शिक्षिका पिंकी कुमारी आदि के साथ-साथ अनेकों लोग उपस्थित थे। वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकसुदपुर ताज के प्रांगण में लोक आस्था के छठ पर्व के पूर्व संध्या पर छठ गीतों के साथ छठी मैया एवं सूर्य देव का पूजा अर्चना कर संपूर्ण भारत में सुख,समृद्धि, शांति की कामना की गई और भगवान भास्कर से छात्राओं द्वारा प्रार्थना किया गया कि भारत के छात्र पर लिखकर भारत के प्रथम कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बने। इस



कार्यक्रम में मौसम प्रिया,अंशु कुमारी,खुशबू कुमारी,कौशिकी कुमारी, अमृता कुमारी,शिवानी कुमारी, अनुप्रिया,शालिनी कुमारी आदि ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका अनिशा कुमारी, अयोध्या कुमारी द्वारा किया गया। इस मौके पर शिक्षक सुनील कुमार, विकास नारायण,ज्योति प्रसाद,संदीप कुमार,शाइस्ता परवीन, फरजाना अब्बास भी मौजूद थे।अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशफी दास द्वारा सभी बच्चों को दीपावली, चित्रगुप्त पूजा,भैयादूज ,छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाओं देते हुए ईश्वर से कामना किया कि आज के बच्चे कल के भविष्य है इसलिए पढ़े लिखे और आगे बढ़े ताकि भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में विश्व में अपना स्थान रख सके वहीं।प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय टरिया सुपौल में भी विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा छठ पर्व की झांकी की प्रस्तुति के साथ साथ भिन्न भिन्न प्रकार के रंगोली का भी निर्माण किया गया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सचिन कुमार,रवि प्रकाश,रुदल पासवान,विवेक कुमार, रघुनाथ प्रसाद,हरिशंकर राय, रवि रंजन, राधेश्याम आदि के साथ-साथ अनेकों लोग उपस्थित थे।













संक्षिप्त खबरें

दीपावली की रोशनी साथ जिंदगी में भी आये उजाला

मीरगंज (दैनिक नवसंदेश) प्रकाश पर्व दीपावली रविवार को मनाया जायेगा। शनिवार को यम का दीपदान हुआ। मीरगंज में दीपोत्सव के दौरान घर और प्रतिष्ठान को रोशनी से नहलाने की लोगों ने तैयारियां कर ली हैं गांव से शहर तक रविवार



की शाम दीपों की रोशनी से जगमगा उठेगा। रविवार को घरों में पारंपरिक रोशनी के लिए लोग दीये की खरीदारी में जहां जुटे थे, वहीं झालर, लड़ियां, बल्ब, तथा लेखा,बही,स्टिकर, की खरीदारी में लोग लगे हुए हैं। पर्व पर दीप जलाने को लेकर सबसे अधिक रुझान रुई की बत्तियों की खरीदारी पर है। अध्यात्म और परंपरा के बीच साल भर से छाये अंधेरे को दूर भगाने के इस प्रयास में सभी बेचैन हैं। सबकी एक ही कामना है, दीपावली के उजाले के साथ उनकी जिंदगी में भी उजाला आ जाये।

जानलेवा हमले के मामले में दो महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद, चाचा-भतीजे पर किया गया था हमला

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र में मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने तीनों को सलोनी गांव में छापेमारी कर पकड़ा।आवश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार, बीते पांच नवंबर को विनोद मटिहनिया गांव में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था।देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और कुछ लोगों ने जोगिंदर महतो तथा उनके भतीजे पर हमला कर दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटना के बाद जोगिंदर महतो के बयान पर विशंभरपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।इसी क्रम में पुलिस ने सलोनी गांव में छापेमारी कर बलिस्टर महतो समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों को न्यायालय भेज दिया।

हनुमत जयंती पर हनुमान मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

बेलबनवा, बलथरी और राजापुर के मंदिरों में हुए विशेष धार्मिक आयोजन, श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था और भक्ति के प्रतीक हनुमत जयंती के अवसर पर शनिवार को पूरे प्रखंड में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा।इस अवसर पर विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। भक्तों ने बजरंगबली के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की।बेलबनवा स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमत जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई।यहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।वहीं, बलथरी गांव स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। भक्ति गीतों और जय श्रीराम के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इसी क्रम में राजापुर स्थित हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।प्रखंड के



विभिन्न मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे दिन मंदिरों में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

जमीन विवाद में फायरिंग,पिता पुत्र समेत चार जख्मी

पटना सिटी. दीदारगंज थाना के हीरानंदपुर गांव में गोतिया से चल रहे जमीन विवाद में शनिवार की दोपहर उस समय हिंसक रूप ले लिया,जब गोलीबारी की घटना में पिता व तीन पुत्र अर्थात चार लोग जख्मी हुए है. जख्मी चारों में पिता 68 वर्षीय द्वारिका सिंह, उनका तीन पुत्र सुधीर कुमार,कौशल कुमार व भोला कुमार है.घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दीदारगंज थाना की पुलिस पहुंची और मामले में छानबीन आरंभ की. जख्मी भोला के अनुसार पिता और भाई को पैर में गोली लगी है. तब दो भाई को छर्रा लगा है.गोलीबारी की घटना में जख्मी पिता व तीनों पुत्र को परिवार व गांव के लोग पुलिस के साथ लेकर उपचार के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे. जहां पर चारों का उपचार हो रहा है. थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में जमीन को लेकर चल रहे विवाद में घटना हुई है. जख्मी के फर्द बयान के बाद ही मामला स्पष्ट होगा. मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है. गांव में घटना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है. थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन की जा रही है. जख्मी के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी. आरोपितों की गिरफ्तार के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है. परिजनों के अनुसार गोतिया से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है. इसी विवाद के बीच आरोपितों ने शनिवार को घर पर पहुंच कर फायरिंग की. जिससें पिता और तीनों भाई जख्मी हो गये है. जख्मी का आरोप है कि पहले से थाना में आवेदन दिया गया था. पुलिस सहयोग करती तो ऐसी घटना नहीं होती,

दीपावली और छठ को लेकर प्रशासन की तैयारी तेज

डीएम-एसपी ने शांति समिति के साथ की बैठक



(बैठक में मौजुद डीएम व एसपी)



(बैठक में मौजुद जनप्रतिनिधी व अन्य)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) दीपावली और लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी समीर सौरभ और पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के साथ पर्व के दौरान सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और आम लोगों की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिले के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराने को कहा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ अवैध पटाखों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने का निर्देश दिया। पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन कराने तथा बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा छठ घाटों पर पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम करने को कहा गया। छठ व्रतियों के आवागमन वाले रास्तों को चिह्नित कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जर्जर और संवेदनशील बिजली तारों की मरम्मत कराने का निर्देश विद्युत विभाग को दिया गया। वहीं, पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने पर्व के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी और नियमित गश्ती सुनिश्चित करने को कहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील छठ घाटों पर स्थानीय स्तर पर अनुभवी गोताखोरों और तैराकों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए गोपालगंज, थावे और हथुआ रेलवे स्टेशन के साथ बस स्टैंड पर रात्रिकालीन बस सेवा का 24 घंटे संचालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात डीएसपी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में डीएम और एसपी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने तथा आम लोगों से दीपावली और छठ महापर्व को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

शांति, सद्भाव एवं सुरक्षा के वातावरण में पर्व मनाने को डीएम ने की अपील

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला पदाधिकारी समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के साथ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने छठ घाटों की साफ सफाई, सौंदर्यीकरण संबंधी सभी तैयारियां समय से पूरी करने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा अवैध पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया। पटाखा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनुपालन, बाजारों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा तथा अग्निशमन व्यवस्था सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया। छठ पर्व के मद्देनजर सभी संबंधित को घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान संवेदनशील घाटों पर बैरिकेडिंग तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था करने को कहा गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत को छठ व्रतियों के पथ को चिन्हित कर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति एवं संवेदनशील तारों की आवश्यकतानुसार मरम्मती का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं प्रभावी गश्ती के निर्देश दिए। त्यौहार पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने रात्रि बस सेवा के गोपालगंज, थावे एवं हथुआ रेलवे स्टेशन , बस स्टैंड पर संचालन को 24ह्न7 सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही यातायात प्रबंधन हेतु पुलिस उपाधीक्षक यातायात को निर्देशित किया गया। उन्होंने संवेदनशील छठ घाटों पर स्थानीय स्तर पर अनुभवी गोताखोर/तैराक रखने का निर्देश दिया। दोनों अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आगामी पर्व को शांति, सद्भाव एवं सुरक्षा के वातावरण में संपन्न कराने की अपील की।

दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर प्रशासन सतर्क

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) दीपावली एवं महापर्व छठ के अवसर पर गोपालगंज जिले में विधि-व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की उपस्थिति में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज डॉ. प्रेरणा सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जिले के सभी थानाध्यक्ष जुड़े रहे। बैठक में पर्व-त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, रोशनी एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका पर कंट्रोल रूम को सूचित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उच्च तीव्रता के पटाखों पर निगरानी एवं नियंत्रण का निर्देश दिया। सभी संबंधित को लाइसेंस प्राप्त प्रतिष्ठान का सत्यापन कर शर्तों के शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने, नियमित गश्ती करने तथा शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया, ताकि जिले में दीपावली एवं छठ पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

पटाखा दुकानों के लाइसेंस और सुरक्षा मानकों की होगी जांच

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) दीपावली और छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी समीर सौरभ और पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की संयुक्त मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले के वरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और सभी थानाध्यक्ष भी शामिल हुए। बैठक में पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, रोशनी और बैरिकेडिंग की व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्ती करने और शांति समिति के सदस्यों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने को कहा गया। वहीं, दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लाइसेंस प्राप्त पटाखा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का सत्यापन करने तथा लाइसेंस की शर्तों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। खासकर उच्च तीव्रता वाले पटाखों की बिक्री और उपयोग पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका होने पर तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना देकर त्वरित कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय और पूरी सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा है, ताकि जिले में दीपावली और छठ पूजा शांति, सद्भाव और भाईचारे के माहौल में संपन्न हो सके।

छठ महापर्व की सांस्कृतिक झांकी से बच्चों ने दिया लोक आस्था और संस्कृति का संदेश

सेंट जॉन्स स्कूल में आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, निदेशक अमरेंद्र कुमार दुबे ने बताया छठ के महत्व और परंपराओं को



(छठ की झांकी प्रस्तुत करती छात्राएं)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) लोकआस्था, पवित्रता, तपस्या और सूर्योपासना के महापर्व छठ के अवसर पर स्थानीय प्रखंड के सेंट जॉन्स स्कूल सासामुसा एवं राजापुर बाजार में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान छात्र-छात्राओं ने छठ पूजा पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक पेश की।बच्चों ने छठ महापर्व की महत्ता को दर्शाते हुए सभी को पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अमरेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, लोक आस्था, सामाजिक एकता और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम है।यह पर्व हमें अनुशासन, स्वच्छता, आत्मसंयम, त्याग और समर्पण के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।छठ की विशेषता है कि इसमें जाति और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ पर्व मनाते हैं। इससे समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव की भावना मजबूत होती है।उन्होंने कहा कि नहाय-खाय, खरना, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और उदीयमान सूर्य की उपासना की परंपरा छठ को विशिष्ट बनाती है। डूबते और उगते दोनों सूर्य को समान श्रद्धा से अर्घ्य देना जीवन की हर अवस्था का सम्मान करने का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, अच्छे संस्कार और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान विकसित करना भी है।विद्यालय बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय परंपराओं से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने छठी मैया और भगवान सूर्य से सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।मौके पर शिक्षक अभिषेक पाण्डेय, रामाशीष प्रसाद, विजय सिंह, विनय दुबे, भेषनारायण तिवारी, जितेंद्र दुबे, संतोष पाण्डेय, रूपाली कुमारी, सुरभी राय, अनुष्का मिश्रा, साधना सिंह, गोल्डी ओझा सहित सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दीपावली की खरीदारी को बाजारों में उमड़ी भीड़, देर शाम तक गुलजार रहे बाजार

कपड़े, मिठाई, फल और पूजन सामग्री की दुकानों पर रही ग्राहकों की भारी भीड़, यातायात व्यवस्था संभालने में जुटी रही पुलिस



(तैनात पुलिस जवान)



(दुकानों की जांच करते पुलिस अधिकारी)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) दीपावली के त्योहार को लेकर शनिवार को कुचायकोट प्रखंड के बाजारों में रौनक चरम पर रही।सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी, जो देर शाम तक जारी रही।त्योहार की तैयारियों को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़ से पूरे दिन उत्सवी माहौल बना रहा।बाजारों में खरीदारी की बढ़ती चहल-पहल ने कारोबारियों के चेहरों पर भी रौनक ला दी।दीपावली को लेकर लोगों ने कपड़े, मिठाई, फल, फूल और पूजा सामग्री सहित घरों की सजावट के लिए जरूरी सामानों की जमकर खरीदारी की।कपड़ों की दुकानों से लेकर मिठाई और फल की दुकानों तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही।मिठाई की स्थायी दुकानों पर जहां खरीदारी के लिए लोगों की कतारें देखने को मिलीं, वहीं सड़क किनारे ठेले और अस्थायी दुकानें लगाकर मिठाई एवं फल बेचने वाले दुकानदारों के यहां भी खूब बिक्री हुई।घरों को सजाने और दीपावली पूजन की तैयारियों के लिए भी लोगों ने विभिन्न प्रकार के सामान खरीदे।प्रखंड के कुचायकोट, सासामुसा, जलालपुर, बघउच,बलुवन सागर और राजापुर बाजार, सेमरा, सहित अन्य प्रमुख बाजारों में देर शाम तक खरीदारों की आवाजाही बनी रही। बाजारों में बढ़ती भीड़ के कारण कई जगहों पर यातायात का दबाव भी देखने को मिला।इसे देखते हुए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही।कुचायकोट बाजार में थानाध्यक्ष दर्पण सुमन पुलिस बल के साथ स्वयं यातायात व्यवस्था संभालते और भीड़ को नियंत्रित करते नजर आए।वहीं, अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने बाजारों में लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।दीपावली के दौरान लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और बाजारों में शांति एवं सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए पुलिसकर्मी मुस्तैदी से डटे रहे।